RAJHIN/2016/70516 Bhilwara/171/2020-2021

सच्चाई से रूबरू smarthalchal.com

# स्मार्ट हलचल

खण्ड-6 अंक-82 जयपुर, मंगलवार, 12 अक्टूबर 2021 पृष्ठ-8 मूल्य-4 रूपये

## बाल विवाह रजिस्ट्रेशन बिल पर यूटर्न! : सीएम गहलोत ने विधेयक वापस लेने के संकेत दिए

### बोले- गवर्नर साहब से निवेदन करेंगे, सरकार को बिल वापस भेज दें

**जयपुर।** बाल विवाह के रजिस्ट्रेशन से जुड़े प्रावधान वाला विवादित बिल गहलोत सरकार वापस लेने की तैयारी में है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने बिल को वापस लेने के साफ संकेत दे दिए हैं। 17 सितंबर को ही विधानसभा में शादियों का अनिवार्य रजिस्ट्रीकरण संशोधन बिल को पारित किया गया था। इसमें बाल विवाह का भी रजिस्ट्रेशन करने का प्रावधान है। विवाद के बाद इस बिल को फिलहाल राज्यपाल ने फिलहाल रोक रखा है। अब सीएम गहलोत ने इस बिल को राजभवन से वापस मंगवाने की घोषणा की है।

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस पर हुए वर्चुअल समारोह में कहा- %राजस्थान में एक कंट्रोवर्सी पैदा हो गई कि बाल विवाह का रजिस्ट्रेशन करवा रहे हैं। विधानसभा में विवाह रजिस्ट्रेशन बिल पारित हुआ है। यह प्रतिष्ठा का सवाल नहीं है। हम विधि विभाग से इसे दिखवा रहे हैं। गवर्नर साहब से निवेदन है कि विवाह रजिस्ट्रेशन वाला बिल सरकार को वापस भेज दें। हम इसे दिखवा लेंगे। हमने पहले भी इस पर कानूनी राय ली है। आगे कानूनी राय अगर विपरीत आएगी, तो हम इसे आगे नहीं बढ़ाएंगे।%

गहलोत ने कहा- यह तो सुप्रीम कोर्ट का फैसला था कि हर शादी का रजिस्ट्रेशन करवाना जरूरी है। मुझे उम्मीद है कि जो कानूनी राय ली जा रही है और आगे भी लेंगे। राजस्थान में किसी कीमत पर बाल विवाह नहीं हो यह सुनिश्चित किया जाएगा, इसमें कोई कंप्रोमाइज नहीं किया जाएगा।

#### सुप्रीम कोर्ट में याचिका

बाल विवाह के रजिस्ट्रेशन से जुड़े



प्रावधान वाले बिल पर 17 सितंबर को विधानसभा में भी भारी हंगामा हुआ था। बीजेपी ने इस बिल के विरोध में सदन से वॉकआउट किया था। बीजेपी शुरू से ही इस बिल को वापस लेने की मांग कर रही है। इस बिल को लेकर राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) ने राजस्थान सरकार को पिछले दिनों चिट्ठी लिखी थी। आयोग ने विधेयक के प्रावधानों पर फिर से विचार करने और समीक्षा करने को कहा था। इसके खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में भी याचिका दायर की गई है। कई सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भी इसका विरोध किया है। विवाद के बाद राज्यपाल ने इस बिल को रोक लिया था। अब सीएम की घोषणा के बाद राज्यपाल जल्द इस बिल को सरकार को लौटा सकते हैं।

#### प्रावधान पर विवाद

विवाह के अनिवार्य रजिस्ट्रीकरण बिल में यह प्रावधान किया है कि बाल विवाह होने पर 30 दिन के भीतर लड़का-लड़की के माता-पिता को विवाह रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को रजिस्ट्रेशन के लिए सूचना देनी होगी। माता पिता के तय फॉर्मेट में सूचना देने पर उस विवाह का भी रजिस्ट्रेशन होगा। इसी प्रावधान पर विवाद है, जिसके कारण सरकार इस बिल को वापस मंगवाने जा रही है।

## मोदी ने की बोरिस जॉनसन से टेलीफोन पर बात



**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन से टेलीफोन पर बात की जिसमें उन्होंने द्विपक्षीय व्यापार एवं निवेश, जलवायु परिवर्तन और अफगानिस्तान की स्थिति पर विचार विमर्श किया।

दोनों नेताओं ने इस वर्ष के प्रारंभ में हुई वर्चुअल शिखर बैठक के बाद द्विपक्षीय संबंधों में प्रगति की समीक्षा की और उस बैठक में स्वीकृत रोडमैप 2030 के अंतर्गत उठाये गये कदमों पर संतोष व्यक्त किया। उन्होंने विस्तारित व्यापार साझीदारी (ईटीपी) में प्रगति की समीक्षा की और दोनों देशों के बीच व्यापार एवं निवेश के संपर्कों को बढ़ाने तथा उनका पूर्ण रूप से दोहन करने पर सहमति जतायी।

दोनों प्रधानमंत्रियों ने जलवायु परिवर्तन के मुद्दे खासकर ग्लास्गो में नवंबर में होने वाली यूएनएफसीसीसी कोप-26 बैठक के बारे में भी चर्चा की। श्री मोदी ने जलवायु परिवर्तन के संदर्भ में भारत के संकल्पों विशेष रूप से नवीकरणीय ऊर्जा एवं राष्ट्रीय हाइड्रोजन मिशन की घोषणा की।

दोनों नेताओं ने क्षेत्रीय घटनाओं खासकर अफगानिस्तान की स्थिति के बारे में विचार विमर्श किया। इस संदर्भ में उन्होंने इस बात पर सहमति जतायी कि कट्टरवाद और आतंकवाद तथा मानवाधिकार एवं महिलाओं एवं अल्पसंख्यकों के अधिकारों के मुद्दों पर एक समान अंतरराष्ट्रीय दृष्टिकोण विकसित किये जाने की आवश्यकता है।

### राजस्थान में अब रोटेशन में होगी बिजली कटौती

## बंद पड़ी यूनिट में शुरू हुआ प्रोडक्शन, कोयले की सप्लाई भी बढ़ी

### सप्लाई-डिमांड पर तय करेंगे कितनी कटौती होगी

**जयपुर।** प्रदेश में कोयले की कमी और पावर प्लांट्स के ठप पड़ने से पैदा हुए बिजली संकट से हल्की राहत के संकेत मिलने लगे हैं। कुछ यूनिट में प्रोडक्शन शुरू होने के साथ ही कोयले की सप्लाई भी बढ़ गई है। ऐसे में यह निर्णय लिया गया है कि प्रदेश में रोटेशन के आधार पर बिजली कटौती की जाएगी। यानी, एक इलाके में कटौती होगी तो दूसरे इलाके में बिजली सप्लाई। कहां कितनी कटौती होगी, यह वहां की सप्लाई और डिमांड पर तय किया जाएगा।

कोटा ताप बिजली घर की यूनिट 6 में 195 मेगावॉट बिजली का प्रोडक्शन शुरू हो गया है। 9 अक्टूबर से काली सिंध थर्मल बिजली घर की यूनिट 2 में 600 मेगावॉट बिजली बनना शुरू हो चुकी है। राजस्थान में 10 अक्टूबर को बिजली की उपलब्धता में कुछ सुधार हुआ है। इससे औसत मांग और अधिकतम मांग में कमी दर्ज हुई है। प्रदेश में 9353 मेगावॉट बिजली उपलब्ध हुई, जबकि 10,639 मेगावॉट की औसत मांग और 12 हजार मेगावॉट की अधिकतम मांग रही है।

#### इस तरह से होगा रोटेशन

प्रदेश में अब तक डिस्कॉम की ओर से सभी जिले, गांव और शहर में एक साथ बिजली कटौती होती थी, लेकिन अब ऐसा नहीं होगा। इसके लिए डिस्कॉम एक बार में एक ही जिले, गांव और शहर की बिजली काटेगा। किस शहर की कब बिजली कटौती होगी, यह वहां की सप्लाई और डिमांड पर तय होगा।

#### बढ़ने लगी कोयले की सप्लाई

कोल इंडिया से औसतन 5 रैक कोयले के राजस्थान आने लगे हैं। विद्युत उत्पादन निगम और अडानी के जॉइंट वेंचर पारसा ईस्ट और कांटा बेसन से अब कोयले की ज्यादा रैक डिस्पैच होने लगी है। जहां पहले 12 से 12.5 रैक ही राजस्थान को मिल पा रही थी, वो बढ़कर अब 14 से 15 रैक हो गई है। एसीएस सुबोध अग्रवाल के मुताबिक राजस्थान में कुछ राहत मिल सकती है। क्योंकि राज्य को छत्तीसगढ़ की बिलासपुर कोयला खदान से 7.5 रैक के बजाय 10 कोयला रैक मिलना शुरू हो गए हैं। सीआईएल से 1 एक्स्ट्रा रैक भी मिलने लगा है।

#### सीएम के निर्देश पर एमपी-छत्तीसगढ़ भेजे गए इंजीनियर

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के बिजली विभाग की रिव्यू बैठक में निर्देशों के बाद विभाग ने विद्युत निगम के 1 एग्जीक्यूटिव इंजीनियर को मध्यप्रदेश के सिंगरोली और 1 सुपरिटेंडेंट इंजीनियर और 1 एग्जीक्यूटिव इंजीनियर को छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में तैनात किया है। ये अधिकारी कोयले की रैक समय पर डिस्पैच कराने की कोशिशों में जुटे हैं।

सूत्रों के मुताबिक इससे पहले भी कई अधिकारी उत्पादन निगम ने कोयला खदान कंपनियों से बातचीत के लिए भेजे थे, लेकिन वो कोयले सप्लाई का सही मैनेजमेंट नहीं कर पाए। इस कारण राजस्थान को जरूरत के मुताबिक कोयला नहीं मिल पाया। अब निगरानी के लिए विशेष निर्देश देकर एसीएस ने जिम्मेदारी देकर इन 3 इंजीनियर्स को भेजा है।

#### एसीएस सुबोध अग्रवाल लगातार ले रहे रिव्यू बैठकें

एसीएस डॉ. सुबोध अग्रवाल रोजाना बिजली विभाग, उत्पादन निगम, ऊर्जा विकास निगम, डिस्कॉम और वितरण निगम कंपनियों के साथ रिव्यू बैठकें ले रहे हैं। सुबह और शाम दोनों टाइम के हालात का फीडबैक लिया जा रहा है। साथ ही केन्द्र सरकार, कोयला मंत्रालय और कोयला कंपनियों से कॉर्डिनेशन किया जा रहा है। सूचना जनसंपर्क विभाग को लोगों से बिजली बचत करने की अपील और इसका प्रचार-प्रसार करने के भी निर्देश सरकार ने दिए हैं।

#### दिल्ली, पंजाब, आंध्रप्रदेश के मुख्यमंत्रियों ने भी कोयले की कमी का मुद्दा उठाया

राजस्थान के ऊर्जा विभाग के एसीएस डॉ. सुबोध अग्रवाल ने बताया कि वे केन्द्र सरकार और कोयला कंपनियों से संपर्क और वहां के सीनियर अफसरों से कॉर्डिनेशन में जुटे हैं। दिल्ली, पंजाब और आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्रियों की ओर से पावर प्लांट्स में कोयले की कमी का मुद्दा उठाया है।

#### केंद्रीय ऊर्जा मंत्रालय ने कोयले की कमी के 4 कारण गिनाए

केंद्रीय ऊर्जा मंत्रालय ने कोयले के भंडार में कमी के 4 कारण गिनाए हैं। पहला- बिजली की मांग में अब तक की सबसे ज्यादा बढ़ोतरी। दूसरा- सितंबर 2021 के दौरान कोयला खदान इलाकों में भारी बारिश। तीसरा- इम्पोर्ट कोयले की रेट अब तक सबसे ज्यादा होना। चौथा- मानसून की शुरुआत से पहले जरूरत का एनालिसिस कर कोयला स्टॉक नहीं रखना।

## 'रीट' पेपर लीक का मास्टरमाइंड जयपुर पहुंचा:केदारनाथ से दर्शन कर लौट रहा था बत्तीलाल

### नीचे आते ही एसओजी ने दबोचा; पेपर देने वाले 3 युवक आगरा से पकड़े



जयपुर। 'रीट' पेपर लीक मामले का मास्टरमाइंड बत्तीलाल मीणा व शिवा को एसओजी (स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप) की टीम सोमवार दोपहर उत्तराखंड से जयपुर लेकर पहुंची। बत्तीलाल से पूछताछ के बाद एसओजी ने पेपर लीक प्रकरण से जुड़े तीन अन्य आरोपियों को आगरा से गिरफ्तार किया गया। जांच में सामने आया है कि इन तीनों ने ही बत्तीलाल को पेपर दिलाया था। एसओजी अब तक 19 लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है।

एडीजी अशोक राठौड़ ने बताया कि बत्तीलाल मीणा व शिवा चकेरी को एक दिन पहले उत्तराखंड में केदारनाथ से गिरफ्तार किया था। बत्तीलाल से पूछताछ के बाद पता लगा कि उसे पेपर पृथ्वीराज मीना, रवि पागड़ी व रवि जीनापुर ने दिया था। तीनों के आगरा में होने का पता लगा। तभी एक टीम को आगरा भेजा गया। एसओजी आगरा से तीनों को गिरफ्तार कर लाई। एसओजी की दोनों टीमें आरोपियों को सोमवार दोपहर लेकर पहुंची।

26 सितम्बर को 'रीट' हुआ था। गंगापुर सिटी में परीक्षा सेंटर पर डेढ़ घंटे पहले ही पेपर आउट हो गया था। एसओजी ने मामले की जांच शुरू की तो एक-एक कर कड़ी खुलती चली गई। पुलिस ने कॉन्स्टेबल, हेड कॉन्स्टेबल सहित गिरोह से जुड़े कई लोगों को गिरफ्तार किया था। जांच में पता लगा कि मास्टरमाइंड बत्तीलाल मीणा उर्फ विकास मीणा निवासी ऐचर, खंडार सवाईमाधोपुर है। पुलिस उसे 15 दिन से तलाश कर रही थी।

बत्तीलाल फरार होकर पहले रुक गया था। वहां से दिल्ली पहुंचा। फिर उत्तराखंड चला गया था। वह केदारनाथ पहुंचा तो एसओजी भी पहुंच गई। वह मंदिर के दर्शन कर लौट रहा था, तभी पकड़ा गया।

## 59 लाख से अधिक कोविड टीके लगे

**नयी दिल्ली।** देशव्यापी कोविड टीकाकरण अभियान के 269 वें दिन सोमवार को 59 लाख से अधिक कोविड टीके लगायें गयें। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने देर शाम यहां जारी आंकड़ों में बताया कि आज शाम सात बजे तक 59 लाख 62 हजार 469 टीके लगायें गये। इसके साथ ही कुल टीकाकरण 95 करोड़ 82 लाख 64 हजार 532 हो गया। मंत्रालय ने बताया कि टीकाकरण अभियान की प्रतिदिन उच्च स्तर पर निगरानी की जाती है और आवश्यकता के अनुसार कदम उठायें जाते हैं।

## जस्टिस एए कुरैशी आज शपथ लेंगे

जयपुर। राजस्थान हाईकोर्ट के नए चीफ जस्टिस अकील अहमद कुरैशी आज शपथ लेंगे। राजभवन में दोपहर 1 बजे राज्यपाल कलराज मिश्र जस्टिस कुरैशी को चीफ जस्टिस पद की शपथ दिलाएंगे। सोमवार रात वे जयपुर पहुंच गए हैं। राजस्थान हाईकोर्ट के इंद्रजीत महांति की जगह उनका तबादला हुआ है। सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम की सिफारिश के बाद केंद्रीय विधि मंत्रालय ने शनिवार को ही जस्टिस कुरैशी और महांति के तबादलों के आदेश जारी किए थे। जस्टिस कुरैशी 7 मार्च 2022 को रिटायर होने वाले हैं। उनका कार्यकाल करीब साढ़े पांच महीना का ही रहेगा।

## देश में रिकवरी दर बढ़कर 98 फीसदी

**नयी दिल्ली।** देश में कोरोना सं मण के दैनिक मामलों में कमी और इस बीमारी को मात देने वालों की संख्या में लगातार बढ़ोतरी के बीच रिकवरी दर बढ़कर 98 फीसदी हो गयी है

इस बीच देश में रविवार को 46 लाख 57 हजार 679 लोगों को कोरोना के टीके लगाये गये और अब तक कुल 95 करोड़ 19 लाख 84 हजार 373 लोगों का टीकाकरण किया जा चुका है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से सोमवार सुबह जारी आंकड़ों के अनुसार पिछले 24 घंटों में कोरोना के 18,132 नये मामलों की पुष्टि की गयी, जिससे सं मितों का आंकड़ा बढ़कर तीन करोड़ 39 लाख 71 हजार 607 हो गया है।

इसी दौरान 21,563 मरीजों के स्वस्थ होने के बाद कोरोनामुक्त होने वालों की तादाद बढ़कर तीन करोड़ 32 लाख 93 हजार 478 हो गयी है।

## फर्जी क्लेम लेने वाले 15 पुलिस-डॉक्टर और वकील गिरफ्तार



दौसा। दौसा के चार पुलिस थानों की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए फर्जी दुर्घटना व पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट तैयार कर लाखों का क्लेम लेने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया है। दौसा कोतवाली, सदर थाना, नांगल राजावतान व रामगढ़ पचवारा थाना पुलिस की ओर से की गई संयुक्त कार्रवाई में गिरोह में शामिल डॉक्टर, पुलिस के एएसआई व एडवोकेट समेत 15 सदस्यों को गिरफ्तार किया गया है। एक्सीडेंट की झूठी कहानी तैयार कर थाने में फर्जी रिपोर्ट दर्ज कराई जाती थी। इसके बाद गिरोह के सदस्य फर्जीवाड़ा करके क्लेम लेते थे। इसमें फर्जी तरीके से पुलिस कंट्रोल रूम की क्यूएसटी से लेकर डॉक्टर की पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट तैयार करने में एक डॉक्टर तथा एएसआई भी लिप्त पाया गया है। इनके द्वारा कई पुलिस थाना क्षेत्रों में एक्सीडेंट की फर्जी रिपोर्ट दर्ज कराने के मामले भी उजागर हुए हैं। यह जानकारी एसपी अनिल बेनीवाल ने दी।

24 सितम्बर 2016 को बैजवाड़ी निवासी बत्तीलाल मीणा ने रिपोर्ट दी थी कि उसके पिता रामकुमार मीणा व लक्ष्मीनारायण रेगर समेत कई अन्य लोग भरतहरी अलवर जा रहे थे। इस दौरान दौसा मिड वे के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से दोनों की मौत हो गई। एएसआई रमेश जाटव ने मामले की जांच करते हुए अज्ञात वाहन से एक्सीडेंट बताते हुए एफआर लगा दी थी। बाद में केस रिओपन होने पर मामले की जांच तत्कालीन डिप्टी एसपी राजेंद्र त्यागी ने की।

डिप्टी एसपी द्वारा की गई जांच में एएसआई रमेशचंद जाटव व जिला अस्पताल के तत्कालीन मेडिकल ज्यूरिस्ट डॉ. सतीश खंडेलवाल की मिलीभगत उजागर हुई। दोनों के खिलाफ कोतवाली थाने में प्रकरण दर्ज कराया गया। जांच में सामने आया कि राम कुमार मीणा की मौत कथित दुर्घटना से 3 माह पूर्व टीबी की बीमारी से तथा लक्ष्मीनारायण रेगर की मौत हार्ट अटैक से हुई है। दोनों प्रकरण में पुलिस के एएसआइ जिला अस्पताल के मेडिकल ज्यूरिष्ट व एडवोकेट चतुर्भुज मीणा द्वारा एक्सीडेंट की फर्जी रिपोर्ट के आधार पर क्लेम लेने का दोषी पाया गया। आरोपी इसी तरह से कई फर्जी एक्सीडेंट पर लाखों रुपए का क्लेम ले चुके थे। मामला सामने आने के बाद पुलिस की ओर से कार्रवाई की गई।

#### गिरोह में शामिल 15 आरोपी गिरफ्तार

पुलिस द्वारा गिरोह में शामिल एडवोकेट चतुर्भुज मीणा निवासी बागपुरा की ढाणी छारेड़ा, डॉ. सतीश खंडेलवाल निवासी आदर्श कॉलोनी दौसा, मनोहर मीणा निवासी खातीवाली ढाणी छारेड़ा, रमेशचंद जाटव निवासी महू इब्राहिमपुर करौली हाल निवासी डोरिया कॉलोनी सोमनाथ चौराहा, कल्याणसहाय मीणा निवासी सिंदोली, राजकमल सिसोदिया निवासी तख्तेशाही रोड़ कानोता बाग जयपुर, ब्रह्मानंद रेगर निवासी गणेशपुरा कॉलोनी जमवारामगढ़, गोकुल मीणा निवासी खोज्यावाला जयपुर, गैदी देवी निवासी बस्सी, रामप्रसाद रेगर निवासी मोहनपुरा बस्सी, गणपत लाल रेगर चाकसू, अभिमन्यु रेगर निवासी बस्सी, रामकिशन मीणा, लक्ष्मीनारायण मीणा व कल्याणसहाय मीणा निवासी नदीवाली ढाणी बैजवाडी को गिरफ्तार किया है।

### राजस्थान हाईकोर्ट को मिले 5 नए जज

## राष्ट्रपति का आदेश होने के बाद विधि और न्याय मंत्रालय ने जारी किया गजट नोटिफिकेशन

### 22 से बढ़कर 27 हो जाएगी मौजूदा जजों की संख्या

**जयपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट को 5 नए जज मिले हैं। फरजंद अली, सुरेश बंसल,अनूप कुमार ढंड़,विनोद कुमार भरवानी,मदन गोपाल व्यास राजस्थान हाईकोर्ट के जस्टिस नियुक्त किए गए हैं।सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम की सिफारिश और फिर राष्ट्रपति के आदेश होने के बाद भारत सरकार के विधि व न्याय मंत्रालय ने इसका गजट नोटिफिकेशन जारी कर दिया है।

#### 3 जज वकील कोटे से, 2 ज्यूडिशियल सर्विस से

राष्ट्रपति की तरफ से 5 नए जज बनाने का आदेश जारी होने के बाद अब राजस्थान हाईकोर्ट को ये नए जज मिल गए हैं। इनमें से 3 जज वकील कोटे से हैं,जबकि 2 जज न्यायिक सेवा कोटे से हैं। फरजंद अली जोधपुर से हैं। जारी आदेश के मुताबिक वकील कोटे से जोधपुर के फरजंद अली के अलावा सुदेश बंसल और अनूप कुमार ढंड़ हाईकोर्ट



जज बनाए गए हैं। न्यायिक सेवा से अधिकारी विनोद कुमार और मदन गोपाल व्यास का नाम शामिल किया गया है। विधि मंत्रालय की तरफ से कुछ दिन पहले फरजंद अली के नाम की स्पेलिंग मांगी गई थी। उसी से अंदाजा लगाया जाना शुरू हो गया था कि उनके नाम की घोषणा जल्द होने वाली है। फरजंद अली अतिरिक्त महाधिवक्ता के रूप में कार्यरत थे।

#### कॉलेजियम ने 5 और नए जज के नाम सरकार को भेज रखे हैं

इन जजों के अलावा सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने 5 और नए जजों के नाम राजस्थान हाईकोर्ट के लिए सरकार को भेज रखे हैं। कॉलेजियम ने पिछले सप्ताह राजस्थान हाईकोर्ट में 5 नए जज की नियुक्ति की सिफारिश केन्द्र सरकार से की है। इनमें 4 वकील और 1 न्यायिक सेवा अधिकारी हैं। 4 वकीलों में से कुलदीप माथुर और रेखा बोराणा जोधपुर से आते हैं,वहीं मनीष शर्मा और समीर जैन जयपुर से हैं। न्यायिक सेवा की अधिकारी शुभा मेहता का नाम भी इसमें शामिल है।

#### शपथ ग्रहण के बाद हाईकोर्ट में कुल 27 जज हो जाएंगे

राजस्थान हाईकोर्ट में जज के लिए कुल 50 पद स्वीकृत हैं। इनमें से 38 स्थाई और 12 अतिरिक्त जज के पद मंजूर हैं। मौजूदा समय में हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस समेत 22 पदों पर जज पोस्टेड हैं। ऐसे में इन 5 जजों की जॉइनिंग के बाद हाईकोर्ट में जजों की संख्या 27 हो जाएगी, बाकी के 23 पद खाली चल रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम की 3 दिन तक चली बैठक में देश के 6 हाईकोर्ट्स में 23 जजों की नियुक्ति की सिफारिश की गई है।

# सड़क हादसे में व करंट लगने से दो की मौत

स्मार्ट हलचल । जे पी शर्मा

**बनेड़ा।** भीलवाड़ा मार्ग पर तेज रफ्तार ट्रेक्टर की टक्कर से बुजुर्ग व्यक्ति तथा कल्याणपुरा गांव में खेत पर मोटर चलाते समय करंट की चपेट में आ जाने से एक व्यक्ति की मृत्यु हो गई थाना पुलिस ने दोनों मृतकों के शव को चिरघर में रखवाया जिंनका बाद में पोस्टमार्टम करवाने के बाद शव परिजनों के हवाले कर मामले की जांच शुरू की है।

दिवान मांगीलाल जाट ने बताया कि थाना सर्किल के कल्याणपुरा गांव निवासी नारायण पुत्र रामपाल गुर्जर (42) सोमवार को खेत पर फसल सिंचाई करने के लिए मोटर चलाने गया इस दौरान करंट लग जाने से गम्भीर रूप झुलस गया जिससे उपचार हेतु चिकित्सालय लाते समय रास्ते में दम तोड दिया मामले की सुचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर चिरघर में रखवाया जिसका बाद में पोस्टमार्टम करवाने के बाद शव परिजनों के हवाले किया सोमवार दोपहर बाद भीलवाड़ा मार्ग पर स्थित मानपुरा निवासी सुवालाल पुत्र नाथु रेबारी (58) खेत से मवेशी लेकर घर की और जा रहा था इस दौरान मोड पर सामने की ओर से आ रहे तेज रफ्तार ट्रेक्टर के चालक ने लापरवाही पुर्वक वाहन चलाकर अधैड को टक्कर मार दी हादसे में घायल अधैड को उपचार हेतु चिकित्सालय लेकर के पहुंचे जहां पर चिकित्सक ने अधेड़ को मृत घोषित कर दिया हादसे की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर के चिरघर में रखवाया जिसका बाद में पोस्टमार्टम करवाने के बाद शव परिजनों के हवाले कर दुर्घटना का मामला दर्ज कर के जांच शुरू की है।

# अपनी ही सरकार के खिलाफ कलेक्ट्रेट पर दिए जा रहे धरने से एन वक्त पहले पुलिस ने टेंट-तंबू उखड़वा दिए

स्मार्ट हलचल । धर्मेन्द्र कोठारी



**भीलवाड़ा।** मांडल के विधायक प्रत्याशी रहे प्रद्युम्न सिंह द्वारा सोमवार को पुर व मंगरोप थानाप्रभारी को हटाने की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन भूख हड़ताल किया जाना प्रस्तावित था। प्रद्युम्न सिंह कांग्रेस के दिग्गज नेता एवं पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष स्व. देवेंद्र सिंह के पोते हैं। जानकारी के अनुसार मांडल विधायक प्रत्याशी प्रद्युम्न सिंह ने आरोप लगाया कि पिछले माह पुर थाना क्षेत्र में अंबालाल व पप्पू सरपंच के बीच झगड़े को लेकर पुर पुलिस दिनेश रेबारी से पूछताछ के लिए उसके घर पहुंची थी और दिनेश रेबारी से अंबालाल के बारे में जानकारी चाही । जब अंबालाल ने जानकारी नहीं होने की बात कही तो पुलिस ने दिनेश को पीटा। बीच बचाव करने आई दिनेश की पत्नी से भी मारपीट कर उसका गर्भ गिरा दिया। दिनेश को आठ दिन तक थाने में रखा। इस संबंध में कार्यवाही को लेकर जिला पुलिस अधीक्षक विकास शर्मा को भी ज्ञापन दिया गया। कोर्ट से दोनों थाना प्रभारियों के खिलाफइस्तगासा भी दर्ज कराया गया था । कार्यवाही नहीं होने को लेकर सोमवार सुबह कलेक्ट्रेट के बाहर धरना प्रस्तावित था लेकिन सोमवार सुबह जैसे ही कलेक्ट्रेट के बाहर टेंट - तम्बू लगना शुरू हुए शहर कोतवाल दुर्गाप्रसाद दाधीच मय जाब्ते मौके पर पहुंच गए। उन्होंने धरना-प्रदर्शन के लिए टेंट लगाने की प्रशासनिक स्वीकृति मांगी । मौके पर मौजूद कार्यकर्ताओं ने स्वीकृति होने से इंकार कर दिया पर पुलिस ने टेंट ङ्क तंबू हटवा दिए। बिना स्वीकृति टेंट लगाने वाले व्यवसायी को दुबारा ऐसा नहीं करने के लिए पाबंद कर दिया । बाद में टेंट व्यवसायी टेंट को टेपों में लोड कर वहां से रवाना हो गया।

## जुलूस निकाला, चेतावनी, दो दिन में थानेदार नहीं हटाए तो आमरण अनशन

उधर दोपहर बाद बड़लियास हाउस से धरना स्थल के लिए प्रद्युम्न सिंह के नेतृत्व में जुलूस रवाना हुआ। जुलुस के रवाना होने से पूर्व मीडिया ने जब विधायक प्रत्याशी प्रद्युम्न सिंह से बात की तो उनका कहना था की पुर व मंगरोप थाना प्रभारी ने किसी नेता के कहने पर पीड़ित परिवार के प्रति दुर्भावना रखी । पुलिस द्वारा मारपीट के कारण इस परिवार के सदस्य दिनेश की पत्नी के गर्भ से बच्चा गिर गया। परिजनों को घर छोड़कर जाना पड़ा। पुलिस द्वारा इस तरह से पूरे परिवार का घर छुड़ा देना गलत है । नेताजी ने अपने चहेतों को हाइवे के थाने पर लगा रखा है जो गलत है। राज आएंगे और जाएंगे लेकिन कानून को अपना काम करना चाहिए । आज धरने में जो लोग आए है वह दिल से आए है। मैंने एक भी गाड़ी नहीं लगाई है। प्रशासन के पास दो दिन का समय है। अगर दोनों थानेदारों को नहीं हटाया तो उनके द्वारा आमरण अनशन किया जाएगा।

# हकाई के लिए जा रहा ट्रैक्टर पलटा, ड्राइवर की हुई मौत



स्मार्ट हलचल । आज़ाद नेब

**जहाजपुर।** थाना क्षेत्र के छाबड़िया चौराहे के पास खेत पर हकाई करने जा रहा ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया जिसमें ट्रैक्टर ड्राइवर की मौत हो गई।

सब इंस्पेक्टर सरवर खान ने बताया कि छाबड़िया चौराहे के पास खेत पर हकाई करने जा रहा ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया जिसमें ट्रैक्टर चालक पहलाद पिता छोटू लाल कुम्हार निवासी रावत खेड़ा गंभीर घायल हो गया वही लोगों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और गंभीर घायल युवक को जहाजपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया जहां गंभीर होने पर प्रह्लाद को भीलवाड़ा के लिए रेफर कर दिया गया वही भीलवाड़ा ले जाते समय बीच रास्ते में ही युवक ने दम तोड़ दिया। मृतक का पोस्टमार्टम करा शव परिजनों को सुपुर्द किया वही मामला दर्ज कर जांच शुरू की।

# प्रशासन शहरों के संग अभियान में हुआ जनता की समस्याओं का निराकरण



स्मार्ट हलचल । सांवर मल शर्मा

आसींद 11 अक्टूबर कस्बे में प्रशासन शहरों के संग अभियान के अंतर्गत सोमवार को नगर पालिका कार्यालय परिसर में वार्ड नंबर 3 के अभियान के तहत नगर पालिका चेयरमैन देवीलाल साहू अधिशासी अधिकारी पिंटू लाल जाट की उप-स्थति में आयोजित हुआ कृषि भूमि नियमन भवन निर्माण नामांतरण राशन कार्ड पेंशन जन आधार कार्ड जन स्वास्थ्य स्वच्छ भारत मिशन सहित समस्याओं का निराकरण किया गया वहीं वार्ड नंबर 3 दूल्हे सागर की पाल पर गाडोलिया लोहार परिवारों ने अभियान में परिवारों के पट्टे नहीं होने की समस्याओं को लेकर पालिका प्रशासन को अवगत कराया इस पर प्रशासन ने शीघ्र ही इस संबंध में कार्यवाही कर पट्टे जारी करने का आश्वासन दिया इस मौके पर पार्षद गण मौजूद थे।

# आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर मुख्यमंत्री के नाम उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपा

स्मार्ट हलचल । सांवर मल शर्मा



**आसींद भीलवाड़ा।** समस्त हिंदू समाज अंतर्राष्ट्रीय तीर्थ स्थल सवाई भोज मंदिर परिसर में सोमवार प्रातः एकत्रित होकर बैठक आयोजित हुई जिसमें विगत 8 अक्टूबर शु' वार रात्रि को कार स्कूटी की टक्कर से उपजे विवाद मैं आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर मुख्यमंत्री के नाम उपखंड अधिकारी संदीप कुमार काकड़ को ज्ञापन सौंपा गया ज्ञापन मैं बताया कि 8 अक्टूबर शुक्रवार रात्रि डालचंद पुत्र उगमा गुर्जर निवासी हडमादा के साथ आसींद बस स्टैंड पर मामूली विवाद को लेकर एक समुदाय विशेष के 50 लोगों द्वारा जानलेवा हमला कर दिया गया जिससे डाल चंद अभी गंभीर अवस्था में उपचारत है पीड़ित के भाई द्वारा 9 अक्टूबर आसींद थाने में दोषियों के खिलाफनामजद रिपोर्ट दर्ज कराई गई जिसकी एफआईआर संख्या 0 239 है जिसमें धारा 143 341 323 307 369 दर्ज की गई आसींद थाना द्वारा 12 नामजद अपराधियों में अभी एक मुस्लिम अपराधी की गिरफ्तारी हुई हैं प्रकरण में राजनीतिक दबाव के कारण ढिलाई बरती जा रही है आपसे निवेदन है कि अपराधियों को 13 अक्टूबर तक पूर्ण रूप से गिरफ्तार करें अन्यथा संपूर्ण हिंदू समाज द्वारा उग्र आंदोलन किया जाएगा जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी प्रशासन की होगी आसींद में समाज विशेष के लोगों द्वारा पिछले कुछ समय से आए दिन लूटपाट जिस्म फिरोसी ड्रग्स स्नेक जैसे अपराधिक गतिविधियों को अत्यधिक बढ़ावा दिया जा रहा है।

इन कृत्यों में लिप्त लोगों को राजनीतिक व्यक्तियों द्वारा मिलीभगत से उनको संरक्षण दिया जा रहा है जिनके कारण उन पर कोई कानूनी कार्रवाई नहीं हो रही है जिससे समस्त हिंदू समाज में रोष व्याप्त है अगर समय अनुसार इन पर कार्रवाई नहीं की तो आने वाली युवा पीढ़ी आपराधिक गतिविधियों की और बढ़ेगी वह कस्बे में अशांति का माहौल पैदा होगा इस मौके पर अतिरिक्त एएसपी गोर्वधन लाल खटीक पुलिस उप अधीक्षक रोहित कुमार मीणा सीआई मनोज कुमार जाट नेता सवाई भोज देवनारायण मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष लक्ष्मी लाल गुर्जर तेजमल राका गुलाबपुरा के पूर्व चेयरमैन धनराज गुर्जर सत्यनारायण साहू ओम माली प्रतिपक्ष मनसुख गुर्जर देव सेना जिला अध्यक्ष लादू लाल गुर्जर सहित संपूर्ण देव सेना जिलाध्यक्ष लादू लाल गुजर सहित संपूर्ण हिंदू समाज के लोग मौजूद थे।

# गरबा महोत्सव में कोरोना योद्धाओ का सम्मान



स्मार्ट हलचल । वशिष्ठ शर्मा

**भीलवाडा।** प्रगतिशील सेवार्थ संस्थान द्वारा हरि ओम नगर गरबा महोत्सव के दौरान कोरोना योद्धा सम्मान का कार्यक्रम आयोजित किया ज संस्थान के समन्वयक ओम मिश्रा ने बताया कि इस दौरान कोरोना योद्धाओं को सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया जिसमे संस्थान अध्यक्ष नेहा दाधीच ने सभी को सम्मानित किया जिसमे रक्तवीर विक्रम दाधीच, पत्रकार राजीव दाधीच, सुनील जोशी, फॉरेस्टर लादू लाल शर्मा, राज. पुलिस जशपाल सिंह, डॉ. जितेंद्र सिंह, पार्षद अशोक खंडेलवाल,अभिषेक केडिया, का सम्मान किया गया इसके बाद गरबा महोत्सव में भाग लेने वाले बच्चो को उपहार देकर सम्मानित किया। जिसमे वार्ड पार्षद अशोक खंडेलवाल, नरेंद्र पाराशर, कन्हैया लाल दाधीच, विक्रम सिंह, नवनीत सिंह, ओम प्रकाश अजमेरा, चंद्र प्रकाश, रिषभ सोनी, तरुण टांक, डॉ नेमी चंद कुमावत, प्रहलाद शर्मा, शंकर वैष्णव महिला मंडल रेखा, सुनीता, हेमलता, नेहा, चित्रा, मोनिका, कला, अंजलि, आराध्या, लक्षिता, प्रीति, चीकू, आदि उप-स्थत रहे, अंत में ओम दाधीच ने आए हुए सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

# दुकान की जाली तोड़कर घुसे चोर नकदी सहित, राशन के सामान ले उड़े



स्मार्ट हलचल । सांवरिया साल्वी

**शक्करगढ़।** थाना क्षेत्र के बाकरा गाव में रविवार रात अज्ञात चोरों ने सत्यनारायण नुवाल की बस स्टैंड स्थित ई मित्र व किराना दुकान की झाली तोड़कर नकदी सहित खाद्य सामग्री चुराकर ले गए सुबह जब दुकान दार बस स्टैंड पहुंचा व दुकान खोलकर देखी तो सामान बिखरा हुआ पड़ा मिला व गल्ले व अलमारी की लोक टूटी हुई मिली सूचना पर शक्करगढ़ पुलिस मौके पर पहुंची व मौका मुआयना किया थाना प्रभारी छोटूलाल ने बताया कि बाकरा निवासी सत्यनारायण नुवाल ने रिपोर्ट दी जिसमे बताया कि मेरे बस स्टैंड में दुकान है जिसमे ईमित्र , बैंक ऑफ बड़ौदा की बीसी , संचालित करता हु व साथ ही किराना का सामान भी बेचता हु रविवार सुबह जब 6 बजे मेने दुकान खोली तो सामान बिखरा हुआ पड़ा लोहे की अलमारी ,व गल्ले का लोक टूटा मिला चोरों ने दुकान की छत से नीचे उतरकर झाली तोड़कर दुकान में घुसे , नकदी 12 हजार रुपये सहित सिर्फ ,के कट्टे , तेल , चावल , पारलेजी बिस्किट के डब्बे , साबुन का कार्टून सहित अन्य सामान भी चुरा कर ले गए वही पुलिस ने चोरी का मामला दर्ज कर लिया अनुसंधान जारी है।

# गंगा पार कर राम ने किया चित्रकूट पर निवास तो उधर दशरथ ने त्यागे प्राण

स्मार्ट हलचल । भागचंद टेलर



**पंडेर।** उपतहसील पंडेर कस्बें में शारदीय नवरात्रि में रविवार रात्रि को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय प्रांगण में श्री बजरंग रामलीला कला मंडल द्वारा रामलीला का डिजिटल मंचन किया गया। अध्यक्ष दिनेश लक्षकार ने बताया कि रविवार रात्रि 8:15 बजे अतिथि दुर्गालाल भाट (दीवान), बाबूलाल भाट (अध्यापक) द्वारा रामायणजी की महाआरती की गई। पंचम दिवस के मंचन में गंगा पार करने के लिए केवट से विनती, केवट उद्धार, सुमंत का करुण विलाप, श्रवण विलाप व मरण, श्रवण के अंधे माता पिता का करुण विलाप के साथ दशरथ को श्राप व मरण, दशरथ मरण, केकई भरत मंथरा संवाद, वशिष्ठ की आज्ञा लेकर राम की मनाने के लिए भरत रवाना, चित्रकूट में राम भरत मिलाप, भरत द्वारा राज सिंहासन पर राम की चरण पादुकाओं का राजतिलक करना, भरत का नंदीगाव में पर्णकुटी बनाकर साधु वेश में राम भजन करना आदि मार्मिक दृश्यों का डिजिटल मंचन किया गया। कोषाध्यक्ष बाबू पाराशर ने बताया कि रामलीला के सभी सदस्यों ने कोरोना गाइडलाइन की पालना करते हुए जीवंत अभिनय का मंचन किया गया। सचिव सुशील जैन द्वारा मंच का संचालन किया गया। उपाध्यक्ष वि' म सोनी द्वारा रामलीला कमेटी व दर्शकों के लिए ठंडे पानी की निशुल्क व्यवस्था की गई। रामलीला में बाहर से आए हुए ऑर्गन, पैड, ढोलक, हारमोनियम, डांसर आदि कलाकारों द्वारा व्यास पीठ व मंचन में प्रस्तुति दी गई। रामलीला में लक्षकार डीजे साउंड - लाइटिंग व बजरंग टेंट हाउस - फ्लावर्स द्वारा मंच की सजावट की गई।

# स्वास्थ्य बीमा योजना को नगर परिषद कार्मिको पर लागू करने की मांग

स्मार्ट हलचल । राहुल गर्ग

**भीलवाड़ा।** राजस्थान सरकार स्वास्थ्य बीमा योजना को नगर परिषद कर्मचारियों पर लागू करने के संबंध में स्वायत शासन विभाग राजस्थान द्वारा दिनांक 21 सितंबर 2021 को जारी आदेश के ' म में उक्त योजना सभी सेवानिवृत्त कर्मचारियों एवं वर्तमान कर्मचारियों पर लागू करने के संबंध में नगर परिषद सभापति श्री राकेश पाठक को ज्ञापन दिया गया फेडरेशन के प्रदेश संगठन मंत्री श्री हरनारायण माली ने बताया कि राजस्थान नगरपालिका कर्मचारी फेडरेशन के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष श्री राजेंद्र सारस्वत उपाध्यक्ष नंदकिशोर पारीक संयुक्त मंत्री श्री महेश शर्मा कोषाध्यक्ष श्री गोविंद वर्मा, संगठन मंत्री श्री हरनारायण माली और स्थानीय संगठन के अध्यक्ष श्री शिव कुमार गारू ने सभापति नगर परिषद भीलवाड़ा को ज्ञापन देकर इसे शीघ्र लागू करने के संबंध में आवश्यक कदम उठाने की मांग की, सभापति श्री राकेश पाठक ने पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजेंद्र सारस्वत की अगुवाई मैं ज्ञापन देने हेतु आए सभी पूर्व एवं वर्तमान कर्मचारियों को आश्वस्त किया कि परिषद स्तर पर किसी भी प्रकार की कठिनाई नहीं आएगी और जो भी समस्या है उसे शीघ्र दूर किया जाएगा।

smarthalchal.com

For AD
9414222450

# पंडेर थाना परिसर में सीएलजी सदस्यों की शांति बैठक आयोजित



स्मार्ट हलचल । मुकेश कुमार बैरवा

**पंडेर।** उपतहसील पंडेर कस्बें के पुलिस थाना परिसर में सोमवार को थानाधिकारी स्वागत पांडया की अध्यक्षता में सीएलजी सदस्यों की शांति बैठक आयोजित हुई। बैठक में पुलिस और सीएलजी सदस्यों ने आगामी त्यौहारों में शांति व्यव-स्था के आयोजन को लेकर आपस में विचार कर गहन चर्चा की गई। बैठक में थानाधिकारी पांड्या ने कस्बें में आगामी त्यौहार बारवफात, दशहरा, दीपावली आदि त्योहारों को कोरोना गाइडलाइन के अनुसार शांतिपूर्वक मनाने व ज्यादा भारी संख्या में भीड़ नहीं करने व डीजे जुलूस नहीं निकालने की अपील की गई। वहीं सीएलजी सदस्यों ने कस्बें में असामाजिक तत्वों, नशे का व्यापार करने वालों के खिलाफ कार्यवाही करने, चोरों पर लगाम लगाने के लिए पुलिस गश्त बढ़ाने के लिए जोर दिया। इस पर थानाधिकारी पांडया ने आश्वस्त किया कि ठोस जानकारी सबूत मिलने पर उचित कार्यवाही की जाएगी। वहीं चोरी की घटना रोकने के लिए हर मोहल्ले में ग्रामीणों द्वारा भी गश्त और बाहरी अनजान व्यक्ति को टोकने के लिए सुझाव दिया। इस दौरान ओबीसी ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश जाट, रामदयाल जाट, अशोक जाट, नवीन डाणी, दिनेश सोनी, छन्नू मोहम्मद, जमाल मोहम्मद, मोहम्मद अली, सलीम मोहम्मद, मिश्रीनाथ, अनिल जैन आदि सदस्य सीएलजी बैठक में मौजूद रहें।

# ऑनलाइन प्रशिक्षण केंद्र पर 20 संभागीय के अध्यापकों ने लिया भाग

स्मार्ट हलचल । भेरू लाल गुर्जर



**बेरा।** बनेड़ उपखंड क्षेत्र के रुपाहेली खुर्द विद्यालय में पर्यावरण अध्यायन आदि विषयों के ऑनलाइन प्रशिक्षण में 20 संभागीय ने लिया भाग राजस्थान राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण उदयपुर के तत्वाधान में ह्लह्व प्रशिक्षण दिनांक 11/10/21 से 12/10/21 तक का आयोजन राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय रूपाहेली खुर्द में आयोजित किया जा रहा है यह प्रशिक्षण ऑनलाइन द्वारा शिक्षक प्रशिक्षण मॉड्यूल के अनुसार दीयाजा रहा है प्रशिक्षण प्रभारी नाथू लाल मेघवंशी'क्क्ष्ठ•ह कार्यालय बनेड़ा उपस्थित थे इस मौके पर क्कद्गश लक्ष्मण कुमार सोनी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय रूपाहेली खुर्द ने ऑनलाइन प्रशिक्षण के बारे में बताया इस प्रशिक्षण में कक्षा 3,5,8,10, विषय वार हिंदी, गणित, विज्ञान, सामाजिक विज्ञान, अंग्रेजी, पर्यावरण अध्ययन आदि विषयों का ऑनलाइन प्रशिक्षण दिया जाएगा इस प्रशिक्षण में 20 संभागीय ने भाग लिया लांबिया कला , लांबिया खुर्द, रूपाहेली खुर्द,श्चद्गद्गश क्षेत्र के अध्यापकों ने भाग लिया प्रशिक्षण प्रभारी श्री नाथू लाल मेघवंशी आरपी बनेड़ा नेह्लह्व के उद्देश्य के बारे में बताया शिक्षार्थियों को सीखने के प्रतिफ्लो को बेहतर करने हेतु नीति निर्माण योजना निर्माण और सीखने सिखाने की प्रि' याओं को डिजाइन करने में इस्तेमाल किया जा सकेगा अंत में सभी संभागी अधिक से अधिक ऑनलाइन प्रशिक्षण रुचि से ले वह अपने विद्यालय में इसके माध्यम से कक्षा औ विषय वार अध्ययन करावे अंत में सभी को धन्यवाद दिया राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण उदयपुर के तत्वाधान में ह्लह्व प्रशिक्षण दिनांक 11/10/21से12/10/21 तक का आयोजन राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय रूपाहेली खुर्द में आयोजित किया जा रहा है यह प्रशिक्षण ऑनलाइन द्वारा शिक्षक प्रशिक्षण मॉड्यूल के अनुसार दीयाजा रहा है प्रशिक्षण प्रभारी नाथू लाल मेघवंशी'क्क्ष्ठ•ह कार्यालय बनेड़ा उपस्थित थे इस मौके पर क्कद्गश लक्ष्मण कुमार सोनी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय रूपाहेली खुर्द ने ऑनलाइन प्रशिक्षण के बारे में बताया इस प्रशिक्षण में कक्षा 3,5,8,10, विषय वार हिंदी, गणित, विज्ञान, सामाजिक विज्ञान, अंग्रेजी, पर्यावरण अध्ययन आदि विषयों का ऑनलाइन प्रशिक्षण दिया जाएगा इस प्रशिक्षण में 20 संभागीय ने भाग लिया लांबिया कला , लांबिया खुर्द, रूपाहेली खुर्द,श्चद्गद्गश क्षेत्र के अध्यापकों ने भाग लिया प्रशिक्षण प्रभारी श्री नाथू लाल मेघवंशी आरपी बनेड़ा नेह्लह्व के उद्देश्य के बारे में बताया शिक्षार्थियों को सीखने के प्रतिफ्लो को बेहतर करने हेतु नीति निर्माण योजना निर्माण और सीखने सिखाने की प्रि' याओं को डिजाइन करने में इस्तेमाल किया जा सकेगा अंत में सभी संभागी अधिक से अधिक ऑनलाइन प्रशिक्षण रुचि से ले वह अपने विद्यालय में इसके माध्यम से कक्षाओं विषय वार अध्ययन करावे अंत में सभी को धन्यवाद दिया राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण उदयपुर के तत्वाधान में ह्लह्व प्रशिक्षण दिनांक। बेरा राजस्थान राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण उदयपुर के तत्वाधान में ह्लह्व प्रशिक्षण दिनांक 11/10/21से12/10/21 तक का आयोजन राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय रूपाहेली खुर्द में आयोजित किया जा रहा है यह प्रशिक्षण ऑनलाइन द्वारा शिक्षक प्रशिक्षण मॉड्यूल के अनुसार दीयाजा रहा है प्रशिक्षण प्रभारी नाथू लाल मेघवंशी'क्क्ष्ठ•ह कार्यालय बनेड़ा उपस्थित थे इस मौके पर क्कद्गश लक्ष्मण कुमार सोनी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय रूपाहेली खुर्द ने ऑनलाइन प्रशिक्षण के बारे में बताया इस प्रशिक्षण में कक्षा 3,5,8,10, विषय वार हिंदी, गणित, विज्ञान, सामाजिक विज्ञान, अंग्रेजी, पर्यावरण अध्ययन आदि विषयों का ऑनलाइन प्रशिक्षण दिया जाएगा इस प्रशिक्षण में 20 संभागीय ने भाग लिया लांबिया कला , लांबिया खुर्द, रूपाहेली खुर्द,श्चद्गद्गश क्षेत्र के अध्यापकों ने भाग लिया प्रशिक्षण प्रभारी श्री नाथू लाल मेघवंशी आरपी बनेड़ा नेह्लह्व के उद्देश्य के बारे में बताया शिक्षार्थियों को सीखने के प्रतिफ्लो को बेहतर करने हेतु नीति निर्माण योजना निर्माण और सीखने सिखाने की प्रि' याओं को डिजाइन करने में इस्तेमाल किया जा सकेगा अंत में सभी संभागी अधिक से अधिक ऑनलाइन प्रशिक्षण रुचि से ले वह अपने विद्यालय में इसके माध्यम से कक्षा औ विषय वार अध्ययन करावे अंत में सभी को धन्यवाद दिया 11/10/21से12/10/21 तक का आयोजन राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय रूपाहेली खुर्द में आयोजित किया जा रहा है यह प्रशिक्षण ऑनलाइन द्वारा शिक्षक प्रशिक्षण मॉड्यूल के अनुसार दीयाजा रहा है प्रशिक्षण प्रभारी नाथू लाल मेघवंशी'क्क्ष्ठ•ह कार्यालय बनेड़ा उपस्थित थे इस मौके पर क्कद्गश लक्ष्मण कुमार सोनी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय रूपाहेली खुर्द ने ऑनलाइन प्रशिक्षण के बारे में बताया इस प्रशिक्षण में कक्षा 3,5,8,10, विषय वार हिंदी, गणित, विज्ञान, सामाजिक विज्ञान, अंग्रेजी, पर्यावरण अध्ययन आदि विषयों का ऑनलाइन प्रशिक्षण दिया जाएगा इस प्रशिक्षण में 20 संभागीय ने भाग लिया लांबिया कला, लांबिया खुर्द, रूपाहेली खुर्द,श्चद्गद्गश क्षेत्र के अध्यापकों ने भाग लिया प्रशिक्षण प्रभारी श्री नाथू लाल मेघवंशी आरपी बनेड़ा नेह्लह्व के उद्देश्य के बारे में बताया शिक्षार्थियों को सीखने के प्रतिफ्लो को बेहतर करने हेतु नीति निर्माण योजना निर्माण और सीखने सिखाने की प्रक्रियाओं को डिजाइन करने में इस्तेमाल किया जा सकेगा अंत में सभी संभागी अधिक से अधिक ऑनलाइन प्रशिक्षण रुचि से ले वह अपने विद्यालय में इसके माध्यम से कक्षा औ विषय वार अध्ययन करावे

# स्मार्ट गर्ल्स कार्यशाला का हुआ समापन



स्मार्ट हलचल । धर्मेन्द्र कोठारी

**भीलवाड़ा।** भारतीय जैन संगठन भीलवाड़ा चैप्टर द्वारा डॉ. भीमराव अंबेडकर राजकीय बालिका आवासीय विद्यालय आटून में आयोजित दो दिवसीय स्मार्ट गर्ल कार्यशाला का भव्य समापन हुआ। महिला विंग अध्यक्षा श्रीमती पुष्पा गोखरू व कार्यकारी अध्यक्ष श्रीमती शकुंतला बोहरा ने बताया कि कार्यशाला समापन के दौरान बेटियों ने ट्रेनिंग कार्यक्रम में जो भी सीखा उसके संस्मरण अतिथियों को बताएं। कार्यशाला में आत्मरक्षा के गुर भी सिखाए गए। ट्रेनर महामंत्री श्रीमती मधु लोढ़ा, धीरेंद्र मेहता, वीरेंद्र महात्मा, रानू सुराणा , प्रिया कटारिया का अभिनंदन किया गया। कार्यशाला के मुख्य सूत्रधार व प्रेरणा स्त्रोत सुरेंद्र डांगी, प्रकाश छाबड़ा ,एनके जैन, बलवंत रांका, अनिल कोठारी को बीजेएस द्वारा धन्यवाद व्यक्त किया गया। कार्यक्रम मै मार्गदर्शक राम सिंह चौधरी, अध्यक्ष आर एल टुकलिया, महामंत्री अरविंद झामड, राजेंद्र गोखरू, आरके जैन, वैभव बोहरा, सुनीता लोढा, रजनी डोसी, अरुणा पोखरना, रेखा नानेचा, मधु बिरानी, मंजू कोठारी, भूपेंद्र मोगरा, शांतिलाल खमेसरा, कांतिलाल जैन, ललित लोढा,पारस कुकड़ा ,धर्मीचंद नंदावत, निशांत चौधरी, ज्ञानेंद्र सिंह चौधरी आदि उपस्थित थे।

# दक्षिण भारत के तमिलनाडु के विल्लुपुरम जंक्शन पर मीणा समाज ने मनाया स्नेह मिलन समारोह



स्मार्ट हलचल । राकेश मीना

**मांडलगढ।** आज दक्षिण भारत के तमिलनाडु राज्य के विल्लुपुरम जंक्शन में दक्षिण रेलवे राजस्थानी मित्र मंडली द्वारा दिवाली मिलन समारोह आयोजित किया।

जिसमें राजस्थान के सर्व समाज के रेलवे कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। एवं उत्साह के साथ दिवाली मिलन समारोह धूमधाम से मनाया। जिसमें रामनिवास मीणा रामकेश मीणा, मुकेश मीणा, हुकम, सुनील रैकनोत, दयाराम आगर्री, कमलेश मीणा शिवकेश,, मुनेश कटकड़ , रिशीकेश राजकिशोर, सुमेर , एवं सभी दक्षिण रेलवे मित्र मंडलीगण भारी संख्या में उपस्थित रहे।

# पेंशनर्स से हेल्थ कार्ड बनवाने की अपील

स्मार्ट हलचल । जे पी शर्मा

**बनेड़ा।** राजस्थान पेंशनर्स मंच के तहसील अध्यक्ष ने सभी पेंशनर्स से अपना हेल्थ कार्ड बनवाने की अपील की है।

मंच के तहसील शाखा अध्यक्ष नियाज मोहम्मद सिलावट ने बताया कि राज्य सरकार ने सभी पेंशनर्स के लिए अपना हेल्थ कार्ड बनवाना अनिवार्य कर दिया है पेंशनर्स ई मित्र पर भामाशाह या जन आधार कार्ड,पी पी ओ, फोटो ले जाकर के आर जी एच एस में अपना रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं कार्ड के अभाव में मेडिकल सहित अन्य सुविधाएं नहीं मिल पाएगी।

साथ ही एक नवंबर को चोखी बावड़ी चौराहे के पास स्थित पेंशनर्स भवन में प्रातः ग्यारह बजे शिविर लगाकर के तहसील क्षेत्र के पेंशनर के जिवित फार्म भरवाकर के बैंक में जमा करवाए जाएंगे साथ ही हेल्थ कार्ड बनवाने के साथ पेंशनर्स को विभिन्न नई जानकारीया दी जाएगी।

# महासंघ साथी सामाजिक सरोकारिता में सकारात्मक सहयोग से करें कार्य : डॉ. फरियाद मोहम्मद

## अल्पसंख्यक अधिकारी कर्मचारी महासंघ की बैठक आयोजित, ब्लॉक वार कार्यकारिणी विस्तार पर की चर्चा



स्मार्ट हलचल । पंकज पोरवाल

**भीलवाड़ा।** अल्पसंख्यक अधिकारी कर्मचारी महासंघ के सभी साथियों की आपस मे मदद सहित सामाजिक सरोकारिता में सकारात्मक सहयोग से कार्य करें। यह बात महासंघ के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ फरियाद मोहम्मद ने कही। वही प्रदेश उपाध्यक्ष अरविंद मसीह ने भी सकारात्मक सहयोग से कार्य करने का आह्वान किया और कहा कि संगठन का मार्ग ही मनुष्य के विजय का मार्ग है। वही सुवाणा एसीबीईओ अब्दुल शाहिद शेख ने महासंघ संगठन मजबूती के लिए कार्य करे संगठन में प्रत्येक सदस्य को अपनी व्यक्तिगत भावनाओ पर नियंत्रण करना होता है, इसलिए व्यक्ति को शारीरिक तौर पर ही नही बल्कि मानसिक व बौद्धिक रूप से भी समर्पित होना पड़ता है। बैठक में पूर्व आयुक्त रुस्तम अली शेख, यूनुस खान ने विचार व्यक्त किये। वही जिलाध्यक्ष डॉ असलम मंसुरी, महासचिव मोहम्मद शाबिर रँगरेज ने स्वागत किया। जिलाध्यक्ष डॉ मंसुरी ने महासंघ की गतिविधियों का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया और कहा संगठन में स्वहित को दूर रख ज्यादा से ज्यादा लोगो का भला हो सके अपनी विशेषता व योग्यता से किसी भी कार्यको नया आयाम प्रदान कर सकते है। महासचिव रँगरेज ने संगठन के माध्यम से प्रेम पूर्वक बात कर जिससे सभी व्यक्ति एकमत होकर कार्य करता है तो संगठन संपन्नता और प्रगति को प्राप्त करता है संगठन में प्रत्येक व्यक्ति का विशेष महत्व होता है।

महासचिव मोहम्मद शाबिर रँगरेज ने बताया कि बैठक में 50 से अधिक सदस्यों ने भाग लिया और महासंघ की पूर्ण कार्यकारिणी, उद्देश्य सहित ब्लॉक वार कार्यकारिणी विस्तार पर चर्चा की। हाजी सिराजुद्दीन रँगरेज, प्रधानाचार्य असलम डायर, इंसाफ अली, फरीद मोहम्मद रँगरेज, ग्रुप वार संगठन मजबूती पर चर्चा की। इस अवसर पर रफीक बेग, विवेक एलिस, काया, इस्लामुद्दीन रँगरेज, फारूक मोहम्मद, मोहम्मद यूनुस रँगरेज, इस्माइल मोहम्मद, इकबाल मोहम्मद, फारूक मोहम्मद, आबिद हुसैन, पीर मोहम्मद, अल्ताफ हुसैन सहित आदि उपस्तिथ थे।

# बांकरा में पंच पटेलों ने कंजर समाज का किया हुक्का पानी बन्द, उल्लंघन पर 51,000 हजार जुर्माना

स्मार्ट हलचल । आज़ाद नेब

**जहाजपुर।** शक्करगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम बांकरा में पंच पटेलों ने मिटिंग करते हुए कंजर समाज पर यह प्रतिबन्धित ( हुक्का पानी बन्द ) करते हुए यह फरमान जारी किया कि 'आज से कंजर समाज का बांकरा गांव से दुकान से राशन , होटल चाय, नाश्ता, सब्जी, किराणा, डाढी कटिंग, कपडा, उनके साथ उठना बैठना, किराये से गाड़ी लेकर नही जाना' यह सब गांव के द्वारा पाबन्द किया जाता है उल्लंघन करने वालो पर 51,000 / रूपये का आर्थिक दण्ड की घोषणा की है।

सतु सेन, दुर्गालाल सेन, शंकर तेली, कालु माली, रामपाल दरोगा , रामलाल दरोगा, लादु मीणा, पप्पु तेली, कृष्ण गोपाल दरोगा, भुवाना माली, राजेन्द्र दरोगा, बहादुर दरोगा, मुकेश मीणा, उगमा मीणा, रामराज मीणा, लाल चन्द्र चमार, मांगीलाल लुहार, बलवीर सिंह राजपुत निवासी बांकरा के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्यवाही करवाने कि रिपोर्ट दी गई।




रिपोर्ट में बताया गया कि आज से करीब 10 रोज पूर्व पंच पटेलो ने मिटिंग करते हुए कंजर समाज पर यह प्रतिबन्धित ( हुक्का पानी बन्द ) करते हुए यह फरमान जारी किया कि बांकरा गांव से दुकान से राशन, आज से कंजर समाज का होटल चाय, नाश्ता, सब्जी, किराणा, डाढी, कटिंग, कपडा, उनके साथ उठना बैठना, किराये से गाड़ी लेकर नहीं जाना यह सब गांव / अभियुक्तगणों के द्वारा पाबन्द किया जाता है। उल्लंघन करने वालो पर 51,000 / रूपये का आर्थिक दण्ड की घोषणा कर रही है। तब से ही हम प्रार्थीगण व कंजर समाज को बृहिष्कृत कर रखा है जिस कारण हम प्रार्थीगण सामाजिक ख्याती धुमिल होकर गांव में रहना दुर्भर होकर खाने पीने की मुलभुत सुविधाओं से वंछित होना पड़ रहा है।

## 18 जनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

कंजर समाज का हुक्का पानी बंद करने के मामले में शक्करगढ़ पुलिस ने 18 जनों के खिलाफधारा 143, 153 (क), आईपीसी 384 का मुकदमा दर्ज किया है।

पुलिस उपाधीक्षक महावीर शर्मा ने बताया कि धापू देवी, ज्ञानचंद, राजेंद्र, बटनिया वह छगन कंजर एवं समस्त कंजर समाज की ओर से एक रिपोर्ट दी गई जिसमें ग्राम बांकरा में पंच पटेलों ने एक फरमान जारी कर हुक्का पानी बंद करते हुए कंजर समाज के लोगों को राशन, होटल में चाय नाश्ता, सब्जी, किराणा के सामान, डाढ़ी कटींग, कपड़े, उनके साथ उठने बैठने एवं किराऐ पर वाहन नहीं देने पर पाबंदी लगा दी थी। ओर उल्लंघन करने पर 51000 का आर्थिक दण्ड की घोषणा की थी। पुलिस मामले को गंभीरता से लेते हुए धारा 143, 153 (क), आईपीसी 384 उद्यापन, (धमकी, या उत्प्रेरणा देकर वसूली) जातीय वैमनस्य फैलाने के मामले में 18 जनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर अनुसंधान जारी कर दिया है।

# सखी सेंटर द्वारा अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस दिया बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओं का संदेश

## हस्ताक्षर अभियान, बालिका से केक कटवाकर कर मनाया उत्सव

स्मार्ट हलचल । पंकज पोरवाल

**भीलवाड़ा।** बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का संदेश देते हुए जिलेभर में अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया गया हैं। महिला अधिकारिता विभाग के नेतृत्व में सखी सेंटर भीलवाड़ा द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के अंतर्गत सुचना केन्द्र पर हस्ताक्षर अभियान व केक कटवा कर बेटी जन्म उत्सव साथ ही एक सेल्फी बेटी के नाम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि



विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव महेंद्र कुमार दवे, महिला अधिकारिता विभाग से सहायक निदेशक नागेंद्र कुमार तोलंबिया, सीडब्ल्यूसी अध्यक्ष गिरीश कुमार पांडे, सदस्य फारुख खान पठान, संरक्षण अधिकारी नेहा माथुर, जन कल्याण संस्थान सचिव शंकर लाल गाडरी, वन स्टॉप सेंटर सखी से केंद्र प्रबंधक गरिमा सिंह परिहार, एडवोकेट उर्मिला सिरोठा, सुरेखा बाफना, कविशा पालीवाल, विनीता वैष्णव आदि उपस्थित रहे।

# अंधकार से छुटकारा पाने के लिए प्रभु की स्तुति ही सहारा है-साध्वी डॉ चंद्रप्रभा

स्मार्ट हलचल । सांवर मल शर्मा

**आसींद।** मंत्रो का जाप करने से शांति के भाव पैदा होते है। हमारी आत्मा में अनन्त भवो से अंधेरा लगा हुआ है, अंधकार से छुटकारा पाने के लिए परमात्मा की स्तुति बहुत बड़ा सहारा देती है। जाप करने से अनादिकाल से आत्मा के पीछे जो शत्रु लगे हुए है उनका नाश हो जाता है। उक्त विचार नवरात्रि के दौरान महावीर भवन में चल रहे नवग्रह अनुष्ठान के पांचवे दिन तपाचार्य साध्वी जयमाला की सुशिष्या साध्वी डॉ चंद्रप्रभा ने धर्मसभा में व्यक्त किये।

साध्वी चंद्रप्रभा ने कर्क राशि के स्वामी चन्द्र का जैन विधि



से अनुष्ठान करवाया 'हीं अर्ह श्री चंद्रप्रभुनाथय नमः मम चंद्रग्रह शान्ति कुरु कुरु स्वाहा' सनातनधर्म के अनुसार 'चन्द्राय नमः' का जाप करवाया। जाप में सैंकड़ो श्रावक-श्राविकाओं ने भाग लिया। साध्वी ने कहा कि चन्द्र हर व्यक्ति के मन की बात को जान लेता है, जिसका चन्द्र कमजोर होता है उसका मन भी कमजोर होता है, क्रोध बहुत आता है, मन मे उथल पुथल चलती रहती है। जिसका चन्द्र अच्छा होता है वह निर्मल होता है, शांत स्वभाव का होता है, उसको जॉब अच्छी मिल जाती, उच्च नीच आने पर वह घबराता नही है। चंद्रमा के समान निर्मलता मिले इसलिए हम चन्द्र का अनुष्ठान करते है।

15 अक्टूबर को शालीभद्र का अनुष्ठान होगा जिसमें 32 जोड़े बैठेंगे। मंगलवार से ओली प्रारम्भ हो रही है जिसमे अधिक से अधिक आयम्बिल करने की प्रेरणा दी है। धर्मसभा में साध्वी आनन्दप्रभा, साध्वी चंदनबाला, साध्वी विनितरूप प्रज्ञा ने भी नवग्रह के महत्व पर प्रकाश डाला। बाहर से आने वाले श्री संघो का स्थानीय संघ ने शब्दो से स्वागत किया।

# प्रशासन गांव के संग आभियान में भुवनेश शर्मा का घर पर बोलता नाम ममता होने के कारण राजस्व रिकार्ड में ममता शर्मा दर्ज हुआ

स्मार्ट हलचल । राकेश मीणा

**मांडलगढ़।** आज मालका खेडा में प्रशासन गांव के संग अभियान में निवासी सोहन शर्मा की पुत्री राजस्व रिकार्ड में अपना नाम सही दर्ज करवाने के लिए अपने ससुराल बून्दी से शिविर में आई। तहसीलदार मांडलगढ़ सुरेन्द्र सिंह चौधरी ने पटवारी , गिरदावर से राजस्व रिकार्ड की जाँच करवाकर मौके पर उपस्थित स्थानीय लोगों से जानकारी ली जो जाहिर आया की भुवनेश शर्मा का घर पर बोलता नाम ममता होने के कारण राजस्व रिकार्ड में ममता शर्मा दर्ज हो गया। लेकिन स्कूल एवं पहचान के दस्तावेज में भुवनेश शर्मा नाम होने के कारण परेशानी का सामना करना पड रहा था। शिविर प्रभारी



श्रीमान उत्साह चौधरी द्वारा को मामले से अवगत कराने पर उन्होंने मौके पर ही राजस्व रिकार्ड में नाम दुरुस्त करने के लिए दस्तावेज तैयार करने के आदेश प्रदान किए। मौके पर ही समस्या का समाधान होने पर श्रीमती भुवनेश शर्मा ने धन्यवाद देते हुए राज्य सरकार का आभार प्रकट किया।

माल का खेडा ग्राम पंचायत में एक नवीन राजस्व ग्राम का प्रस्ताव, आबादी विस्तार एवं राजकीय कार्यालयों के लिए भूमि आवंटन प्रस्ताव तैयार किए गए, 68 प्रमाण पत्र जारी किए, 88 नामांतरकरण दर्ज किए तथा कुए दर्ज करने के आदेश जारी किए गए। इसी प्रकार बाबुलाल बंजारा का नाम राजस्व अभिलेख में गोरुलाल दर्ज हो गया था जिसे दुरुस्त करते हुए मौके पर ही बाबुलाल दर्ज करने का आदेश उपखंड अधिकारी श्रीमान उत्साह चौधरी द्वारा प्रदान किया गया।ग्रामवासी स्वरूप जी का खेडा द्वारा आज शिविर में श्मशान भूमि से अति' मण हटाने के लिए प्रार्थना पत्र पेश किया गया। जिस पर त्वरित कार्यवाही करते हुए तहसीलदार सुरेन्द्र सिंह चौधरी गिरदावर भेरुलाल खटीक और पटवारी बाबुलाल मीणा मौके पर पहुँचे। मौके पर अतिक्रमण हटाने के लिए समझाइश करने पर अति' मी द्वारा स्वयं अति' मण हटा लिया गया। इस प्रकार त्वरित राहत मिलने पर समस्त ग्रामवासियों द्वारा खुशी के साथ आभार प्रकट किया गया।

# बरोदा में प्रशासन गांवों के संग शिविर में 22 विभागों ने मौजूद लेकर आमजन को दी राहत

## पंचायत समिति के जिम्मेदार अधिकारी संजय मोदी शिविर के बाहर गप्पे लड़ाते नजर आए

स्मार्ट हलचल । सांवरिया साल्वी

**शक्करगढ़।** प्रशासन गांवों के संग अभियान के अंतर्गत सोमवार बरोदा पंचायत में लगे शिविर में 22 विभागों के अलग-अलग कार्यों का मौके पर ही शिविर प्रभारी उपखंड अधिकारी दामोदर सिंह खटाना व तहसीलदार मुकंद सिंह शेखावत की मौजूदगी में निस्तारण कर आमजन को राहत प्रदान की गई।

उपखंड अधिकारी दामोदर सिंह खटाना ने बताया कि बरोदा पंचायत में शिविर में 11 खातों का



शुद्धीकरण,12 आवासीय पट्टे,व 14 व्यक्तिगत शौचालय की स्वीकृति के प्रकरण, 32 नवीन जॉब कार्ड, 240 पशुओं का टीकाकरण किया गया व, 165 कृमि नाशक दवाई पिलाई गई, साथ ही 4 हैंडपंप ठीक करवाए गए।

एक तरफ उपखंड अधिकारी की मौजूदगी में लोगों को राहत प्रदान की जा रही थी दूसरी ओर जहाजपुर पंचायत समिति के जिम्मेदार अधिकारी संजय मोदी शिविर मैं समय पर नहीं पहुंचे,काफी समय बाद वहां पहुंचने के बाद भी शिविर के बाहर इधर उधर घूमते हुवे व गप्पे लड़ाते नजर आए जिससे आमजन को परेशानी का सामना करना पड़ा। देवनगर के ग्राम वासियों को चरागाह भूमि को राजस्व भूमि में दर्ज कर 2 बीघा शमशान भूमि आवंटित करवाई गई। वही विकलांगता प्रणाम पत्र बनाने के लिए ग्रामीण सुबह से बैठे रहे 3:00 बजे बाद डॉक्टर के आने के बाद लोगो को राहत मिली।

# उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर शाखा डाकपाल का हुआ सम्मान



स्मार्ट हलचल । बरसनी

भारतीय डाक विभाग द्वारा आयोजित बैंकिंग डे सोमवार को शाहपुरा उपखण्ड में बचत मेला आयोजित किया गया जिसमें भीलवाड़ा डिविजन मैं प्रथम स्थान प्रवीण आचार्य शाखा डाकपाल शाखा डाकघर भोजपुरा बदनोर द्वारा दो ग्राम सम्पूर्ण सुकन्या ग्राम घोषित किया गया जिसमें अधीक्षक महोदय एव इंडियन पोस्टल पेमेंट बैंक के मैनेजर द्वारा 5 उपहार से सम्मानित किया गया एवं शाखा डाकपाल महावीर वैष्णव खेडेला डाकघर को भी सम्मानित किया गया।

# बुलीवाल राष्ट्रीय खटीक समाज संगठन मंच के राजस्थान कोर कमेटी में कानूनी सलाहकार मनोनीत



स्मार्ट हलचल । वशिष्ठ शर्मा

**भीलवाडा/ गंगापुर।** श्री खटीक समाज राष्ट्रीय संगठन मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री कैलाश जी और राष्ट्रीय प्रधान महासचिव सोहनलाल जी ओर राष्ट्रीय संरक्षक किशनलाल पहाड़िया द्वारा व राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष रमेश बंशीवाल,राष्ट्रीय संरक्षक किशन लाल पहाड़िया,राष्ट्रीय अध्यक्ष कोर कमेटी छाजूलाल नावरिया की अनुशंसा पर राजस्थान के कानूनी सलाहकार मंत्री पद पर गंगापुर निवासी एडवोकेट जगदीश रतन लाल बुलीवाल को मनोनीत किया गया। जगदीश बुलीवाल ने बताया कि समाज मे व्याप्त कुरीतियों,कानूनी जानकारी के अभाव में समाज के लोगो को होने वाले अनावश्यक आर्थिक नुकसान से बचाने,दहेज प्रताड़ना,भरण-पोषण जैसे मामलों व अन्य मामले जिनमे आपसी सलाह से निपटान सम्भव है पर राय मुफ्त में दी जायेगी। समाज के आर्थिक,शैक्षिक उत्थान हेतु भरसक प्रयास किये जायेंगे।

# भाजपा द्वारा विभिन्न ज्वलंत मुद्दों को लेकर जिला कलेक्टर को ज्ञापन आज

स्मार्ट हलचल । वशिष्ठ शर्मा

**भीलवाड़ा।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा लगातार बिजली कटौती एवं प्रशासन शहरों के संग अभियान में आमजन को लाभ नहीं मिलने और सीवरेज के कारण भीलवाड़ा शहर में जगह-जगह हो रहे भयंकर खड्डों को लेकर भाजपा जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में जिला कलेक्टर को आज दोपहर 12:15 बजे ज्ञापन दिया जाएगा।

भाजपा पार्टी सूत्रों ने बताया कि विभिन्न मुद्दों को लेकर भाजपा द्वारा दोपहर 12:15 बजे जिला कलेक्टर महोदय को सांसद विधायक प्रदेश कार्यसमिति सदस्य जिला पदाधिकारी विधानसभा प्रभारी मोर्चा जिलाध्यक्ष मंडल पदाधिकारी सहित भाजपा जनप्रतिनिधि पदाधिकारी वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं कार्यकर्ता द्वारा ज्ञापन दिया जाएगा।

# सफलता की कहानी गोपी बना गोपाल



स्मार्ट हलचल । मुकेश चौधरी

**रायला।** आसीन्द पंचायत समिति के ग्राम पंचायत मुख्यालय कावलास पर सोमवार को उपखंड अधिकारी संदीप कुमार काकड़ की अध्यक्षता में प्रशासन गांवों के संग अभियान 2021 के तहत कैंप आयोजित हुआ । कैंप में तहसीलदार बेनी प्रसाद सरगरा , सीमा देवी गुर्जर सरपंच , विकास अधिकारी आदि सभी विभागों के प्रतिनिधि मौजूद रहे थे । कैंप में 52 नामांतरण पांच बंटवारे दो रास्तों के प्रकरण सहित कुल 130 प्रकरण राजस्व विभाग के निपटाए गए ।

## गोपाल को उसके सही नाम की मिली नकल

प्रशासन गांवों के संग अभियान गोपाल के लिए खुशियां लेकर आया हाथ में आधार कार्ड लिए गोपाल ने उपखंड अधिकारी संदीपकुमार से निवेदन किया आज तक मुझे सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिला जमाबंदी व इस आधार कार्ड में नाम अलग-अलग है ।

मां प्यार से बचपन में मुझे गोपी कहती थी पिता का साया बचपन में ही उठ गया पटवारी ने खाते में मेरा बोलता नाम गोपी लिख दिया जिससे मुझे आज तक सरकार के सभी ऑफिसों में दर-दर भटकना पड़ता है पर नाम शुद्ध नहीं हुआ

## आखिर कैसे मिले मुझे सरकारी योजनाओं का लाभ

केसीसी बैंक ऋण आदि के लाले पड़े हैं कहते कहते गोपाल का गला भर आया । संदीप कुमार काकड़ उपखंड अधिकारी ने पटवारी तहसीलदार से रिपोर्ट लेकर नाम शुद्धि का आदेश जारी कर पटवारी से नामांतरण हाथों-हाथ दर्ज करवाकर गोपाल को गोपाल के नाम की नकल कैंप में ही प्रदान की । इस प्रकार आज उपखंड अधिकारी ने सरकार के कैंप लगाकर राहत प्रदान करने की मंशा को सही साबित कर दिया।

कैंप में प्रसन्न होकर गोपाल बोला जय हो सरकार की जय हो आपकी जो यह कैंप लगाए अब मुझे सरकारी योजनाओं का लाभ मिल सकेगा ।






# आधा दर्जन घरों में चोरी, नकदी व आभूषण ले गए

स्मार्ट हलचल । बीगोद

थाना क्षेत्र के देवपुरा ग़ांव में बीती रात को चोरों ने आधा दर्जन घरों में चोरी की वारदात की जिसमे हजारों रुपए की नकदी और सोने के आभूषण ले गए।

जालिया सरपंच सुरेंद्र सिंह के अनुसार देवपुरा ग़ांव में सांवरा दरोगा के घर मे रौशन दान तोड़कर चोर अंदर घुसे और घर मे रखे 70 हजार रुपए की नकदी ले गए। इसी प्रकार समुंदर सिंह के घर से 60 हजार रुपए की नकदी व तीन तोला सोने के आभूषण ले गए। सालगराम के घर से 25 हजार की नकदी व मुकेश दरोगा के घर से एक तोला सोने के



तीन मांदलिया ले गए। इसी प्रकार तीन घरों के ताले भी चोरों ने तोड़े परन्तु कुछ भी हाथ नही लगा और सामान बिखेर कर चले गए। चोरी की सूचना पर थाना प्रभारी ठाकराराम पहुंचे। पुलिस ने चोरी का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# पूरे गांव में एक परिवार से मत मिलने वाले खान के घर सांसद बहेड़िया ने ली चाय की चुस्की



स्मार्ट हलचल । राजेश शर्मा

**धनोप।** सोमवार को इटड़िया गांव में प्रशासन गांव के संग अभियान में सांसद सुभाष चंद्र बहेड़िया पधारे। उनके द्वारा ग्रामीणों को आवासीय पट्टे दिए गए। इस दौरान श्रीमान सांसद सुभाष बेहेडीया कायमपूरा खान के घर होते हुए धनोप माता पधारे। कायमपुरा में सांसद बहेड़िया को केवल पूरे गांव में से एक खान परिवार से ही वोट आता है तो उनके घर चाय पीकर आए। बहेड़ीया ने नवरात्र में धनोप माता के दर्शन किए। दर्शन के उपरांत फुलिया कला मंडल अध्यक्ष उदय लाल सिरोठा धनोप, एस सी मोर्चा मंडल अध्यक्ष भेरूलाल नायक बागथला, मीडिया प्रभारी राजेश शर्मा, एडवोकेट अविनाश जीनगर,श्याम नाथ योगी द्वारा सांसद महोदय को साफा पहनाकर स्वागत सत्कार किया गया। इस दौरान रामस्वरूप कीर, बद्री कीर, राजू सेन, रामप्रसाद वैष्णव, सत्यनारायण शर्मा, नोरत गुर्जर एवं धनोप के सभी भाजपा कार्यकर्ताओं ने सांसद महोदय का स्वागत किया।

# सखी सेंटर द्वारा अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया



स्मार्ट हलचल । राहुल गर्ग

**भीलवाडा ।** अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस के उपलक्ष में महिला अधिकारिता विभाग के नेतृत्व में सखी सेंटर भीलवाड़ा द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के अंतर्गत हस्ताक्षर अभियान व केक कटवा कर बेटी जन्म उत्सव साथ ही एक सेल्फी बेटी के नाम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव साहब महेंद्र कुमार दवे जी , महिला अधिकारिता विभाग से सहायक निदेशक नागेंद्र कुमार तोलंबिया, सीडब्ल्यूसी से अध्यक्ष गिरीश कुमार पांडे जी वह सदस्य फारुख खान पठान व संरक्षण अधिकारी नेहा माथुर, जन कल्याण संस्थान सचिव शंकर लाल गाडरी, वन स्टॉप सेंटर सखी से केंद्र प्रबंधक श्रीमती गरिमा सिंह परिहार व एडवोकेट उर्मिला सिरोठा,सुरेखा बाफना,कविशा पालीवाल, विनीता वैष्णव आदि उपस्थित रहे।

# भाईयों ने बेशकीमती जमीन को मंदिर के लिए भेट की



स्मार्ट हलचल । किशन खटीक

**रायपुर।** ग्राम पंचायत बागोलिया के ग्राम बागोलिया में भामाशाह ने बेशकीमती जमीन चामुंडा माता मंदिर को भेंट की ग्राम बागोलिया निवासी कालूराम पिता डालचंद गांधी वह छोटे भाई शांति लाल पिता डालचंद गांधी दोनों भाइयों की गांव में बेशकीमती जमीन थी जिसे दोनो ने श्रद्धापूर्वक अपनी जमीन को गांव के चामुंडा माता मंदिर को भेंट कर दी, ग्राम वासियों ने इसके लिए दोनो भाईयों का आभार जताया एवं साफा बंधवा कर स्वागत किया, इस अवसर पर ग्रामवासी ठाकुर नारायण सिंह ,मूल सिंह ,मिश्री लाल सुथार, बद्री लाल कुमावत,श्याम लाल सुथार आशु राम सुथार, रामेश्वर लाल कुमावत, रामलाल कुमावत, राम लाल लोहार, गोपाल दास वैष्णव, लक्ष्मण लाल तेली, भोजा राम कुमावत, सुख लाल कुमावत एवम् सैकड़ों ग्रामवासी मौजूद थे।

# पंचांग घड़ी के अनुसार नवरात्रा छठ को धनोप में हुई तेज बारिश

स्मार्ट हलचल । राजेश शर्मा

**धनोप।** सोमवार शाम 6:30 बजे बाद हुई तेज बारिश। पंडितों के अनुसार नवरात्रा की छठ को तेज बारिश बताइए जा रही थी जिसका असर शाम 7 बजे दिखा। बारिश से गांव के किसानों को हुआ काफी नुकसान। पहले भी खेतों में दो बार बीज बोए लेकिन कोई फायदा नहीं अब तीसरी बार भी बारिश की वजह से किसानों को हो सकता है काफी नुकसान। एक तरफधनोप माता शक्ति पीठ पर नवरात्रा के चलते भक्तजनों तथा ग्रामीणों का आना जाना चल रहा है लेकिन बारिश आते ही जन अस्त-व्यस्त हुए। मंदिर परिसर का मेला प्रांगण हुआ खाली छाया सन्नाटा।

# बैंक ऑफ बड़ौदा में लगी आग दस्तावेज समेत फर्नीचर व अन्य सामान जलकर स्वाहा

स्मार्ट हलचल । वशिष्ठ शर्मा

**भीलवाडा।** शहर की आर सी व्यास कोलोनी स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा की शाखा में सोमवार अल सुबह 5 बजे अचानक आग लगने से अफरा तफरी मच गई वही आग का स्वरूप बड़ा होने से मौके पर तीन दमकलों को आग बुझाने आना पड़ा जबकी आग से फर्नीचर व जरूरी दस्तावेज समेत अन्य कीमती सामान जलकर स्वाहा हो गया.जानकारी के अनुसार आर सी व्यास कोलोनी मे गुप्ता हॉस्पिटल के सामने बैंक ऑफ बड़ौदा में सोमवार अल सुबह आग लग गई धुंए का गुब्बार देखकर आस पडौस में भगदड़ मच गई आग की सूचना बैंक के अधिकारियों



कर्मचारियों को दी गई मौके पर सुभाष नगर थाने से टीम भी पंहुची ओर तीन दमकलों की मदद से आग पर काबू पाने के प्रयास किये गये आग से उठते धुंए के विशाल रूप को देखकर पहले तो अंदर जाने की कोई हिम्मत ना जुटा पाया लेकिन कड़ी मशक्कत से 2 घण्टे बाद आग पर काबू पा लिया गया प्रारम्भिक तोर पर आग लगने का कारण शार्ट सर्किट माना गया जबकी बैंक में पड़े रिकॉर्ड व फर्नीचर समेत अन्य कीमती सामान जलकर भस्म हो गया लेकिन नकदी आग की भेट चढ़ने से बच गई क्योंकि वह सेफमें रखी थी जिस वजह से बैंक कार्मिको ने राहत की सांस ली खबर लिखे जाने तक आग से हुए नुकसान का आकलन नही किया जा सका ओर अधिकारी व कार्मिक नुकसान की सामीक्षा में जुटे रहे। प्रारमिभक तोर पर आग लगने का कारण शार्ट सर्किट माना गया है.हालाकी कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया उधर उधर आग की खबर क्षेत्र में जैसे जैसे फैली मौके पर भीड़ जमा हो गई।

# फ्लैगशिप योजनाओं की साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित

स्मार्ट हलचल । भीलवाड़ा

जिला कलक्टर श्री शिवप्रसाद एम नकाते के निर्देशानुसार अतिरिक्त जिला कलक्टर प्रशासन श्री राजेश गोयल की अध्यक्षता में सोमवार को फ्लैगशिप योजनाओं की प्रगति की समीक्षा बैठक आयोजित हुई।

बैठक में श्री गोयल ने अधिकारियों से प्रशासन गांवों के संग अभियान व प्रशासन शहरों के संग अभियान 2021 के तहत आयोजित शिविरो की प्रगति की समीक्षा की।



उन्होंने अधिकारियों से कैंप के अंतर्गत आमजन को अपने विभाग की विभिन्न योजनाओं से अवगत कराने को कहा। साथ ही अधिकारियों को आयोजित हो रहे कैंप में विजिट करने को कहा।

अस्पताल में बिजली कटौती को लेकर विद्युत विभाग के अधिकारियों को बिजली कटौती को लेकर मेडिकल विभाग के अधिकारियों से सामंजस्य स्थापित करने को कहा। डॉ. गोयल ने राज्य सरकार की महत्वकांक्षी योजना घर-घर औषधि योजना सहित विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने संपर्क पोर्टल, लाइन्स पोर्टल, सीएमओ, पीएमओ व गवर्नर हाउस पर लंबित प्रकरणों के त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। बैठक में समस्त विभागों के जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# तिरस्कार और निर्दयता से किसी भी अपराधी को नहीं जा सकता सुधारा : महेंद्र सिंह राठौड़

## कैदी रख रहे नवरात्र का व्रत, अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा ट्रस्ट ने किया फल वितरण

स्मार्ट हलचल । पंकज पोरवाल

**भीलवाड़ा।** नवरात्रि के अवसर पर कानपुर के जिला जेल के कैदी भी उपवास (व्रत) रख रहे है इनके खाने-पीने के लिए विशेष नवरात्र भोजन की व्यवस्था की गई है। अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा ट्रस्ट द्वारा कैदियों को फल वितरण किया गया और अच्छा नागरिक बनने के लिए उनसे आग्रह किया गया। प्रदेश महामंत्री एवं जिलाध्यक्ष



महेंद्र सिंह राठौड़ जामौला ने बताया कि कैदियों के प्रति व्यवहार मानवता और निष्पक्षता के मूल आदेशों के अनुकूल होना चाहिए तिरस्कार और निर्दयता से किसी भी अपराधी को सुधारा नहीं जा सकता है। जिला सह संगठन मंत्री तहसील अध्यक्ष मंगल सिंह राणावत, रोहित चौधरी, पार्षद महेंद्र सिंह चुंडावत, महादेव जाट, घनश्याम सिंह, कोषाध्यक्ष देवेंद्र सिंह चुंडावत, शिवसिंह राजावत, धीरेंद्र सिंह राठौड़, नरेंद्र सिंह राजावत, एमएस राजावत, जेलर कैलाश सहित जेल स्टाफ सत्यनारायण, गंगा राम, महिपाल, हनुमान, लेखराज, विनोद नागौरी, धारा सिंह, जय सिंह सहित कई गणमान्य उपस्थित थे।

# बंक्यारानी मंदिर-रायपुर पर गवरी नृत्य आज

किशन खटीक

रायपुर 11 अक्टूबर, राजस्थानी परंपरा को जीवित रखने के लिए भील समाज द्वारा गवरी नृत्य इन दिनों प्रसिद्ध धार्मिक स्थलों पर किया जा रहा है। इसी के तहत रायपुर उपखंड मुख्यालय के सगरेव



मार्ग स्थित बंक्यारानी मंदिर पर गवरी नृत्य का आयोजन मंगलवार प्रातः 11:00 बजे किया जाएगा। बंक्यारानी के पुजारी शिव नारायण सेन ने बताया कि ग्रामीणों के सहयोग से गवरी नृत्य का आयोजन किया जा रहा है। गवरी नृत्य से क्षेत्र में अमन चैन व प्रत्येक के निरोगी रहने की परंपरा कायम रहती है।

# आयम्बिल ओलीजी तप की आराधना कार्यक्रम आज से

स्मार्ट हलचल । भीलवाड़ा

सुवाणा कस्बे में चातुर्मासरत साध्वी मैना कंवर के सानिध्य में 09 दिवसीय आयम्बिल ओलीजी तप की आराधना कार्यक्रम 12 अक्टूबर मंगलवार से प्रारंभ होगा जो 20 अक्टूबर बुधवार को सम्पन्न होगा। श्री वर्द्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संघ सुवाणा के उपाध्यक्ष प्रकाश चपलोत जैन ने बताया कि 09 दिवसीय ओलीजी तप आराधना कार्यक्रम के लाभार्थी भीलवाड़ा निवासी भंवर लाल, महावीर कुमार, अशोक कुमार, महेन्द्र कुमार बापना है।

# धाकड़ समाज छात्रावास चित्तौड़गढ़ मे कमेटी की बैठक आयोजित

स्मार्ट हलचल । महेन्द्र धाकड़

**चित्तौड़गढ़।** धाकड़ समाज छात्रावास में कमेटी की बैठक आयोजित हुई। यह बैठक रविवार को धाकड़ समाज छात्रावास सेंगवा हाउसिंग बोर्ड पर आयोजित हुई।

कार्यकारिणी के सदस्य एवं समाज के वरिष्ठ सदस्य एवं भामाशाह मौजूद रहे।

जिसमें सर्वसम्मति से कमेटी का अध्यक्ष एवं छात्रावास अध्यक्ष भंवर लाल धाकड़ सुखवाड़ा को मनोनीत किया गया। इस मीटिंग में छात्रावास संबंधित लेखा-जोखा एवं कार्यप्रणाली प्रस्तुत की गई। इस अवसर पर जिला प्रमुख सुरेश धाकड़ ने अपने विचार में कहा कि समाज में छात्र छात्राओं की शिक्षा के स्तर को बढ़ावा देने के लिए समाज जन से आग्रह किया । इस अवसर पर नवनियुक्त अध्यक्ष भंवर लाल धाकड़ ने समाज जनों का धन्यवाद ज्ञापित किया । छात्रावास के पूर्व अध्यक्ष शंकर लाल धाकड़



बागेड़ा ने विचार रखें। इस अवसर पर समाज के वरिष्ठ जनों एवं युवाओं द्वारा छात्रावास में जिला प्रमुख सुरेश धाकड़ का प्रथम बार आगमन पर माल्यार्पण कर स्वागत एवं अभिनंदन किया। राष्ट्रीय सचिव धाकड़ युवासंघ दिलीप धाकड़ सेंती ने बताया कि इस मौके पर नवनियुक्त अध्यक्ष भंवर लाल धाकड़ का भी समाज जनों द्वारा माल्यार्पण कर नई जिम्मेदारी की शुभकामनाएं दी इस मौके पर धाकड़ युवा संघ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष किशोर धाकड़, धाकड़ समाज जिला अध्यक्ष भेरूलाल धाकड़, युवा जिलाध्यक्ष समृद्ध धाकड़, जिला सचिव राजू धाकड़, महिला इकाई जिलाध्यक्ष तारावती धाकड़, बोथलाल धाकड़, गीता लाल, प्रहलाद, धर्म धाकड़, देवीलाल, अध्यापक अध्यापक किशन धाकड़, कोषाध्यक्ष शंकर लाल धाकड़ कन्हैया लाल धाकड़ आदि समाज के वरिष्ठ जन मौजूद रहे।

# अन्त्येष्टि अनुदान योजना के तहत स्वयंसेवी संस्थाओं से प्रस्ताव आमंत्रित

स्मार्ट हलचल । भीलवाड़ा

जिले के क्षेत्रधिकार में किसी भी उम्र या जाति वर्ग के लावारिस अथवा निराश्रित व्यक्तियों की साधारण एवं दुर्घटना में मृत्यु होने की स्थिति में उनकी अन्त्येष्टि ि या (अंतिम संस्कार) करने वाली स्वयंसेवी संस्था को 5 हजार रूपये प्रति अंतिम संस्कार पर आर्थिक सहायता दी जायेगी । सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक ने बताया कि अन्त्येष्टि अनुदान योजना के तहत स्वयंसेवी संस्थाओं से प्रस्ताव आमंत्रित किये है। विस्तृत जानकारी कार्यालय समय में प्राप्त की जा सकते है।

# अमिताभ बच्चन के जन्म दिवस पर शिक्षण सामग्री बांटी, केक काटा व रंगोली बनाई

स्मार्ट हलचल । वशिष्ठ शर्मा

**भीलवाडा।** सदी के महानायक अमिताभ बच्चन के 79 वें जन्म दिवस पर भीलवाड़ा के सूचना केंद्र पर रंगोली बनाई व ग़रीब बच्चों के साथ जन्म दिवस मनाया।

अमिताभ बच्चन एक्सटेंडेड फैमिली सदस्य संतोष चंदेल ने बताया कि शहर के सूचना केंद्र पर चित्रकार के जी कदम द्वारा बिग बी के 79वें जन्म दिवस की रंगोली बनाई गई जिसका सीधा प्रसारण मुम्बई से एक्सटेंडेड फैमिली के हैंडल से किया गया। अमिताभ बच्चन ने भीलवाड़ा के संतोष चंदेल सहित एक्सटेंड फैमिली के




करीब 80 से अधिक सदस्यों से दोपहर 2:30 बजे से 4 बजे तक जूम मीटिंग पर चर्चा की इस दौरान अभिषेक बच्चन भी मीटिंग में कुछ क्षणों लिए आये। फाउंडेशन द्वारा 150 से अधिक गरीब बच्चों को शिक्षण सामग्री बांटी व मिडास टच फाउंडेशन द्वारा भीख नही किताब दो शिक्षा अभियान के तहत शिक्षित होते बच्चों के साथ केक काटा व स्कूल बैग वितरित किये साथ ही छोटे बच्चों को कपड़े और खिलौने बांटे। इस दौरान गोपाल माली,जया बामनिया,मेघा जैन,शुभम नाथानी, साकेत गगरानी, सेजल डाड व मेहुल मानसिंघा ,राजेश जीनगर व बच्चो के अभिभावक के साथ स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

# नीमड़ी वाले सगस जी व नाकोड़ा भैरव नाथ का वार्षिकोत्सव



स्मार्ट हलचल । मयंक

**हमीरगढ़।** भीलवाड़ा जिले की सीमा पर हमीरगढ़ के पास शादी गांव में नीमड़ी वाले सगस जी व नाकोड़ा भैरव के स्थान पर नाकोड़ा भैरव का भव्य प्रथम वार्षिकोत्सव मनाया गया मुख्य पुजारी धनराज शर्मा ने बताया की मंदिर में प्रतिदिन अखंड नारियल के गोलों से हवन किया जा रहा है एवं नवरात्रि में रामायण पाठक मुरलीधर वैष्णव द्वारा अखंड रामायण पाठ किया जा रहा है, नाकोड़ा भैरव के परम भक्त सागरमल बापना गौतम बापना के अनुसार प्रतिदिन रात्रि को भैरव भजन संध्या का आयोजन होता है मुख्य कार्यक्रम में सोमवार सुबह 9:15 पर अभिषेक व हवन किया गया एवं 2:00 बजे वरघोड़ा निकाला जिसमें सभी भक्त जनों व ग्राम वासियों ने भाग लिया शाम 4:00 बजे छप्पन भोग लगाया गया व शाम 5:00 बजे से मंदिर परिसर में भजन संध्या का आयोजन शुरू हुआ जिसमें भजन गायक प्रेरणा, अनुष्का भटनागर द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी गई जिसमें भक्तों ने खूब जमकर आनंद लिया व नीमड़ी वाले सगस जी व नाकोड़ा भैरव नाथ के जयकारों से परिसर गुंजायमान हो गया नाकोड़ा भैरव की महाआरती में श्रद्धालुओं व ग्राम वासियों ने भाग लिया मनीष बाफना ,अशोक पलोंड, अभिषेक माहेश्वरी, राकेश कोरिया, रघु शर्मा, राजू जाट ,ज्योतिष पुरोहित, ज्ञान चंद आदि मौजूद रहे।

# विधायक गायत्री त्रिवेदी ने प्रशासन गांव के संग अभियान का निरीक्षण किया



स्मार्ट हलचल । धर्मेन्द्र कोठारी

**भीलवाड़ा।** ग्रामीणों की जन समस्या सुनकर अधिकारियों को तत्काल समाधान करने के निर्देश दिए इस अवसर पर उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए विधायक त्रिवेदी ने कहा कि गहलोत सरकार आम आदमी के साथ है बालिकाओं के जन्म से लेकर विवाह तक की जिम्मेदारी राज्य सरकार ने ले रखी है इसी प्रकार से ग्रामीणों के तीर्थ यात्रा तीर्थ यात्रा की सरकार द्वारा करवाई जा रही है आज के समय में जरूरत है ग्रामीणों के जागरूक होने की विभागों द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ उठाने के लिए ग्रामीण जन आगे आए और गहलोत साहब द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ उठाएं इस अवसर पर शिविर में प्रधान शिवराज जी बाड़ी जिला परिषद सदस्य कंकू देवी कुमावत पंचायत समिति सदस्य सीता कुमावत सहित अन्य जनप्रतिनिधि गण एवं अधिकारीगण उपस्थित थे।

# भारतीय जनता पार्टी ग्रामीण मंडल शाहपुरा अनुसूचित जाति मोर्चा कार्यकारिणी की घोषणा की गई

स्मार्ट हलचल । राजेश शर्मा

**धनोप।** भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष लादू लाल तेली, अनुसूचित जाति मोर्चा जिला अध्यक्ष पुरण डीडवानिया, भाजपा शाहपुरा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष बालू राम कुमावत के निर्देशानुसार भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित मोर्चा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष आसाराम बावरी ने कार्यकारिणी की घोषणा की। जिसमें उपाध्यक्ष पद पर देवीलाल बलाई , सीताराम रेगर, केदार बेरवा, सोजीराम रेगर, महामंत्री पद पर प्रेमदीप ढोली, श्रवण नोगिया, कोषाध्यक्ष पद पर नोरत हरीजन, मंत्री पद पर सुरेश पंवार, कन्हैया लाल बेरवा, सांवरलाल बलाई , दुदाराम बलाई, हरि प्रकाश रेगर, प्रवक्ता पद पर हरनाथ नागावत, आईटी सेल मैं गोपाल बलाई , सदस्य रामधन बेरवा नोरत बलाई, सत्तू बेरवा , हेमराज मेघवंशी, मनोनीत किए गए।-

# बोलेरो ने मारी बाइक को टक्कर पिता-पुत्र घायल



स्मार्ट हलचल । अजीज भाटी

रोपा। पारौली थाना क्षेत्र के छापरेल चौराहे के निकट बोलेरो ने मारी बाइक को टक्कर पिता-पुत्र घायल. थाना अधिकारी राधा अहीर ने बताया कि छापरेल चौराहे के निकट पारोली की ओर से जा रही बोलेरो ने एक बाईक को टक्कर मार दी जिस पर नारायण पुत्र देवी लाल गुर्जर, विनोद पुत्र नारायण गुर्जर, उकारपुरा ( आसोप ) घायल हो गए वही इसकी सूचना पारोली पुलिस को मिलते ही पारोली दीवान जगदीश भाट सुरेंद्र यादव जाकिर हुसैन , प्रवीण ,मय जाप्ते के मौके पर पहुंच कर घायलों को चिकित्सालय के लिए छापरेल सरपंच की गाड़ी में बिठा कर चिकित्सालय के लिए ले गए वहीं टक्कर मारकर मौके से फरार हुई बोलेरो को कोटडी पुलिस ने गाड़ी को पकड़कर थाने में खड़ी करवाई।

# फरजंद अली बने उच्च न्यायालय के न्यायाधीश



स्मार्ट हलचल । पंकज आडवाणी

**जोधपुर।** फरजंद अली को उच्च न्यायालय के न्यायाधीश बनाया गया है। राजस्थान में ऐसा पहली बार हुआ है, जहां केन्द्र सरकार द्वारा अली का न्यायाधीश के लिए नाम लौटाने के बाद सुप्रीम कोर्ट द्वारा उनका नाम दोबारा भेजा गया और अब उन्हें उच्च न्यायालय का न्यायाधीश बना दिया गया है। ये खबर आते ही पूरे मेवाड़ संभाग में खुशी की लहर फैल गई है। मूलतः चित्तौड़ के निवासी सैयद फरजंद अली का नाम राजस्थान उच्च न्यायालय के नामी अधिवक्ताओं में शुमार है। अली ने विगत तीन दशकों में राजस्थान उच्च न्यायालय, उच्चतम न्यायालय व देश के अन्य उच्च न्यायालयों में बड़े मामलों में पैरवी की और अली कि काबिलियत का लोहा सम्पूर्ण राजस्थान मानता हैं। इसके अलावा अली कई सरकारी विभागों सहित भारत संघ के भी वकील रहे और कई बड़े व्यावसायिक मामलों में भी पैरवी की। बाद में उन्हें अतिरिक्त महाधिवक्ता, शासकीय विभाग के पद पर चुना गया। जिसकी सेवाएं वे अब तक देते आ रहे है।

# धवा - वाया मैलबा से मोड़ी मार्ग पर जानलेवा गड्ढे....15 किमी जाने में लगते हैं 1 घंटे, मरीजों प्रसूताओं की अटकी रहती हैं सांसे

>> धवा एवं गोदावास क्षेत्र की कई ग्राम पंचायत व राजस्व गांवों को जोड़ने वाली सड़कें टूटी

>> गांवों को जोड़ने वाली सड़कों का डामर उखड़ा निकली कंकरीट से परेशानी, नहीं हो रही मरमत

>> जर्जर ग्रामीण सड़कें खोल रही विधायक व स्थानीय सरपंच के विकास की पोल

स्मार्ट हलचल | राजूराम पटेल

**धवा।** कहने को यह सिर्फ धवा से मैलबा गोदावास की संपर्क सड़क हैं लेकिन अब इसमें सड़क नहीं गड्ढे बचे हैं। कौन से गड्ढे से बचें और कौन से गड्ढे में वाहन फंसे, यही धवा से वाया मैलबा, गोदावास से मोड़ी से गुजरने वाले वाहनों की स्थिति हैं सबसे बड़ी दुर्गति तो एंबुलेंस सेवा की होती हैं जो किसी मरीज या प्रसूता को मोड़ी, गोदावास ,मैलबा के क्षेत्र की प्रसूता या मरीज को जब जोधपुर जाना होता है तो यह तय नहीं होता कि मरीज को बचाएं या वाहन को मैलबा, गोदावास, मोड़ी के लोगों का हरदम इलाज डिलीवरी ऑपरेशन आदि काम हेतु इसी रास्ते से आना जाना होता है 15 किलोमीटर का सफर तय करने में एक से डेढ़ घंटे लग जाते हैं ऐसे में मरीज के साथ इमरजेंसी हो तो सांसे भी अटकी रहती हैं। धवा पचांयत समिति क्षेत्र की कई ग्राम पंचायत व राजस्व गांवो को जोड़ने वाली सड़के पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई है। ग्रामीण क्षेत्र को जोड़ने वाली इन सड़को की सालों से मरम्मत नहीं हुई है। वहीं कहीं सड़कों के बनने के सालों बाद भी एक बार भी मरमत नहीं हो पाई है। कई सड़कों की पटरियां पूरी तरह उखड़ गई है तो कईयों का डामर पूरी तरह उखड़ चुका है। सड़क के नाम पर सिर्फ कं ीट निकली हुई नजर आती हैं। सड़कों पर पड़े गड्ढों की वजह से कई बार हादसे हो चुके हैं। कहीं दुपहिया वाहन चालक इन गड्ढों की वजह से हादसे के शिकार हो चुके हैं। मैलबा गांव से वाया गोदावास होते हुए मोड़ी गांव जाने वाली मुख्य संपर्क सड़क मार्ग लम्बे समय से क्षतिग्रस्त होने की वजह से क्षतिग्रस्त होने की वजह से लोगों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है पिछले 1 साल से इस सड़क मार्ग पर मरम्मत कार्य नहीं होने की वजह से जगह जगह सड़क मार्ग पर बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं इसके चलते वाहन चालकों को आवागमन करने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। सड़क मार्ग पर बड़े-बड़े गड्ढे व नुकीले पत्थर उखड़ आए है। इसकी वजह से आए दिन वाहन चालको के टायर पंचर टायर फटने जैसे समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। इसकी वजह से वाहन चालकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लंबे समय से सड़क मार्ग पर मरम्मत कार्य नहीं होने की वजह से आए दिन दुपहिया वाहन चालक हादसे के शिकार हो रहे हैं। रात के समय सड़क मार्ग पर चलना किसी आफत से कम नहीं है। क्योंकि दुपहिया वाहन चालको



के लाइट में गड्ढे दिखाई नहीं देने की वजह से हादसों के शिकार हो रहे हैं।इस सड़क मार्ग से मोड़ी गोदावास सहित परालिया, डोली, गवालनाडा मूल की ढाणी आदि ग्रामीणों का आना जाना लगा रहता है। विश्व विख्यात हिरणों की आखेट स्थली सेला नाड़ी परालिया व हनुमान मंदिर के लिए आशिवन नवरात्रि और चैत्र नवरात्र के दिन काफी श्रद्धालुओं का आना-जाना रहता है। ऐसे में सड़क खस्ताहाल होने से श्रद्धालुओं के साथ वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का धवा के हॉस्पिटल, बैंक, पुलिस स्टेशन, पंचायत समिति सहित विभिन्न कार्यालयों में काम पड़ता रहता है और यही मार्ग सबसे छोटा व सुगम है। धवा से मैलबा के बीच करीब 10 किलोमीटर लंबी यह डामर सड़क साल भर पूर्व ही पूरी तरह से बिखर चुकी थी। मैलबा से परालिया धामट की बीच में क्षतिग्रस्त सड़क होने के कारण जगह-जगह गड्ढों बन गए है। बरसात के दिनों में इन गड्ढों में पानी भर जाता है। इस कारण दुर्घटना होने की संभावना रहती है।

## जर्जर ग्रामीण सड़कें खोल रही विधायक व स्थानीय सरपंच के विकास की पोल

ग्रामीणों का कहना है कि सड़कों की हालत सुधारने के लिए न तो क्षेत्र के जनप्रतिनिधि और न ही प्रशासनिक महकमे के अधिकारी ध्यान देते हैं । चुनाव के समय तो बड़े -बड़े वादे किए जाते हैं लेकिन चुनाव के बाद सब हवा -हवाई हो जाता है।

## महत्वपूर्ण सड़क -

धवा पचांयत समिति मुख्यालय होने से खरीदारी, उपचार व अन्य कार्यों के लिए लोग आवागमन करते हैं।बाबा के दर्शन करने के लिए रामदेवरा के पैदल जाने वाले यात्रियों के लिए क्षेत्र से आवागमन के लिए भी यही एक मात्र सड़क है। सड़क खस्ताहाल होने से हर दिन लोगों को परेशानी उठानी पड़ती है।

## जनता की जुबानी..

धवा से मैलबा तक सड़क क्षतिग्रस्त है। वाहन तो दूर पैदल चलना भी मुश्किल हो रहा है। प्रशासन ऐसे महत्वपूर्ण सड़क मार्गो की सुध लेकर आमजन को राहत उपलब्ध करवाएं।- श्रवण पटेल मैलबा

मैलबा- वाया मोड़ी से गोदावास तक सड़क पैदल चलने लायक नहीं रहा है। इस पर हर दिन परेशानी उठाते व हादसों में चोटिल होते हैं। शीघ्र मरम्मत करवाएं।- राजू पटेल मोडी, वाहन चालक

पंचायत समिति धवा से मैलबा गोदावास मोड़ी को जोड़ने वाली मुख्य संपर्क सड़क मैलबा से मोड़ी गोदावास के बीच पूरी तरह से बिखर चुकी है। इस सड़क के लंबे समय से पुनर्निर्माण की मांग की जा रही है लेकिन कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है।- राजेन्द्र गोदारा समाजसेवी

# सोजत महोत्सव समिति द्वारा आयोजित फोटोग्राफी प्रतियोगिता में भाटी रहे प्रथम स्थान पर



स्मार्ट हलचल | नथाराम बौराणा

**सोजत सिटी।** युवा फ ोटोग्राफर कृष्णा भाटी ने अपनी कल्पना शक्ति एवं कलात्मक पहलु का अद्भूत परिचय देते हुए सोजत महोत्सव समिति द्वारा आयोजित फोटोग्राफी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अर्जित किया प्रतियोगिता में 15 फोटो प्रदर्शित किए गए प्रतियोगिता प्रभारी हिमांशु व्यास ने बताया कि विद्वान निर्णायकों पूर्व पालिकाध्यक्ष मोहनलाल टांक,आनंद भाटी,माणक राज चौहान,पंकज त्रिवेदी, ताराचंद सैनी द्वारा कला पक्ष, प्रस्तुति,विषय वस्तु एवं कल्पना शक्ति के आधार पर मूल्यांकन के बाद प्रथम स्थान कृष्ण भाटी,100 में से 93 अंक द्वितीय स्थान विनोद जांगिड़,100 में से 88अंक व तृतीय स्थान पार्थ भटनागर,100 में से 82 अंक का रहा एवं दिनेश उज्ज्वल एवं मनीष जांगिड़ की फोटोग्राफी की भी सराहना की गई। प्रर्दशनी आयोजन में राम भजन बंसल, एडवोकेट पुनीत दवे,हेमंत सिंघवी,जवरीलाल बौराणा, राकेश भटनागर का सहयोग रहा वहीं सोजत महोत्सव समिति संरक्षक पूर्व पालिकाध्यक्ष मोहनलाल टांक उधमी एवं समाज सेवी जुगल किशोर निकुंम भामाशाह अनोपसिंह लखावत माणक राज चौहान गोरधनलाल गहलोत पुष्पत राज मुणोत एवं अन्य सहयोगियों के मार्गदर्शन में सोजत महोत्सव मनाया जा रहा है।

# कॉपरेटिव सोसायटी में यूरिया डीएपी खाद लेने उमड़ी किसानों की भीड़

सावर में 450 खाद के कट्टे वितरित किये गए



स्मार्ट हलचल | दिलखुश मीणा

**सावर(अजमेर)।** सावर में यूरिया डीएपी खाद लेने के लिए कॉपरेटिव सोसायटी में उमड़ी किसानों की भारी भीड़ । सावर क्षेत्र में गत दो सप्ताह से किसान यूरिया डीएपी खाद लेने के लिए भटक रहे थे । किसानों की मांग को लेकर राज्य सरकार के निर्देश पर कृषि विभाग के तत्वावधान में यूरिया डीएपी खाद की सप्लाई पहुचाई गई । बस स्टैंड के समीप में स्थित कॉपरेटिव सोसायटी में अल सबह से ही किसानों की भीड़ खाद लेने के लिए उमड़ पड़ी । कॉपरेटिव सोसायटी के व्यवस्थापक सुरेंद्र जैन भानु प्रताप सिंह शक्तावत सहित अन्य ने बताया कि किसानों के लिए 450 यूरिया डीएपी खाद के कट्टे आये है । किसानों को उनकी मांग के अनुसार आधार कार्ड से वितरित किए जा रहे हैं ।एक आधार कार्ड पर दो कट्टे दिए जा गए । प्रति कट्टा 12 सो रुपये में सरकारी वितरण रेट से दिया गया है। कम पड़ने पर ओर मंगवाया जाएगा । गौरतलब है कि गत दो सप्ताह से किसानों को खेती में बुवाई को लेकर यूरिया डीएपी खाद की जरूरत पड़ रही थी। कॉपरेटिव सोसायटी में खाद नही मिलने से किसानों को ब्लैक मार्केटिंग से खाद खरीदना पड़ा था। जिसको लेकर किसानों में भारी आक्रोश व्याप्त था।

# खेत पर फसल की रखवाली करते सर्पदंश से किसान युवक की मृत्यु



स्मार्ट हलचल | दिलखुश मीणा

**सावर(अजमेर)।** सावर थाना क्षेत्र के ग्राम बाढ़ का झोपड़ा में खेत पर फसल की रखवाली करने गए किसान युवक को सर्पदंश से तबियत बिगड़ने पर हुई मौत पर पुलिस में मामला दर्ज । सावर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत मुख्यालय बाढ़ का झोपड़ा निवासी रामप्रसाद मीणा पुत्र सुखदेव मीणा ने सावर थाना प्रभारी लक्ष्मीनारायण गुर्जर को रिपोर्ट देकर बताया कि उसका लड़का बबलू मीणा रात को उसके खेत पर बोई कपास की फसल की रखवाली करने गया था । देर रात्रि में उसको साँप ने काट लिया जिससे उसकी अचानक तबियत खराब होने की सूचना मिलने पर में खेत पर पहुँचा । सर्पदंश से बबलू की ज्यादा तबियत खराब होने पर निमेडा निवासी पूर्व सरपंच पति दुर्गा लाल गुर्जर सहित अन्य लोगो के साथ लगभग 3 बजे खेत से उसे ईलाज के लिए देवली के राजकीय चिकित्सालय में लेकर गए। देवली चिकित्सालय में चिकित्सको ने उसे मृत घोषित कर दिया ।मृतक युवक के पिता की रिपोर्ट पर थाना प्रभारी गुर्जर ने दीवान बंशी लाल मीणा को पुलिस जाप्ते के साथ देवली चिकित्सालय में भिजवाकर मृतक का पंचनामा रिपोर्ट तैयार करके पोस्टमार्टम करवाया गया । मृतक का शव पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौप दिया । पुलिस ने मामला दर्ज करके तफ्तीश शुरू कर दी है ।

# शेखावत की मां का पार्थिव शरीर पंचतत्व में विलीन:मंत्री शेखावत ने दी मां के अन्तिम संस्कार में बड़ी संख्या में परिजन और नागरिक शामिल हुए

स्मार्ट हलचल | राजूराम पटेल

**धवा।** केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत की माता व जलदाय विभाग से सेवानिवृत अतरिक्त मुख्य अभियन्ता शंकर सिंह शेखावत मेहरोली की धर्मपत्नी मोहन कंवर चम्पावत की पार्थिव देह पंच तत्वों में विलीन हो गई।

सोमवार को दोपहर जोधपुर में नागौरी गेट कागा स्थित राजपूत शमशान गृह में सम्पूर्ण विधि विधान से अन्तिम संस्कार किया गया। इकलौते पुत्र जोधपुर सांसद केन्द्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने माता के पार्थिव शरीर को मुखाग्नि दी। इससे पहले अजीत कॉलोनी स्थित निवास स्थान से अंतिम विदाई की रस्म अदा की गई। इसके बाद शव यात्रा नागौरी गेट स्थित राजपूत शमशान गृह पहूंची जहां पर विधि विधान से अन्तिम संस्कार किया गया।

## गमगीन माहौल में मंत्री शेखावत ने दी मां को मुखाग्नि

केन्द्रीय मंत्री शेखावत की मां की अंतिम विदाई यात्रा अजीत कॉलोनी स्थित निवास से दोपहर



करीब एक बजे रवाना हुई जो, सर्किट हाउस कमला नेहरू कॉलेज के सामने से होकर पावटा चौराहा, खेत सिंह का बंगला होते हुए नागौरी गेट स्थित श्री राजपूत शमशान गृह पहुंची। जहा पर दोपहर में सम्पूर्ण विधि विधान से अन्तिम संस्कार किया गया। पिता शंकर सिंह शेखावत, डॉक्टर बी एस जोधा, दुर्गादास सिंह राठौड़, शिवदास सिंह राठौड़, राजेन्द्र सिंह राठौड़, रविन्द्र सिंह मामडोली सहित परिवार के सदस्यों की मौजूदगी में मंत्री गजेंद सिंह शेखावत ने मां मोहन कंवर को मुखाग्नि दी।

केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत की मां मोहन कंवर गत काफी समय से बीमार थीं। उनका काफ़ी समय से श्वास सम्बंधी बीमारी का दिल्ली एम्स में इलाज चल रहा था। उन्होंने रविवार रात को दिल्ली एम्स अस्पताल में अन्तिम सांस ली। देर रात उनका पार्थिव शरीर सड़क मार्ग से एंबुलेंस से जोधपुर के लिए रवाना किया गया। मंत्री शेखावत परिवार के सदस्यों के साथ ही सड़क मार्ग से सुबह करीब दस बजे मां के शव के साथ जोधपुर पहुंचे। यहां पर पहुंचते ही मंत्री शेखावत की बहनें और परिवार के सदस्य फूट फूट कर रोने लगे। ऐसे में माहौल गमगीन हो गया।

मंत्री शेखावत की माताजी मोहन कंवर की शव यात्रा में राज्यसभा सांसद राजेन्द्र गहलोत, पूर्व केंद्रीय मंत्री पी पी चौधरी, पूर्व सांसद सी आर चौधरी, महाराजा सूरवीर सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष प्रसन्न मेहता, महापौर दक्षिण वनिता सेठ, विधायक पब्बाराम विशोनी, जैतारण विधायक अविनाश गहलोत, जिला अध्यक्ष देवेन्द्र जोशी, उप महापौर किशन लड्डा, शेरगढ़ पूर्व विधायक बाबू सिंह राठौड़, भाजपा के मण्डल अध्यक्ष , मोर्चा अध्यक्ष एवम् बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और विभिन्न समाजों के गणमान्य लोग शामिल हुए।

# सोशल मीडिया पर अश्लील बातों द्वारा मित्रता कर लोगों को ठगने वाला एक आरोपी गिरफ्तार

स्मार्ट हलचल | सोजत सिटी

जिला पुलिस अधीक्षक कालूराम रावत के निर्देशानुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विपिन शर्मा एवं सोजत पुलिस उप अधीक्षक डॉ हेमंत कुमार जाखड़ के सुपरविजन में सोशल मीडिया के माध्यम से मित्रता कर महिला की आवाज द्वारा अश्लील बातों में फंसा कर ठगी एवं यौन उत्पीड़न करने वाले गिरोह का पर्दाफाश कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।

सीआई जसवंत सिंह ने बताया कि प्रार्थी किशोर कुमार कच्छवाह ने रिपोर्ट दर्ज करवाई की कुछ दिनों पहले मेरे सोशल मीडिया की फेसबुक प्लेटफार्म पर मंजू मुलेवा नाम से एक फ्रेंड रिक्वेस्ट आई जिसके फ्रेंड लिस्ट में मेरे अन्य मित्रों के नाम देखकर मैंने भी फ्रेंड रिक्वेस्ट को एक्सपर्ट कर लिया उसके बाद से मंजू मुलेवा मुझे मैसेंजर पर मैसेज करती साथ ही मैसेंजर पर वॉइस कॉल करने लगी जिस पर मैंने मैसेज वॉइस कॉल करने से मना किया तो उसने बताया कि मैं अभी मानसिक तनाव



में हूं मुझे बार-बार मरने के ख्याल आते हैं। प्रार्थी ने बताया कि मुझ पर ज्यादा दबाव डालने पर बातचीत करने लग गया इसके बाद आकाश नामक व्यक्ति ने करीब 15 दिन पूर्व सोजत आकर मुझे फोन किया एवं मिलने हेतु बुलाया तथा गलत करने का दबाव डालने एवं नहीं करने पर झूठे मुकदमे मे फंसाने की धमकी देते हुए कहने लगा कि तुम्हें झूठे मामले में फंसा कर ही रहूंगा तब से लगातार इन दोनों कथित भाई बहन आकाश वह मंजू मुलेला जो अपने अलग-अलग नाम अनीता,अवनी आदि बताती है जो मुझे फोन कर बात करने पर दोस्ती का दबाव बना रहे हैं तथा बात नहीं करने पर झूठा मामला बनाकर फसाने की धमकियां देते हैं मेरे को धमकाकर 2200 सो रुपए अपने खाते में ट्रांसफर करने के लिए विवश किया। जिसके बाद पुलिस ने मामले की जांच करते हुए सीआई जसवंत सिंह के नेतृत्व में उपनिरीक्षक महेश गोयल एवं टीम द्वारा मामले की जांच करते हुए विकास पुत्र रोशनलाल बालोटिया जाति रेगर उम्र 30 साल निवासी रेगरो का बास चंडावल को गिरफ्तार किया है।

## यह थे टीम में

इस कार्रवाई के दौरान सीआई जसवंत सिंह, उपनिरीक्षक महेश गोयल,मुख्य आरक्षी बिंजा राम, कांस्टेबल संपत राज,किशोर कुमार,माधुराम किशोर कुमार आदि शामिल थे।

# अंतरराष्ट्रीय हिन्दू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल की बैठक हुई संपन्न



स्मार्ट हलचल | महेन्द्र धाकड़

**चित्तौड़गढ़।** अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद की जिला बैठक दशहरा मैदान निम्बाहेड़ा स्थित अशोक वाटिका में हुई। यह बैठक राष्ट्रीय बजरंग दल के चित्तौड़ प्रांत उपाध्यक्ष कपिल देव शर्मा के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुई। भवानीमंडी जिलाध्यक्ष चौथमल वैष्णव, राजेन्द्र सिंह पवार, मतशक्ति माया वाथरा, सवी यादव, ममता सोनवा, विशिष्ट अतिथि रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय बजरंग दल निंबाहेड़ा जिलाध्यक्ष मनोज माली द्वारा बैठक में जिला उपाध्यक्ष के दायित्व पर रुद्राक्ष पाराशर को नियुक्त किया।

नगर उपाध्यक्ष अभिषेक चपलोत लोकेश लक्षकार नगर सुरक्षा प्रमुख, जयेश राव मराठा नगर सह सुरक्षा प्रमुख, लोकेश मेवाड़ा नगर मीडिया प्रभारी, सुरेश नायक सह मीडिया प्रभारी, हितेश पुविया नगर अखड़ा प्रमुख, राजू लोहार सह अखड़ा प्रमुख, मुरली दान चारण ग्राम अध्यक्ष, सुरेश बंजारा उपाध्यक्ष, देवराज बंजारा ग्राम प्रभारी, वि म कुमावत ग्राम सह प्रभारी, दीपक पूर्बिया वार्ड अध्यक्ष, नारायण प्रजापत वार्ड अध्यक्ष, राहुल प्रजापत उपाध्यक्ष, किशन कहार, आकाश प्रजापत को नियुक्त क्या गया। बैठक में पदाधिकारियों को विजयादशमी महापर्व पर सामूहिक शस्त्र पूजन करने,परिचय पत्र बनवाने,गणवेश एवं अखाड़ों के नियमित संचालन करने के लिए प्रेरित किया ।

जिला बैठक में मुख्य अतिथि कपिल देव शर्मा ने बताया कि देश में गौहत्या पर पूर्ण प्रतिबंध का कानून पारित नहीं होना, देशभर में कई संतों की हत्याएं, बढ़ती हुई बलात्कार की घटनाएं और कश्मीर में हिंदुओ की षड्यंत्रपूर्वक हत्याओं पर सरकार का मौन दुखद है, कश्मीर घाटी में शांति स्थापित करने के लिए भारतीय सेना को फ्री हैंड करना चाहिए। बैठक में ग्राम अध्यक्ष ओमप्रकाश माली, ग्राम उपाध्यक्ष राहुल सुथार, ग्राम अध्यक्ष राकेश कुमावत, उपाध्यक्ष भगवान लाल, पूर्बिया ओजस्विनी, ग्राम अध्यक्ष पूजा वैष्णव, उपाध्यक्ष यशोदा पूर्बिया एव बड़ी संख्या में ग्राम नगर सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# आजादी का अमृत महोत्सव'' के अन्तर्गत 09 से 16 अक्टूबर 2021 तक मनाए जाने वाले राष्ट्रीय डाक सप्ताह कार्यक्रम

स्मार्ट हलचल | महेन्द्र धाकड़

**चित्तौड़गढ़।** राष्ट्रीय डाक सप्ताह तहत आज सोमवार को चित्तौड़गढ़ व प्रतापगढ़ जिलों में बैंकिंग दिवस मनाया गया। इस उपलक्ष्य में मण्डल के बेगूं व अरनोद उपडाकघरों में बचत मेलों का आयोजन कर कुल 500 से अधिक सुकन्या समृद्धि खाते व अन्य बचत बैंक खाते खोले गए।

अधीक्षक डाकघर गोपाल लाल शर्मा ने बताया कि राष्ट्रीय डाक सप्ताह मनाने की इस कड़ी में 12 अक्टूबर को पीएलआई दिवस मनाया जाएगा, जिसमें आमजनों/सरकारी कर्मचारियों को ग्रामीण डाक जीवन बीमा व डाक जीवन बीमा पॉलिसियों का वि य सभी डाकघरों में किया जाएगा। आमजन अधिक से अधिक संख्या में अपने नजदीकी डाकघर में पधारकर इस बीमा योजना का लाभ उठा सकते हैं।

13 अक्टूबर को प्रधान डाकघर चित्तौड़गढ़ में फिलेटली दिवस मनाया जाएगा, जिसमें अधिक से अधिक व्यक्तियों के पी.डी. खाते खोले जाएंगे। विभिन्न प्रकार के डाक टिकटों का संग्रहण करनेर वाले व्यक्ति इस योजना का लाभ उठा सकते हैं।

14 अक्टूबर को प्रधान डाकघर चित्तौड़गढ़ व भाभानगर उपडाकघर में वृहद आधार मेलों का आयोजन किया जाएगा। जिसपर अधिक से अधिक नए आधार बनाने एवं आधार अपडेशन का कार्य किया जाएगा। इसी प्रकार 16 अक्टूबर को डाक दिवस मनाया जाएगा। डाक दिवस के दिन आमजनों की डाक संबंधी समस्याओं का समाधान किया जाएगा।

# भक्त की मन्नत पूरी होने पर लोटन यात्रा करते हुए माता के दर्शन किए



स्मार्ट हलचल | राजेश शर्मा

**धनोप।** रविवार को बावड़ी के रामकिशन गुर्जर उनके गांव से सुबह 5:00 बजे लोटन यात्रा करते हुए रवाना हुए जो रात सांगरिया बगीची के बालाजी पर ठहरे। सोमवार शाम 5 बजे धनोप माता मंदिर पहुंचकर साई कालीन आरती के दर्शन किए। उनके साथ पैदल चलने वाले पद यात्री लाला राम गुर्जर सांगरिया,रमेश पुरी सांगरिया, नानूराम गुर्जर बावड़ी, कालूराम गुर्जर बावड़ी,लकी गुर्जर, शांति लाल गुर्जर, सोनू गोस्वामी बावड़ी आदि लोटन यात्रा में इनके साथ रहे।

# जिला स्तरीय माली समाज की बैठक संपन्न

स्मार्ट हलचल | सोजत सिटी

**पाली।** जिला माली सैनी संस्थान की संगठनात्मक बैठक विधानसभा क्षेत्र के अनुरूप जैतारण माली समाज बगीची में संपन्न हुई। बैठक के मुख्य अतिथि माली समाज के लाडले एवं जैतारण विधायक अविनाश गहलोत, रामदेव सोलंकी अध्यक्ष माली समाज एवं अध्यक्षता सोहनलाल टांक संस्थान के पाली जिला अध्यक्ष द्वारा की गई। बैठक का शुभारंभ अतिथियों द्वारा महात्मा ज्योतिबा फुले, माता सावित्रीबाई फुले एवं माली समाज के आराध्य देव संत शिरोमणि श्री श्री 1008 श्री लिखमीदास जी महाराज की पूजा अर्चना एवं दीप प्रज्जवलित कर की गई। माली समाज द्वारा मिटिग में पधारे सभी अतिथियों का स्वागत अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर माली समाज जैतारण के छात्रावास अध्यक्ष तुलसीराम ने कहा कि जिला स्तरीय संगठन बनाना बहुत जरूरी है। संगठन का सभी से सहयोग कर माली समाज को विकास शिक्षा एवं एकता की अग्रिम पंक्ति में खड़ा करना अति आवश्यक समझे। वहीं आनंदपुर कालू के माणक भाटी ने कहा कि संपूर्ण समाज को शिक्षा के प्रति जागरूक करना अति आवश्यक है शिक्षित करने में बच्चे बच्चियों में भेदभाव नहीं होना चाहिए। पूर्व चेयरमैन वैणाराम गहलोत ने अपने में कहा कि संगठन में शक्ति है



जिसका परिणाम पूर्व विधानसभा चुनाव जैतारण में आप सभी को देखने को मिला है। वहीं सोजत के ताराचंद सैनी ने संस्था के गठन के उद्देश्यों के बारे में अवगत कराया एवं साथ ही पूर्व बैठक की कार्रवाई को साझा कर सभी से संस्था के विकास, संगठन को मजबूती प्रदान करने काआव्हान किया गया। डॉ आनंद भाटी ने कहा कि सामज संगठित रहकर समाज में फैली कुरीतियों एवं फिजूलखर्ची को रोकना अति आवश्यक है। बैठक की अध्यक्षता कर रहे जिला अध्यक्ष सोहनलाल टांक ने कहा कि समाज को राजनैतिक, सामाजिक एवं शिक्षा के क्षेत्र में पिछड़ता हुआ देखकर मजबूती प्रदान करने के लिए संपूर्ण जिले के समाज बंधुओं को जागृत करने हेतु संगठन बनाना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि मैं समाज के हर भाई के साथ सुख दुःख में खड़ा रहकर समाज की सेवा करूंगा। आप सभी मुझे तन मन धन से सहयोग करें। विधानसभा क्षेत्र जैतारण से मेरी कार्यकारिणी में सहयोग हेतु स ि य कार्यकर्ताओं को जोड़ें। बैठक के मुख्य अतिथि जैतारण विधायक अविनाश गहलोत ने कहा कि मैं समाज का ऋणी हूं मैं संस्थान एवं आप सभी का संपूर्ण रूप से हर समय सहयोग करता रहूंगा। माली समाज जैतारण के अध्यक्ष रामदेव सोलंकी ने कहा कि समाज में धन की कोई कमी नहीं होती है जिसको सेवा करने का मौका मिलता है उसे बढ़-चढ़कर सेवा कर समाज का नाम रोशन करना चाहिए। समाज की अंदरुनी एवं पारिवारिक समस्याओं को मिल बैठकर निवारण करने की पुरजोर कोशिश की जाएगी। समाज के पूर्व अध्यक्ष तुलसी राम गहलोत ने कहा कि समाज आज ही प्रस्ताव लेकर प्रतिभावान छात्रों को छात्रवृत्ति देने की शुरुआत करें हम सभी छात्रवृत्ति देने का समर्थन करते हैं । बैठक में उपस्थित रामदेव महावर रास, भोमाराम गहलोत,कालुराम देवड़ा, आत्माराम सांखला, ताराराम अमरपुरा, रामेश्वर लाल तंवर, जवरीलाल भाटी, मोहनलाल टांक, सुरेश निमाज,जसाराम गहलोत, चुतराराम भाटी, मिश्रीलाल सोलंकी, चन्दाराम देवड़ा, पप्पूराम सोलंकी, अशोक सोलंकी, नेनुराम चौहान आदि सैकड़ों समाज बन्धु उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन भागीरथ भाटी किया।

# रीको द्वारा भूखण्डों की ई-नीलामी प्रारम्भ

स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा

रीको द्वारा भीलवाडा जिले में स्थित औद्योगिक क्षेत्रों में औद्योगिक, आवासीय एवं व्यावसायिक भूखण्डों की ई-नीलामी प्र ि या दिनांक 11.अक्टूबर से प्रारम्भ की गई है।

अति महाप्रबन्धक पी.आर.मीणा ने बताया कि औद्योगिक क्षेत्र बिजौलिया में 2 औद्योगिक, ग्रोथ सेन्टर हमीरगढ में 9 औद्योगिक, 17 आवासीय, 6 व्यावसासिक, औद्योगिक क्षेत्र रायला में 2 औद्योगिक, करनपुरा में 12 औद्येगिक व कान्याखेडी में 4 औद्योगिक भूखण्ड ई-नीलामी हेतु उपलब्ध है।

इच्छुक बोलीदाता दिनांक 26.10.2021 सायः 6.00 बजे तक ऑनलाईन अमानत राशि जमा कराकर ई-नीलामी में भाग ले सकता है। नीलामी की विस्तृत जानकारी www.riico.co.in पर लॉगिन कर प्राप्त की जा सकती है।

# रीट 2021 भर्ती के विरोध प्रदर्शन स्वरूप आज भारतीय जनता युवा मोर्चा जालौर का विशाल धरना प्रदर्शन

## शिक्षा मंत्री डोटासरा को बर्खास्त किया जाए- श्रवणसिंह राव

**स्मार्ट हलचल | भरत सोनी**




**जालौर/भीनमाल।** पूरे राजस्थान प्रदेश में युवा मोर्चा द्वारा जिला मुख्यालयों पर रीट भर्ती परीक्षा के हुई धांधली के विरोध में प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनिया एवं भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष हिमांशु शर्मा के निर्देशन में विशाल धरना प्रदर्शन कर कांग्रेस सरकार एवं शिक्षा मंत्री गोविंद सिंह डोटासरा के खिलाफ किए जा रहे हैं जिसमें भारतीय जनता युवा मोर्चा जालौर द्वारा आगामी 11 अक्टूबर 2021 को जिला कलेक्टर महोदय जालौर को भारतीय जनता युवा मोर्चा संयुक्त रूप से विशाल धरना आयोजित कर महामहिम राज्यपाल के नाम ज्ञापन दिया।जिलामीडिया प्रभारी अधिवक्ता सुरेश सोलंकी ने बताया कि जालौर शहर स्थित मलकेश्वर मठ में कार्यकर्ता एकत्रित हुए जहाँ से जिलाध्यक्ष श्रवणसिंह राव जालोर विधायक जोगेश्वर गर्ग आहोर विधायक छगनसिंह राजपुरोहित राष्ट्रीय परिषद सदस्य व पूर्व जिलाध्यक्ष रविंद्रसिंह बालावत जिला प्रमुख राजेश कुमार भाजयुमो प्रदेश कोषाध्यक्ष स्वरूप माहेश्वरी भाजयुमो जिलाध्यक्ष गजेन्द्रसिंह सिसोदिया पूर्व मंत्री भूपेंद्र देवासी वरिष्ठ नेता मंगलसिंह सिराणा

के नेतृत्व में जिला कलेक्टर कार्यालय के बाहर पहुँचे।वहाँ सभी वक्ताओं ने संबोधित किया। संबोधित के पश्चात जिला कलेक्टर महोदय के मार्फत महामहिम राज्यपाल महोदय के नाम ज्ञापन सौंपा।

भाजपा जिलाध्यक्ष श्रवणसिंह राव बोरली ने कहा कि राजस्थान विधानसभा चुनाव-2018 से पूर्व भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस दल द्वारा जन-घोषणा पत्र राजस्थान जारी किया गया था। जिसके पृष्ठ ' मांक 15 के बिन्दु ' मांक 6 के माध्यम से यह वादा किया गया था की रीट की समीक्षा करते हुए अन्य पात्रता, योग्यता, प्रतियोगिता परीक्षाओं से जुड़ी विसंगतियों को दूर किया जाएगा। परन्तु सत्ता में आने उपरान्त भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने वादा खिलाफी के नए मापदण्डों को स्थापित करते हुए प्रतियोगी परीक्षाओं में विसंगतियों को हटाना तो दूर की बात, सभी भर्ती परीक्षाओं में अनियमितताएं की।

भाजयूमो जिलाध्यक्ष गजेन्द्रसिंह सिसोदिया ने कहा कि राजस्थान अध्यापक पात्रता परीक्षा ('श्वश्व')-2021 में हुई अनियमितताओं के माध्यम से राजस्थान सरकार द्वारा लगभग 26 लाख अभ्यार्थियों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने का काम किया है। उक्त परीक्षा दिनांक 26 सितंबर, 2021 को दो पारियों में आयोजित की गई थी। प्रथम पारी का समय प्रातः 10 बजे से 12:30 बजे तक था तथा द्वितीय पारी का समय दोपहर 02:30 से 05:00 बजे तक था। परन्तु आश्चर्यजनक रूप से परीक्षा प्रश्न पत्र की प्रति परीक्षा प्रारम्भ होने के नियत समय 10:00 बजे से दो घण्टे पूर्व अर्थात 8:00 बजे ही कई अभ्यार्थियों को शिक्षा मंत्री श्री गोविन्द सिंह डोटासरा जी के गैर-जिम्मेदार कृत्य के कारण सरकारी कर्मचारियों एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओं के माध्यम से उपलब्ध करा दी गई। इसके साथ-साथ यह भी उल्लेखनीय है कि कई परीक्षा केंद्रो पर प्रेक्षक के नियत समय पर न पहुंचने के कारण परीक्षा पत्र उन केंद्रो पर देरी से दिया गया। इसके अतिरिक्त इलेक्ट्रोनिक माध्यमों से नकल कराने के मामले भी आज आम जन के संज्ञान में है।भाजयूमो प्रदेश कोषाध्यक्ष स्वरूप माहेश्वरी ने कहा कि सरकार द्वारा कुछ कर्मचारियों के खिलाफ आंशिक कार्यवाही करते हुए यह तो माना गया है परीक्षा में गड़बड़ी हुई। परन्तु सरकार मात्र आंशिक कार्यवाही करके इतिश्री नहीं कर सकती।

जालोर विधायक जोगेश्वर गर्ग ने कांग्रेस सरकार की विफलताओं के बारे में स्पष्ट किया कि यह केवल और केवल घोटाले की सरकार है। इस सरकार में केवल और केवल भ्रष्टाचार कालाबाजारी बड़ी है।चूंकी यह मामला 26 लाख अभ्यार्थियों के भविष्य से जुड़ा हुआ है तथा पेपरलीक और नकल के गंभीर आरोप सरकारी कर्मचारियों व कांग्रेस के कार्यकर्ताओं पर लग रहे हैं, उक्त मामले की निष्पक्ष जांच सीबीआई के माध्यम से करवानी आवश्यक है।आहोर विधायक छगनसिंह राजपुरोहित ने कहा कि राजस्थान के शिक्षा मंत्री श्री गोविन्द सिंह डोटसरा जी के कार्यकाल में पूर्व में कई भर्ती परीक्षाओं में अनियमितताएं पाई गई है। अपने परिवारजनों को नौकरी लगाने के लिए आम युवाओं का भविष्य खराब कर देने की बात सभी के सामने है। राजस्थान में युवाओं के मध्य उक्त मामले को लेकर गभीर रोष है।

राजस्थान अध्यापक पात्रता परीक्षा ('श्वश्व')-2021 में हुई अनियमिताओं की सीबीआई जांच की जावें।

राजस्थान अध्यापक पात्रता परीक्षा ('श्वश्व')-2021 में अनियमितताओं के लिए जिम्मेदार प्रदेश के शिक्षा मंत्री श्री गोविन्द सिंह डोटासरा से इस्तीफा लिया जावे या इस्तीफा ना दिये जाने की स्थिति में राजस्थान के मुख्यमंत्री, डोटासरा को शिक्षामंत्री के पद से बर्खास्त किया जावें। राजस्थान अध्यापक पात्रता परीक्षा ('श्वश्व')-2021 को निरस्त किया जावे तथा विसंगतियों को दूर करते हुए निकट भविष्य में पुनः आयोजित करवाई जावें। इस पूरे मामले में माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डी.पी. जारोली के जिस तरह बयान सामने आए है, उससे प्रतित होता है कि वैधानिक पद पर रहते हुए जारोली कांग्रेस के कार्यकर्ताओं की तरह काम कर रहे हैं। भारतीय जनता युवा मोर्चा इसकी कड़े शब्दों में भर्त्सना करता है और उनकी बर्खास्तगी की मांग करता है।कार्यक्रम में मंच संचालन भाजयुमो नगर अध्यक्ष दिलीप भट्ट ने किया।

### ये रहे उपस्थित..

इस दौरान ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष ओबाराम देवासी महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष मंजू सोलंकी अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष महबूब खान एससी मोर्चा जिलाध्यक्ष मिश्रीमल मेघवाल जिलामंत्री सुशीला सैन किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष पहाड़सिंह राव नाथूसिंह तीखी जालोर नगर अध्यक्ष अधिवक्ता सुरेश सोलंकी नगर महामंत्री रतन सुथार युवा नेता परमवीर सिंह भाटी दशरथ सिंह भाटी भीनमाल नगर अध्यक्ष महेंद्र सोलंकी मांगीलाल राव टीकमसिंह भाजयुमो जिला महामंत्री ललित राजपुरोहित प्रकाश जांगू अशोकसिंह रवि सोलंकी अशोक गुर्जर किसनाराम प्रजापत राहुल व्यास लक्ष्मणसिंह देवड़ा कानसिंह वि' म सोलंकी हेमेंद्रसिंह बगेड़िया दिव्यप्रकास गोयल पार्षद गीता मीणा उर्मिला दर्जी बंशीलाल सुथार भरत प्रजापत रवि गहलोत अभिषेक सोनी दिलीप सोलंकी विजयराज चौधरी स्वरूपसिंह जबराराम माली प्रेमाराम देवासी रामदेव सिंग श्रवणसिंह रमेश सैन गोपाराम प्रजापत खुमानसिंह महेन्द्रसिंग महिपालसिंह रामलाल पुरोहित उगमसिंह खेतसिंह प्रवीण दवे अर्जुन हीरागर हरीश त्रिवेदी विक्रम गवारिया उगमसिंह सहित कहि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## 4 लीटर अवैध हथकड़ी शराब सहित आरोपी गिरफ्तार



**स्मार्ट हलचल | भरत सोनी**

**भीनमाल।** स्थानीय पुलिस ने भीनमाल थाना क्षेत्र के पादरा गांव में कार्रवाई करते हुए अवैध04 लीटर हथकढ़ शराब सहित एक आरोपी को गिरफ्तार किया।पुलिस के अनुसार एसपी श्यामसिंह के निर्देशन में अवैध हथकढ़ शराब के विरुद्ध चलाए जा रहे हैं अभियान के तहत पुलिस उप अधीक्षक शंकरलाल के सुपरविजन तथा थानाधिकारी दुलीचंद गुर्जर के नेतृत्व में सहायक उप निरीक्षक कल्याणसिंह के नेतृत्व में अलग-अलग टीमें गठित की गई। जिसमें पादरा गांव में प्राइवेट वाहन में हल्का गश्त के दौरान सरहद पादरा में एक व्यक्ति प्लास्टिक जरीकन लेकर आता दिखाई दिया,जो पुलिस जाब्ता देखकर देखकर भागने लगा। जिसको दस्तयाब कर पूछताछ की गई तो अपना नाम गोविंद पुत्र खेताराम बागरी निवासी पादरा होना बताया। उक्त व्यक्ति के कब्जे से 4 लीटर अवैध शराब बरामद कर मुलजिम गोविंद को गिरफ्तार कर आबकारी अधिनियम में मुकदमा दर्ज कर अनुसंधान जारी है। कार्रवाई के दौरान पुलिस टीम में एसआई कल्याणसिंह, पूनमाराम, कांस्टेबल प्रकाश विश्नोई, रामलाल गोदारा, कुंपाराम शामिल रहे।

## अखिल भारतीय ब्राह्मण परिषद (रजि) ने किया कन्या पूजन, यज्ञ अनुष्ठान व डांडिया कार्यक्रम



**स्मार्ट हलचल | श्रीराम इंदौरिया**

**उदयपुर/जयपुर।** अखिल भारतीय ब्राह्मण परिषद (रजि) उदयपुर इकाई के द्वारा नवरात्रि महोत्सव के महापर्व पर 51 कन्याओं का पूजन कर 11 जोड़ो ने देवी स्वरूपा कन्याओं से आशीर्वाद प्राप्त किया। संगठन की महिला प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष आचार्य अनीता पालीवाल ने बताया कि नवरात्रि में कन्या पूजन का विशेष महत्व होता है और ब्राह्मण समाज सदैव से ही वैदिक संस्कृति का संवाहक और संवर्धन करने वाला रहा है। नवरात्रि के पावन पर्व पर अखिल भारतीय ब्राह्मण परिषद (रजि.) उदयपुर इकाई की ओर से बाल रूपी 51 कन्या पूजन का आयोजन किया गया। कन्या पूजन में सभी संगठन के पदाधिकारी एवं मुख्य अतिथि डॉ.कनिका जी और रतन सिंह राजपुरोहित ने श्रद्धा ओर भक्ति के साथ पूजन किया। जिसमें सर्वप्रथम 11 जोड़ो द्वारा यज्ञ करके उदयपुरवासियो के लिये खुशहाली की कामना की गई। संगठन की मातृशक्तियो (महिला प्रकोष्ठ) द्वारा माता रानी के सम्मुख डांडिया नृत्य किया गया। 11 वर्ष से कम बालरूपी 51 कन्याओं के पैर पखार कर पूजन किया एवं भोजन प्रसादी खिलाकर उपहार दिए। संभाग प्रभारी केशव मोड़, युवा संभागीय अध्यक्ष पंकज सुखवाल, युवा जिलाध्यक्ष विजय जोशी, जिला महासचिव अरुण पाठक, जिला संयोजक हेमन्त रावल, नगर अध्यक्ष गौतम शर्मा, नगर महामंत्री दीपक शर्मा, नगर सचिव मिहिर जानी, जिला महामंत्री दीपक जोशी, नगर प्रभारी ओम प्रकाश जोशी, बड़गांव मण्डल अध्यक्ष विनोद चौबीसा, कमलेश, उपाध्यक्ष अनिता जोशी, निमिषा जोशी, सुमन मेहता, महामंत्री मधु मेनारिया, प्रचार मंत्री करुणा मेनारिया, दुर्गा मेनारिया, सरोज मेनारिया, कुमुद पुरोहित, दीप्ति पालीवाल, कोषाध्यक्ष अनीता शर्मा आदि पदाधिकारियो का सक्रिय सहयोग रहा। कार्यक्रम का संचालन गिरीराज पालीवाल ने किया।

## अचलगच्छ जैन श्वेताम्बर ट्रस्ट के उपाध्यक्ष एवं सचिव बहाल

### सहायक आयुक्त देव स्थान विभाग जोधपुर का आदेश निरस्त

**स्मार्ट हलचल | भरत सोनी**

**भीनमाल।** स्थानीय अचलगच्छ जैन श्वेताम्बर ट्रस्ट के उपाध्यक्ष एवं सचिव को आयुक्त देव स्थान विभाग उदयपुर ने निर्णय देकर उनको बहाल किया गया है । इसी निर्णय में सहायक आयुक्त देव स्थान विभाग जोधपुर द्वारा दिये गये निर्णय भी विधि सम्मत नहीं होने के कारण उसे निरस्त किया गया है । प्राप्त जानकारी के अनुसार दलीचंद सेठ एवं मोहनलाल सेठ ने राजस्थान लोक प्रन्यास अधिनियम 1959 के अन्तर्गत धारा 20 के तहत सहायक आयुक्त देव स्थान विभाग जोधपुर द्वारा प्रकरण संख्या 03/2017/ जालोर दिनांक 06-10-2017 एवं प्रकरण संख्या 05/2018/ जालोर 08-07-2019 में पारीत किये गये निर्णय से व्यथित होकर अलीप प्रस्तुत की थी । जिस पर आयुक्त देव स्थान विभाग उदयपुर ने इनके पक्ष में निर्णय देकर इन दो ट्रस्टीयों को हटाने के आदेश को निरस्त करते हुए सहायक आयुक्त देव स्थान विभाग जोधपुर द्वारा पारित निर्णय से पूर्व की स्थिति को यथावत रखा गया ।उल्लेखनीय है कि 14 नवम्बर 2016 को ट्रस्ट की बैठक में दलीचंद सेठ एवं मोहनलाल सेठ को ट्रस्ट विरोधी कार्य करने के लिए निष्कासित करने का निर्णय लिया गया । इन दोनों ट्रस्टीयों के स्थान पर दो नये ट्रस्टी को नियुक्त करने का निर्णय 23 दिसंबर 2016 की बैठक में लिया गया । इसी बैठक में दलीचंद सेठ एवं मोहनलाल सेठ के स्थान पर अचलराज उकचंद सेठ को ट्रस्टी लिया गया । जिन्हें सचिव का पद दिया गया था ।

इस निर्णय के बाद सचिव पद पर बहाल हुए मोहनलाल सेठ ने ट्रस्ट मंडल में सचिव पद पर कार्य भार ग्रहण किया । इस अवसर पर भारी संख्या में इनके समर्थक भी उपस्थित रहे ।

## प्रशासन गांवों के संग अभियान - 2021 केम्प का मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने किया निरीक्षण

**स्मार्ट हलचल | नरेन्द्र शर्मा, मनीष शर्मा**



**कुवारिया।** प्रशासन गांवों के संग अभियान केम्प ग्राम पंचायत गवारडी का आयोजन राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में किया गया। केम्प के दौरान मुख्य कार्यकारी अधिकारी निमिषा गुप्ता ने निरिक्षण कर सभी विभागों की प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा कि एवं ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं में अधिक से अधिक लाभ देने हेतु केम्प का उपयोग करने का आव्हान किया।

केम्प में हरीराम पिता भुरा भील एवं नाराणी पिता मादु भील निवासी-शिवपुरा को समाज कल्याण विभाग की ओर से ट्राई - साईकल का वितरण किया ग्राम पंचायत द्वारा शिविर में प्रधानमंत्री आवास के 06 आवेदन, 122 आवासीय पट्टे, 04 पालन हार, 12 पेंशन, जन्म-मृत्यु पंजीयन 13 किया गया। ग्रामीण जनों ने स्थानीय विद्यालय में शौचालय की मांग रखी, जिस पर प्रधान आदित्य प्रताप सिंह चौहान द्वारा ग्रामीणों को स्वीकृति आश्वस्त किया गया। सरपंच बाबु लाल सोनी, उप सरपंच पवन मेनारिया एवं ग्रीन गवारड़ी क्लब के सदस्यों ने मुख्य कार्यकारी अधिकारी के समक्ष स्थानीय मॉडल तालाब पर युवाओं द्वारा किये जा रहे वृक्षारोपण की जानकारी देने पर मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने मॉडल तालाब का निरिक्षण कर मॉडल तालाब पर उद्यान निर्माण का प्रस्ताव मगानरेगा योजना में प्रेषित करने के निर्देश दिये व स्थानीय युवाओं को प्रकृति के प्रति जागरुक होकर किये जा रहे वृक्षारोपण के लिये धन्यवाद दिया। शिविर में उपस्थित समस्त विभागों के अधिकारियों द्वारा अपने-अपने विभाग से सम्बन्धित योजनाओ की जानकारी देते हुये। आमजन को शिविर में लाभान्वित किया गया। शिविर में उपखण्ड अधिकारी मनसुख राम डामोर, प्रधान आदित्य प्रताप सिंह चौहान, उप प्रधान कमलेश चौधरी, विकास अधिकारी भुवनेश्वर सिंह चौहान, तहसीलदार ईश्वर लाल खटीक, पंचायत समिति सदस्य लक्ष्मी बाई गमेती, विधायक प्रतिनिधि शेखर कुमार, समाज सेवी माधव लाल जाट, शान्ति लाल प्रजापत, शम्भु नाथ, सरपंच बाबुलाल सोनी, उप सरपंच पवन मेनारिया, सहायक विकास अधिकारी राजेश कुमार जैन व गिरिराज आगाल, ग्राम विकास अधिकारी प्रकाश सिंह देवड़ा, दिनेश वर्मा, ओमप्रकाश रेगर, सुरेश शर्मा, रतन सिंह राव, वरिष्ठ सहायक मुकेश कुमार मेहता सहित समस्त विभागीय अधिकारी/कर्मचारी व आमजन मौजुद रहें।

## व्यक्तिगत लाभ की योजनाओं का लाभ उठाए आमजन- विधायक

**स्मार्ट हलचल | नरेन्द्र शर्मा, मनीष शर्मा**

**कुवारिया।** राजसमन्द 11 अक्टूबर विधायक सुदर्शन सिंह रावत ने शुक्रवार को उपखण्ड की ग्राम पंचायत अजीतगढ़ पंचायत मे आयोजित शिविर का अवलोकन किया एवं उपखण्ड अधिकारी उम्मेद सिंह से सभी विभागवार प्राप्त परिवेदनाओ की जानकारी लेकर आज ही समस्त समस्याओ के निपटान के निर्देश दिये। विधायक रावत ने एसडीओ सिंह को व्यक्तिगत लाभ की प्रदेश की गांधीवादी गहलोत सरकार की फ्लेगशिप योजनाओं का आज ही निस्तारण करने के निर्देश दिए। विधायक रावत ने प्रत्येक विभाग के काऊन्टर पर मौजूद आमजन एवं विभाग के अधिकारियों से वार्ता कर प्रगत्ति एवं आमजन जन की परिवेदना जानी। विधायक रावत ने इस दौरान शिविर को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश की गहलोत सरकार का स्पष्ट निर्देश है कि शिविर में आने वाली प्रत्येक व्यक्तिगत लाभ की योजनाओं की शिकायत , समस्या या आवेदन का हाथो हाथ निस्तारण हो। सरकार की मंशा है कि किसी भी सूरत में हमारी फ्लेगशिप योजनाओं की स्वीकृति, निस्तारण में किसी भी स्तर पर विलम्ब नहीं होना चाहिए। आम जन से भी आह्वान किया कि विभागीय अधिकारी तो प्रयास कर रहे है। परन्तु लाभार्थी को भी चाहिए की सभी आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत कर अपना आवेदन स्वीकृत कराए। यदि अपने आवेदन को लेकर किसी भी प्रकार की कोइ तकनीकी या प्रशासनिक दिक्कत हो तो उपखण्ड अधिकारी को अवगत कराए। ताकी समाधान की और बढ़कर आपको राहत दी जा सके। इसको लेकर आवेदक को भी आगे आना पडेगा। दौरान एसडीओ उम्मेद सिंहए तहसीलदार भीमराज, सरपंच सोहनी देवी, पीएचईडी के सहायक अभियन्ता धन्ना लाल जाटोलियाए पीडब्ल्यूडी के अधिषाशी अभियन्ता केशराम मीणाए बीसीएमओ डाण् समर्थ मीणा सहित अधिकारी एवं आमजन माजूद थे।

## उदयवीर रियल हीरो इंडियन आर्मी शॉर्ट फिल्म को मिला श्रेष्ठ प्रेरणादायी फिल्म का अवार्ड



**स्मार्ट हलचल | जयपुर**

उदयवीर रियल हीरो इंडियन आर्मी शॉर्ट फिल्म को मिला श्रेष्ठ प्रेरणादायी फिल्म का अवार्ड कोटा, चम्बल इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल का आगाज 9 और 10 अक्टूबर 2021 को कोटा नगरी में आयोजित किया गया। उदयवीर रियल हीरो इंडियन आर्मी शॉर्ट फिल्म चम्बल इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में दिखाई गई, जैसे ही फिल्म समाप्त हुई यूआईटी आडिटोरियम दर्शकों की तालियों से गुंज उठा तथा ज्यूरी सदस्यों और दर्शकों ने खड़े होकर इस प्रेरणादायी फिल्म की प्रशंसा की। कोरोना काल में भी उदयवीर रियल हीरो इंडियन आर्मी शॉर्ट फिल्म ने आन लाइन सम्मान समारोह में कई बड़े अवार्ड जीते और यह फिल्म सभी वर्ग के लोगों को एक संदेश देती रही कि जीवन में आने वाली कठिनाइयों का डटकर मुकाबला करना चाहिए। ज्यूरी सदस्यों ने मंच पर आपकर फिल्म के हीरो भूतपूर्व सैनिक नायक उदयवीर सिंह यादव और डायरेक्टर तपतेश कुमार मेवल की होंसला अफजाई की। इस फिल्म का निर्माण उदयवीर सिंह यादव और सुनीता यादव ने किया था, कहानीकार अनिल कुमार यादव और डायरेक्शन तपतेश कुमार मेवल ने किया था। चम्बल इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल के डायरेक्टर डॉ कपिल सिद्धार्थ ने इस एक प्लेटफार्म पर 54 देशों की 701 फिल्में दो दिन में दिखाई गई।इस फिल्म के श्रेष्ठ प्रेरणादायी अवार्ड के अन्तर्गत एक प्रमाणपत्र और मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया।

## शिक्षकों के हो स्थानांतरण व गैर- शैक्षिक कार्यों से मिले मुक्ति

**स्मार्ट हलचल | नरेन्द्र शर्मा, मनीष शर्मा**



**कुवारिया।** राजस्थान शिक्षक संघ के प्रदेश स्तरीय निर्णय के अनुसार राजसमंद जिला अध्यक्ष महेश कुमार जाट के नेतृत्व में जिला व ब्लॉक कार्यकारिणी के पदाधिकारियों के द्वारा जिला कलेक्टर राजसमंद को मुख्यमंत्री व शिक्षा मंत्री राजस्थान सरकार को ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन में मांग की गई कि सरकार तृतीय श्रेणी शिक्षकों के स्थानांतरण अति शीघ्र करें एवं शिक्षकों के धैर्य की परीक्षा अब और नहीं ले साथ ही शिक्षकों को गैर शैक्षिक कार्यों से मुक्त करें।

जिला संयोजक केवल राम ने बताया कि लंबे समय से स्थानांतरण से वंचित होने से हजारों शिक्षक दूर-दराज क्षेत्रों में अपने परिवार से दूर अपनी सेवाएं दे रहे हैं। वहीं कई शिक्षकों की पारिवारिक परिस्थितियां बहुत ही प्रतिकूल हैं जिसके कारण वे अपनी पारिवारिक जिम्मेदारियां नहीं उठा पा रहे हैं अतः शीघ्र इनके स्थानांतरण करें।

जिला महिला संयोजिका ज्योति पालीवाल ने बताया कि सरकार शिक्षकों को गैर-शैक्षिक कार्यों यथा-विभिन्न कार्यालय में प्रतिनियुक्ति व बीएलओ कार्यो से मुक्त करें साथ ही दीपावली के त्यौहार को मध्यनजर रखते हुए मध्यावधि अवकाश तदनुसार घोषित किया जाए।

इस दौरान सभा अध्यक्ष चंपालाल, मंत्री धर्मेंद्र सिंह ढाका, सत्येंद्र सिंह धाकड़, महेंद्र निठारवाल, पुरुषोत्तम पुरोहित, शेखर चंद, संतोष यादव, अमित मीणा, सत्येंद्र सिंह गुर्जर आदि उपस्थित रहे।

## 13 फीट लम्बे अजगर का रेस्क्यू किया

**चित्तौड़गढ़, 11 अक्टूबर ।** दुर्ग की तलहटी में स्थित मानपुरा गांव में बीती रात करीब 13 फीट लंबा विशाल अजगर देखे जाने से दहशत फैल गई, जिसे वन्यजीव प्रेमियों द्वारा कड़ी मशक्कत के बाद रेस्क्यू कर वन क्षेत्र में छोड़ दिया गया।

जानकारी के अनुसार मानपुरा निवासी दीपक पिता तेजपाल कुमावत के घर के बाहर 13 फीट लंबा विशाल अजगर देखे जाने से आस-पास के घरों के निवासियों में दहशत फैल गई तथा मौके पर कई व्यक्ति एकत्रित हो गए। गृह स्वामी दीपक की सूचना पर दुर्ग निवासी राहुल मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों की सहायता से अजगर का सुरक्षित रेस्क्यू कर दुर्ग के वन क्षेत्र में छोड़ा। उल्लेखनीय है कि गृह स्वामी द्वारा इस संबंध में वन विभाग को भी सूचित किया था, लेकिन वहां से कार्मिक नहीं होने का जवाब दे दिया गया। जिससे परेशान गृह स्वामी ने वन्यजीव प्रेमी राहुल से संपर्क किया जिन्होंने मौके पर पहुंचकर का सुरक्षित रेस्क्यू किया।

## जिला बाल संरक्षण इकाई की बैठक आज

**चित्तौड़गढ।** राजस्थान राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग जयपुर की अध्यक्षता में जिले में किशोर न्याय अधिनियम तथा बाल संरक्षण के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु जिला बाल संरक्षण इकाई के विभिन्न घटक तथा अन्य संबंधित विभागों की बैठक 12 अक्टूबर को जिला कलक्ट्रेट के समिति कक्ष में आयोजित की जाएगी।

## झांफली ग्रामपंचायत में प्रशासन गांवों के संग अभियान मे अव्यवस्था अव्यवस्थाएं हावी



**स्मार्ट हलचल | शिव/दिलीप सैन**

उपखंड मुख्यालय के ग्राम पंचायत झांफली कल्ला मे आयोजित प्रशासन गांवों के संग अभियान मे अव्यवस्था व एकतरफा कार्य प्रणाली हावी रही। जहां ग्रामीणों ने अधिकारियों के अनुरोध पर शिविर के बहिष्कार को स्थगित किया था फिर सरपंच के विरोधी पक्ष के काम नही होने का आरोप ग्रामीणों ने लगाए। कहने को तो शिविर मे 110 पट्टे जारी हुए लेकिन एक पक्ष का आरोप है कि उनके कागजात व फार्म लेकर रख दिए। ग्रामीणों ने पट्टे वितरण मे फर्जीवाड़े के भी आरोप लगाए। ग्रामीणों का कहना है कि सरपंच ने अपने पक्ष के लोगों के पट्टे आबादी से बाहर और विवादित जगहों के भी पट्टे जारी कर दिये।

ग्राम विकास अधिकारी व सरपंच आधे दिन तक ही उपस्थित रहे। ग्रामीणों ने इस बाबत कई बार अधिकारियों को अवगत करवाया लेकिन अधिकारी मौन रहे।

## 13 के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज

**राशमी।** थाना क्षेत्र के करीथड़ा का खेड़ा गाँव में सोमवार को रामदेव जी के मंदिर के यहां से पत्थर हटाने की बात को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। जिसको लेकर पुलिस ने 13 जनों के खिलाफ मामला दर्ज किया। थानाधिकारी रमेश कविया ने बताया कि करीथड़ा का खेड़ा निवासी भैरुलाल पुत्र कालू रेगर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि करीथड़ा निवासी पन्नालाल पुत्र खेमा रेगर से उसके द्वारा गांव में स्थित रामदेव जी के मंदिर के यहां पत्थर हटाने की बात को लेकर विवाद हो गया और वह उसके साथ मारपीट करने लगा, जिस पर वह मौके से भाग गया। तत्पश्चात वह फसल काटने के लिए खेत पर जाने के दौरान रास्ते में पन्नालाल रेगर के मकान के बाहर पन्नालाल, चंपालाल पुत्र खेमा रेगर, नारायण, हीरा लाल, शंकर लाल, कमलेश पुत्र पन्नालाल रेगर, उदय लाल पुत्र नारायण लाल रेगर, गट्टू पत्नी नारायण लाल रेगर, शोभा पत्नी हीरा लाल रेगर, सुखी पत्नी शंकर लाल रेगर, पूजा पत्नी कमलेश रेगर, सोनू पुत्री रामपाल रेगर, पिंटू पुत्र रामपाल रेगर सभी हम सलाह होकर उसके आड़े फिर कर मारपीट की।

SMART HALCHAL

SMART HALCHAL

# अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस पर जिलेभर में हुए विभिन्न आयोजन

>> भाषण प्रतियोगिता में हर्षिता प्रजापत व अत्रेय सारस्वत रहे प्रथम , रोल प्ले में गौरांशी राठौर व आहना खत्री बनी विजेता

>> बेटियों ने कहा ॠहमें भयमुक्त वातावरण, सुरक्षा व अवसर चाहिए, एक दिवस मनाना ही पर्याप्त नहीं मेरा तो हर दिन व हर पल हो, मुझे बालिका की नहीं बेटी की पहचान दीजिए

स्मार्ट हलचल/राजकुमार राठौड़

**बूंदी।** अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर जिले भर में बालिकाओं के प्रति सकारात्मक वातावरण निर्मित करने के उद्देश्य से विभिन्न कार्यक्रम ों गतिविधियों का आयोजन किया गया । महिला अधिकारिता विभाग द्वारा उमंग संस्थान के तत्वावधान में किड्जी ग्लोबल पब्लिक स्कूल में स्कूली विद्यार्थियों के लिए भाषण व रोल प्ले प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। इस अवसर पर विभाग के कार्यवाहक सहायक निदेशक जय सिंह मुख्य अतिथि थे। सिरोही से आई बालिका शक्ति प्रेरक स्वाति राठौड़ विशिष्ट अतिथि थी।

कोविड प्रोटोकॉल की पालना के साथ आयोजित प्रतियोगिताओं के मंच से भाषण प्रतियोगिता के वरिष्ठ वर्ग की विजेता हर्षिता प्रजापत ने अपनी आवाज बुलंद करते हुए कहा कि आज बालिकाओं को भयमुक्त वातावरण चाहिये, अपराधों के बढ़ते खतरों के बीच समुचित सुरक्षा चाहिए, उसके लिए एक दिवस मनाना मात्र पर्याप्त नहीं उसका तो हर दिन व हर पल हमारा होना चाहिए। वहीं उपविजेता रहीं अक्षरा गौतम ने सामाजिक भूमिका पर बोलते हुए कहा कि आज मुझे बालिका की नही बेटी की पहचान चाहिए क्योंकि बेटी शब्द में आत्मीयता का भाव व समाज को अपनी शान का दायित्वबोध होता है।

कार्यक्रम समन्वयक सर्वेश तिवारी ने बताया कि दो वर्ष के अंतराल के बाद कोरोना गाइड लाइन की पालना के साथ किड्जी ग्लोबल पब्लिक स्कूल में आयोजित




प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने बड़े उत्साह से भाग लिया। वर्तमान समाज में बालिकाओं की भूमिका विषय पर आयोजित भाषण प्रतियोगिता में वरिष्ठ वर्ग में हर्षिता प्रजापत प्रथम अक्षरा गौतम द्वितीय तथा सिद्धि नामा तृतीय स्थान पर रही वहीं कनिष्ठ वर्ग में अत्रेय सारस्वत प्रथम आहना खत्री द्वितीय तथा रुशील अग्रवाल तृतीय स्थान पर रहे। इसी प्रकार रोलप्ले प्रतियोगिता में विभिन्न भूमिकाओं का आकर्षक प्रस्तुतीकरण किया गया। वरिष्ठ वर्ग में हाड़ी रानी की भूमिका में आहना खत्री प्रथम रही, सुषमा स्वराज बनकर आध्या अग्रवाल ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया तथा इंदिरा गांधी का रोल प्ले कर भारती वर्मा तृतीय स्थान पर रही। कनिष्ठ वर्ग में सावित्री बाई समाज सुधारिका बनी गौरांशी राठौर प्रथम, त्रिशूल लिए महिसासुरमर्दिनी बनकर दृष्टि शर्मा द्वितीय तथा वीरांगना लक्ष्मीबाई के रूप में जयघोष कर आश्रिता मीणा ने प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त किया। सभी विजेताओं को समापन समारोह में पुरस्कार व प्रमाण पत्रों से सम्मानित किया जाएगा । इससे पूर्व मुख्य अतिथि महिला अधिकारिता विभाग के कार्यवाहक सहायक निदेशक जय सिंह ने दीप प्रज्वलन कर अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस के ' म में आयोजित होने वाले पाक्षिक कार्यक्रम ों की श्रृंखला का शुभारंभ किया व शुभकामनाएं प्रेषित की। संस्था निदेशक डॉ हीना अगवान ने अतिथियों का अभिनंदन किया व संस्थान के समन्वयक सर्वेश तिवारी ने कार्यक्रम का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन तान्या सोनी ने किया। कार्यक्रम प्रभारी संस्थाप्रधान ज्योत्सना खत्री व संस्थान सचिव कृष्णकांत राठौर ने आभार प्रकट किया।

इस अवसर पर आयोजक मंडल के मेघा दाधीच, अक्षिता सोनी, अमन दाधीच, मेघा बिलोची, प्रियंका गौड़, मीनू शर्मा व स्तुति जैन सहित विद्यालय परिवार, उमंग संस्थान सदस्य व महिला अधिकारिता विभाग के सदस्यों ने सहभागिता की। काव्यपाठ व अनुपयोगी वस्तुओं से सृजनात्मक निर्माण प्रतियोगिता आज अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस कार्यक्रम ों की श्रंखला में मंगलवार को स्कूली विद्यार्थियों के लिए बालिका सशक्तिकरण पर कविता पाठ का आयोजन लिटिल एंजेल सेकेंडरी स्कूल बालचंद पाड़ा में तथा अनुपयोगी वस्तुओं से सृजनात्मक निर्माण प्रतियोगिता का आयोजन श्री महावीर विद्यालय खोजा पर किया जाएगा।

## ध्वजारोहण का किया शुभारंभ



स्मार्ट हलचल/राम सिंह पवार

**कोटा।** नवरात्रि के पावन पर्व के अवसर पर लाडपुरा विधानसभा के प्रसिद्ध चौथ माता मंदिर ताथेड़ में उपभोक्ता कांग्रेस राजस्थान के प्रदेशाध्यक्ष विजय जी पंडित , युवा प्रदेश अध्यक्ष सी.पी.आर्य , प्रदेश महासचिव राकेश दाधीच ने भगवा ध्वज लगाकर ध्वजारोहण कार्यक्रम की शुरुआत की विजय पंडित ने बताया आगामी दिनों में लाड़पुरा विधानसभा क्षेत्र के संपूर्ण मंदिरों में ये कार्यक्रम रखा जायेगा नवरात्रा में शक्ति के भाव का जन जागरण किया जाएगा इस अवसर पर श्री 1008 बाबा फक्कड़ दास जी महाराज का आशीर्वाद प्राप्त किया और माताजी की पूजा अर्चना कर पूरे राजस्थान प्रदेश की मंगलकामनाएं करते हुए माता श्री का आशीर्वाद लिया इस मौके पर अनंत चतुर्दशी आयोजन समिति के सदस्य गौरव दाधीच , वरिष्ठ छात्र नेता योगेश दाधीच , समाजसेवी बादल नायक ताथेड़ , गोवर्धन आदि भक्तजन मौके पर उपस्थित रहे ।

## प्रशासन गांवों के संग अभियान में राणाराम देवासी को 50 वर्ष बाद मिला बालिग खातेदारी हक



स्मार्ट हलचल/भरत सोनी

**भीनमाल।** प्रशासन गांवों के संग अभियान के तहत भीनमाल के निकटवर्ती ग्राम पंचायत पुनासा में शिविर आयोजित हुआ। शिविर में सभी विभागीय अधिकारी उपस्थित होकर राजस्व रिकॉर्ड के अनुसार देवासी राणाराम पुत्र नाराम सहित सभी नौ सह खातेदार नाबालिग दलित से जिनकी सभी की आयु 50 वर्ष से ऊपर थी एवं नाबालिग दर्ज चले आ रहे थे। खातेधारक से प्रार्थना पत्र व आधार कार्ड मौके पर प्राप्त कर उनकी जांच करवाई। नाबालिग से बालिग दर्ज का आदेश नामांकन मौके पर कर खातेदार राणाराम को आदेश की प्रति शिविर प्रभारी भीनमाल उपखंड अधिकारी जवाहरराम चौधरी व तहसीलदार रामसिंह राव सरपंच पुनासा की मौजूदगी में शिविर प्रभारी द्वारा दिया गया। शिविर में विकलांग लोगो को ट्राई साइकिल भेंट की गई। खातेदार राणाराम सहित लोग हंसते हुए खुशी से घर लौटे।

## जिला कलेक्ट्रेट पर भाजपा का विद्युत कटौती एवं अनियमित विद्युत आपूर्ति के खिलाफ विशाल धरना प्रदर्शन

भाजपा कार्यकर्ताओं ने जिला कलेक्ट्रेट के बाहर मुख्यमंत्री राजस्थान का पुतला भी फूंका

स्मार्ट हलचल/राजकुमार राठौड़

**बूंदी।** भारतीय जनता पार्टी जिला द्वारा राजस्थान में हो रही विद्युत कटौती व जिले के विधानसभा क्षेत्र में हो रही अनियमित आपूर्ति को लेकर आज सोमवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय के बाहर जिला भाजपा द्वारा विशाल धरना प्रदर्शन किया गया धरने को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष व के पाटन विधायक चंद्रकांता मेघवाल बूंदी विधायक अशोक डोगरा ने शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार हो रही विद्युत कटौती को लेकर राज्य सरकार पर आरोप लगाया और कहा कि राज्य की सरकार एक विफल सरकार है। जो 24 घंटे में 11



घंटे बिजली कटौती कर रही है। जिससे आमजन परेशान है उन्होंने कहा कि अनियमित आपूर्ति को लेकर ही आज धरना प्रदर्शन किया गया है धरना प्रदर्शन के दौरान सभी कार्यकर्ता जुलूस के रूप में कलेक्ट्रेट कार्यालय के बाहर पहुंचे यहां पर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का पुतला फूंका कार्यकर्ताओं ने राज्य सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और जिला कलेक्टर को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा ।

इस दौरान जिला अध्यक्ष छितर लाल राणा ,किभाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष व के पाटन विधायक चंद्रकांता मेघवाल , बूंदी विधायक अशोक डोगरा , तालेड़ा प्रधान राजेश रायपुरिया , नेनवा प्रधान पदम नागर , के पाटन प्रधान वीरेंद्र सिंह हाडा , जिला महामंत्री योगेंद्र श्रंगी , बूंदी मंडल अध्यक्ष महावीर खंगार , महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष नूपुर मालव , युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष अखिलेश जैन , एससी मोर्चा जिला अध्यक्ष भारत वर्मा ,ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष चौथमल , किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष पोखर लाल नागर , सहित पूर्व जिला अध्यक्ष , जिला अध्यक्ष जिला परिषद सदस्य , पंचायत समिति सदस्य , नगर परिषद पार्षद सहित जिला पदाधिकारी , मंडल पदाधिकारी , कार्यकर्ता मौजूद रहे । संचालन जिला महामंत्री सुरेश अग्रवाल ने किया । यह जानकारी मीडिया प्रभारी अभिषेक जैन ने दी ।

## अक्टूबर माह मे पशुओं के लिये अन्त कृमि नाशक दवा देना जरूरी

स्मार्ट हलचल/सी पी गोयल

बारां/नाहरगढ़। पशु पालन वैज्ञानिक, सलाहकार,बायोगेस यूआईटी, कोटा ,पूर्व सलाहकार, राष्ट्रीय कामधेनु आयोग,नई दिल्ली सेवानिवृत्त प्रोफेसर, कृषि विश्वविद्यालय ,कोटा के डां महेंद्र कुमार गर्ग ने बताया कि भैंस के पेट में पलने वाले अदृश्य आंतरिक परजीवी जेसै फीताकृमि, गोलकृमि, लिवर फ्लयूक इत्यादि दुधारू पशुओं का दूध उत्पादन प्रतिदिन 0.5 से 1.0 लीटर या प्रति ब्यांत 100 लीटर तक कम कर देते हैं तथा दूध उत्पादकता में 5 प्रतिशत तक की कमी कर देते हैं।यही नहीं मादा पशुओं की प्रजनन/गयाभिन होने की क्षमता भी 14 से 17 प्रतिशत तक कम कर देते है।



इससे बचने के लिए फरवरी, जून एवं अक्टूबर माह में प्रति वयक्स पशु अन्तः कृमि नाशक दवा एलबेंडाजोल या आईवरमेक्टीन या आक्सीकलोजेनाईड 100 एम एल दवा या अपने क्षेत्र के पशु चिकित्सक की सलाह अनुसार कोई भी एक दवा दलिया वह गुड में मिलाकर लड्डू बनाकर दे देते हैं तो दूध उत्पादन में होने वाले उपरोक्त अदृश्य नुकसान से बच सकते हैं। अतः समस्त गाय ,भेंस ,बछड़ों को समय-समय पर अन्त कृमि नाशक दवा अवश्य देवें। पशु शरीर पर पलने वाले ब्राह्य कृमि चिंचडे, जूं एवं पिस्सू इत्यादि भी काफी नुकसान पंहुचाते है। पशुओं को इनसे भी बचाये रखना आवश्यक है। एक चिंचडा प्रति दिन 1.5 एम एल खून चूस जाता है। बाजार में प्रचलित ब्यूटोक्स दवा को एक लीटर पानी में 5.0 एम एल मिला कर या कोई अन्य दवा का पशु चिकित्सक की सलाह अनुसार पशु शरीर पर छिड़काव करना चाहिए। बची हुई दवा को पशु शाला में छिड़क देना चाहिए।

सभी पशुओं को उनकी इच्छा अनुसार सेंधा या साधारण नमक भी नियमित रूप से बिना नागा के पीने के पानी में या अलग से चारे की ठान में या प्लास्टिक के आधे कटे ड्रम में भरकर पशु के सामने रख कर उपलब्ध कराते रहें। साधारण तया प्रति व्यस्क मवेशी 30 से 35 ग्राम नमक प्रति दिन अवश्य ही देना चाहिए।

## राष्ट्रीय महामंत्री के आगमन पर फूलमालाओं से किया स्वागत

स्मार्ट हलचल/सी पी गोयल

**बारां।** अग्रसेन जयंती के उपलक्ष मे अग्रवाल विकास परिषद बारां के सहयोग से अग्रवाल वैष्णव पंचायत के तत्वावधान मे डांडिया रास का आयोजन किया गया जिसमे अग्रवाल विकास परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री रोहित गर्ग ने बारां आकर शिरकत की । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि किशनगंज के एसडीएम गौरव मितल,आनंद गर्ग पूर्व जिला भाजपा अधयक्ष सुरेंद्र गुप्ता अधयक्ष अग्रवाल वैष्णव पंचायत बारां थे। इस अवसर पर राष्ट्रीय महामंत्री रोहित गर्ग का अग्रवाल विकास परिषद समिति के राष्ट्रीय युवा अध्यक्ष पीयूष गर्ग संभागीय अध्यक्ष राहुल गोयल,महिला संरक्षक मंजू गर्ग,जिला अध्यक्ष अनुराग जैन, जिला महामंत्री गौरव



गुप्ता, महिला अधयक्ष मंजूआंनद गर्ग जिला महामंत्री पिंकी गोयनका ने संयुक्त रूप से बताया कि डांडिया रास में 7 से 12 वर्ष जूनियर ग्रुप मे बेस्ट इंडिया प्रिन्स आदि कार्यक्रम आयोजित किये गये।

## राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन देकर हत्यारे को फाँसी देने की मांग की

स्मार्ट हलचल/दिलीप जैन

**चौमहला।** भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा मंडल चौमहला व उन्हेल नागेश्वर के सयुक्त तत्वावधान में महामहिम राष्ट्रपति महोदय के नाम का उपखण्ड अधिकारी को ज्ञापन देकर पूजा मेहर के हत्यारे को फाँसी देने की मांग की गई।

ज्ञापन में लिखा कि 8 अक्टूम्बर को ग्राम अमीरपुरा बाकीपुरा में दलित पुजा मेहर की गांव के ही जुबेर खान पिता जमील ने पुजा का गला रेत कर चाकुओं से गोद कर निर्मम हत्या कर दी, पुजा मेहर के हत्यारे का केस आफिसर स्कीम में लिया जाकर फास्ट ट्रैक कोर्ट से शीघ्र उचित न्याय दिलाने की कृपा करें साथ ही पीड़ित परिवार को सुरक्षा मुहैया कराई जावे ,परिवार को आर्थिक सहायता के



रुप मे मदद दी जावे , परिवार के किसी भी एक सदस्य को सरकारी सेवा मे नोकरी दी जावे व उचित एवं निष्पक्ष जांच करवाकर हत्यारे को शीघ्र अतिशीघ्र फांसी की सजा की दी जावे ।साथ ही ज्ञापन में लिखा अगर समय पर न्याय नहीं मिला तो मजबुर होकर उग्र आंदोलन की राह पर जाने पर मजबुर होना पड़ेगा जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

इस अवसर भाजपा एससी मोर्चा उपाध्यक्ष हरिमोहन वर्मा ,भाजपा एससी मोर्चा मंडल अध्यक्ष चौमहला भवानी शंकर वर्मा ,भाजपा एससी मोर्चा मंडल अध्यक्ष उन्हेल नागेश्वर भेरुलाल बागरी, वरिष्ठ भाजपा नेता रामलाल वर्मा ,भाजपा मंडल महामंत्री शंकर लाल ,जिला मिडिया प्रभारी संजय वर्मा ,शंकर लाल, श्याम लाल, बद्री लाल , रमेश चंद्र ,नाथूराम, पुरालाल ,भेरुलाल, मुकेश, चन्दर लाल, नागुलाल ,मांगीलाल ,केलाश ,शिवलाल, उदयराम ,मनोज, मेहरबान ,प्रहलाद, मोहन लाल ,प्रभु लाल ,भगवान लाल, पिरुलाल आदि कार्य कर्ता द्वारा धरना प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा गया।

## स्वच्छता प्रोजेक्ट हेतु सेनेट्री पेड्स का किया वितरण



स्मार्ट हलचल/राजकुमार राठौड़

**बून्दी।** रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3054 के द्वारा सहायक प्रांतपाल लक्ष्मीचन्द्र गुप्ता के माध्यम से रोटरी क्लब बून्दी ने राजकीय महारानी बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में अन्तर्राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर 400 बालिकाओं को 1600 सेनेटरी पेड्स का वितरण किया। उक्त सेनेटरी पेड्स का वितरण उपस्थित सभी महिला रोटेरियन श्यामलता शर्मा, किरण शर्मा, मंजू जिन्दल, रजनी नुवाल, लीला गोयल, डॉ. अंकिता अग्रवाल, गायत्री गुप्ता, रेखा झंवर, मनीष मारवाल द्वारा गरिमामय स्वच्छता प्रोजेक्ट के अन्तर्गत किया गया।

रोटरी 3054 द्वारा अपने राजस्थान के सभी क्लब में सहायक प्रांतपाल के माध्यम से लगभग 2 लाख से भी अधिक सेनेट्री पेड्स का वितरण किया जाना है। कार्यक्रम के दौरान सहायक प्रांतपाल लक्ष्मीचन्द्र गुप्ता, रोटरी अध्यक्ष परमेश्वर झंवर, सचिव संजय नामा, हाशिम भाई, महेश पाटोदी, असरार अंसारी, नरेश जिन्दल, ध्रुव व्यास, मुकेश जैन, लोकेश ठाकुर, विमल गोयल उपस्थत रहे। प्रधानाचार्य कनक शर्मा द्वारा सभी आगन्तुकों का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया।

## दीपावली पूर्व विद्युत लाइनों की रखरखाव हेतु कार्य करने से आगामी 3 दिन क्षेत्र 10 से 12 लाइट कटौती रहेगी

स्मार्ट हलचल/ रणवीर सिंह चौहान

**भवानी मंडी।** दीपावली पूर्व विद्युत लाइनों के रखरखाव हेतु भवानी मंडी फीडर से जुड़ी विद्युत व्यवस्था आगामी 3 दिन 10 से 12 बजे तक बाधित रहेगी भवानी मंडी जयपुर विद्युत वितरण निगम के कनिष्ठ अभियंता माधवेंद्र सिंह ने बताया दीपावली पूर्व विद्युत लाइनों के रखरखाव का कार्य किया जाएगा।

जिस से भवानीमंडी 11 केवी फीडर से जुड़ी विद्युत आपूर्ति आगामी 3 दिनों तक 10 बजे से 12बजे तक बाधित रहेगी

## राष्ट्रीय अध्यक्ष लाखन सिंह नायक ने हिंदुस्तान को हिन्दू राष्ट्र घोषित करने की मांग की

स्मार्ट हलचल/राजकुमार राठौड़

**बूंदी।** हिन्दू टाईगर फोर्स के राष्ट्रीय अध्यक्ष लाखन सिंह नायक ने हिंदुस्तान को हिन्दू राष्ट्र घोषित करने की मांग करते हुए , हिंदुस्तान को इंडिया के नाम से सम्बोधन हटाने की मांग की है ,एक प्रेस विज्ञप्ति में लाखन सिंह नायक ने बताया कि आज हिंदुस्तान में आतंकवाद बढ़ने का मुख्य कारण ही हिंदुस्तान का हिन्दू राष्ट न होकर धर्म निरपेक्ष होना है, ,आज इसी बात की हम पीड़ा झेल रहे है , आज हिंदुस्तान में जेहादी आतंकवादी ,खालिस्तानी, रोहिंग्या ,पाकिस्तानी ,सिमी, इत्यादि आतंकवादी संगठनों ने हिंदुस्तान में अशांति व दहशत का माहौल कायम कर रखा है , हिंदुस्तान से जल्द से जल्द बांग्लादेशी ,व रोहिंग्या मुसलमानों को देश से निकालकर ,विदेशों में रहने वाले हिन्दू ओर सिक्खों को भारत की स्थाई नागरिकता प्रदान करनी चाहिए ,जिससे कि पाकिस्तान ,बांग्लादेश, व अन्य देशों में पीड़ित भारतीय लोग भारत मे आकर सुरक्षित रह सके, वही हिन्दू टाईगर फोर्स के समस्त



पदाधिकारियो ने कश्मीरी में आतंक ,दहशत गर्दी करने वाले समस्त आतंकवादियों को दफनाने के स्थान पर जलाने की मांग की है,ताकि फिर कोई आतंक की राह न चुने,हिन्दू टाईगर फोर्स के राष्ट्रीय अध्यक्ष लाखन सिंह नायक ने हिंदुस्तान के समस्त मंदिरों में गुरुकुल स्थापना का आव्हान किया है ताकि भारत की सभ्यता और संस्ं ति का ज्ञान समस्त आने वाली पीढ़ियों को मिल सके ,ये जानकारी एक प्रेस विज्ञप्ति में मीडिया प्रभारी ने दी।

## प्रशासन गांवो के संग अभियान में मनाया गया 'अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस', अधिकारियो ने किया प्रोत्साहित

स्मार्ट हलचल/धनराज भंडारी

सुनेल। पंचायत समिति पिड़ावा मुख्यालय सुनेल की ग्राम पंचायत सुवास में राजस्थान सरकार का महत्वाकांक्षी अभियान 'प्रशासन गांवों के संग अभियान का आयोजन हुआ अभियान के दौरान सैकड़ों की तादाद में लोंगो की भीड़ जुटी एवं सरकार की महत्वकांक्षी योजनाओं का लाभ लिया। शिविर प्रभारी उपखंड अधिकारी संतोष कुमार मीणा, विकास अधिकारी हनुमान मीणा, सरपंच, ग्राम विकास अधिकारी अज़ीज़ भाई,तहसीलदार रामनिवास मीणा समेत 20 विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद थे. अभियान में %अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस' मनाया गया. अंतर राष्ट्रीय बालिका दिवस पर बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान के अन्तर्गत सामुहिक बेटी जन्मोत्सव का आयोजन किया गया। इस दौरान केक



काटकर व फल एवं मिठाई बांटकर जन्मदिन मनाया।

अंतर्राष्ट्रीय बालिक दिवस 2021 की थीम इस साल डिजिटल पीढ़ी, हमारी पीढ़ी थीम के साथ मनाया जा रहा है यह दिन। वहीं दूसरी ओर पंचायत समिति बकानी की ग्राम पंचायत देवनगर में भी प्रशासन गांवों के संग अभियान आयोजित हुआ .अभियान में सिविल प्रभारी उपखंड अधिकारी तुषार चौधरी, विकास अधिकारी शिव सिंह पोसवाल ,सरपंच रामबाबू मेघवाल समेत 20 विभगों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### शिविर में यह हुए कार्य

ग्राम विकास अधिकारी बालमुकंद गुजर ने बताया की ग्राम पंचायत ने लोगों के जॉब कार्ड, लोगों के पट्टे ,जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किए साथ ही गांवो के भूमि आबादी आवंटन प्रस्ताव तैयार कर प्रस्तुत किए। राजस्थान रोडवेज विभाग द्वारा लोगों के फ्री पास बनाने के लिए आवेदन प्राप्त हुए। अभियान में अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस' मनाया गया। अंतर राष्ट्रीय बालिका दिवस पर बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान के अन्तर्गत सामुहिक बेटी जन्मोत्सव का आयोजन किया गया। इस दौरान केक काटकर व फल एवं मिठाई बांटकर जन्मदिन मनाया।परियोजना अधिकारी दिलीप गुप्ता ,महिला पर्यवेक्षक प्रेमलता शर्मा समेत कई आंगन कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

## बूंदी जिलें में पर्याप्त डीएपी खाद मुहैया करवाने की मांग को लेकर बोयत ने मंत्री को लिखा पत्र

स्मार्ट हलचल/राजकुमार राठौड़

**बूंदी/कापरेन/केशवरायपाटन।** विधानसभा से कांग्रेस प्रत्याशी व पूर्व जिला प्रमुख राकेश बोयत ने मुख्यमंत्री, कृषि मंत्री, संभागीय आयुक्त, जिला कलक्टर को पत्र प्रेषित कर बूंदी जिलें में पर्याप्त डीएपी खाद मुहैया करवाने की मांग की है। प्रेषित पत्र में बोयत ने बताया कि जिलें में डीएपी खाद की किल्लत के चलते धरतीपुत्र किसानों को परेशान होना पड रहा है,खरीफ की फसल अतिवृष्टि के कारण नष्ट हो चुकी है, किसान आर्थिक संकट संकट से गुजर रहा है। रबी की फसल सरसों, चना आदि की बुवाई के लिये समय निकलता जा रहा है। किसान खेतों के काम को छोडकर खाद के लिये भटक रहे हैं, जिला कृषि प्रधान है,यहां के लोग मुख्यत कृषि पर ही निर्भर है। अतः किसानों की समस्या को देखते हुये अविलंब पर्याप्त मात्रा में डीएपी खाद की आपूर्ति सुनिश्चित की जावे।साथ ही बोयत ने किसानों से अपील की है कि वे आवश्यकतानुसार ही खाद की खरीद करे।



# मंत्री प्रमोद जैन भाया ने आखिरकार चुप्पी तोड़ी, आरोपों का दिया जवाब...

## नहीं बनेगा सोरसन में गोडावण प्रजनन केंद्र

स्मार्ट हलचल/कोटा

कोटा दौरे पर आए खनन मंत्री ने विधायक भरत सिंह के आरोपों का खुलकर जवाब दिया है. खनन मंत्री ने कहा कि भरत सिंह के लगाए गए आरोप बेबुनियाद है. सोरसन में गोडावण प्रजनन केंद्र मुफीद नहीं है. राज्य सरकार का यह निर्णय है. विधानसभा में भी जवाब दिया जा चुका है. भरत सिंह अपनी बात रखने लिए स्वतंत्र हैं।

कोटा. सांगोद के विधायक भरत सिंह के लगातार हमले झेल रहे खनन मंत्री प्रमोद जैन भाया ने आखिरकार चुप्पी तोड़ी है. खनन मंत्री ने विधायक भरत सिंह के आरोपों का खुलकर जवाब दिया है. कोटा दौरे पर आए खनन मंत्री ने कहा कि भरत सिंह के लगाए गए आरोप बेबुनियाद है. खनन मंत्री प्रमोद जैन भाया ने कहा कि भरत सिंह अपनी बात कहने के लिए स्वतंत्र हैं. लेकिन सोरसन में गोडावण प्रजनन केंद्र नहीं बनाया जाएगा. सोरसन में ना गोडावण है और ना ही उसके अवशेष हैं. ऐसे में गोडावण प्रजनन केंद्र बनाना मुफीद नहीं है। विधानसभा में इसका जवाब दे दिया गया है कि सोरसन की जलवायु गोडावण प्रजनन केंद्र के लिए अनुकूल नहीं है. खनन मंत्री प्रमोद जैन भाया ने कहा कि खान की झोपड़ियां गांव परिसीमन के बाद से ही मेरे विधानसभा क्षेत्र अंता में आता है. भौगोलिक दृष्टि से खान की झोपड़ियां गांव बारां जिले के सबसे ज्यादा नजदीक है. ऐसे में उनकी यह मांग अव्यवहारिक है । खनन एवं गौपालन मंत्री प्रमोद जैन भाया सोमवार को कोटा दौरे पर आए. यहां पर रजिस्ट्रार कार्यालय पहुंचे. जहां पर उन्होंने कोटा में स्थित उनकी पैतृक संपत्ति को अपनी पत्नी उर्मिला जैन भाया के नाम डोनेट किया है. इसकी रजिस्ट्री कराने के लिए ही पहुंचे थे. भाया ने कहा कि विधायक भरत सिंह हमारे पार्टी के वरिष्ठ सम्मानीय विधायक हैं. लोकतंत्र में हर किसी को बोलने की आजादी है. भरत सिंह पार्टी के वरिष्ठ विधायक है. वह राज्य सरकार के निर्णय से बंधे हैं. मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का निर्णय सर्वोपरि है। पंचायत स्तर पर नंदी गौशाला बनाने की योजना। मंत्री प्रमोद जैन भाया ने विभागीय योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि गोवंश का अच्छा संवर्धन हो. उसी भावना के अनुरूप नंदी गौशाला गोपालन विभाग पंचायत स्तर पर खोलने की योजना बना रहा है. इसकी हर गौशाला की यूनिट कॉस्ट 1.57 करोड़ आंकी गई है. जिसमें से 10 फीसदी अंशदान संस्था का होगा. जबकि 90 फीसदी राज्य सरकार वहन करेगी. साथ ही जिस तरह से गौशालाओं को 6 महीने का ही अंशदान 2 साल बाद दिया जाता है, जबकि नंदी गौशालाओं में शुरुआत के पहले दिन से ही अंशदान मिलना शुरू होगा जो कि हर साल 9 महीने का होगा. नगर निगम की गौशालाओं की खस्ताहाल हालात पर मीडिया के सवाल का जवाब देते हुए प्रमोद जैन भाया ने कहा कि नगर निगम की गौशाला जिस तरह से जयपुर में सामाजिक संस्थाओं को सौंप दिया गया है. सामाजिक कार्य सामाजिक संस्थाएं जितने बेहतर तरीके से कर सकती है, अन्य कोई विभाग नहीं कर सकता है. ऐसे में स्थानीय जनप्रतिनिधियों को विचार करना चाहिए सामाजिक संस्थाओं को सौंप दें, ताकि संवर्धन हो सके।

# छात्रों ने महाविद्यालय के ताला लगाकर किया प्रदर्शन

## शिक्षकों की कमी के चलते छात्रों ने उच्च शिक्षा मंत्री के नाम दिया ज्ञापन



स्मार्ट हलचल/इस्लाम खान

**हिंडोली।** महाविद्यालय में पढ़ने वाले छात्रों ने महाविद्यालय में शिक्षकों की कमी के चलते उच्च शिक्षा मंत्री के नाम उपखंड अधिकारी मुकेश कुमार चौधरी को ज्ञापन दिया है। ज्ञापन में बताया कि शासकीय महाविद्यालय हिंडोली में व्याख्याता के पद रिक्त होने की वजह से नियमित कक्षाएं नहीं लग पा रही हैं। महाविद्यालय में केवल दो ही व्याख्याता मौजूद है। नियमित कक्षा नहीं लगने की वजह से पाठ्य' म पूरा नहीं हो रहा है और विद्यार्थी पिछड़ते जा रहे हैं। महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने उच्च शिक्षा मंत्री भंवर सिंह भाटी से महाविद्यालय में व्याख्याता बढ़ाने की मांग की है।

गौरतलब है कि इसी वर्ष हिंडोली में महाविद्यालय संचालित किया जा रहा है प्रथम वर्ष होने के चलते कई व्यवस्थाओं में कमी है जिनमें से व्याख्याता भी एक है। ज्ञापन देने वालों में धनराज सैनी, विमला सेनी, मनीषा कुमारी, राकेश गुर्जर, टीकम चंद, लक्ष्मी कुमारी, पूजा कुमारी, जगदीश मेवाड़ा, पपला गुर्जर सुनील गुर्जर, टीकम चंद आदि मौजूद रहे।

# संघर्ष की हुई जीत व्यापार का समय बढ़ाया

## प्रमुख व्यापार संगठनो ने लड्डूओं से मनाई खुशियाँ



स्मार्ट हलचल/राम सिंह पवार

**कोटा।** प्रमुख व्यापार संगठनों की ओर से व्यापार में आ रही व्यावहारिक समस्याओं को लेकर सरकार को ज्ञापन ,ट्विटर एवं मीडिया के माध्यम से कोरोना के केस कम होने के उपरांत से व्यापार का समय बड़ाने की मांग की गई थी

आज राज्य सरकार द्वारा जारी गाइडलाइन अनुसार बाज़ारों को खोलने के समय में बढोत्तरी कर रात्रि 10 बजे तक करने के निर्णय पर व्यापारियों ने जीएमए प्लाज़ा के मुख्य द्वार पर आपस में एक दूसरे को लड्डू खिलाकर ख़ुशी का इज़हार किया ।

इस अवसर पर जीएमए अध्यक्ष राकेश जैन ने कहा कि सभी व्यापारियों के हित में पिछले लम्बे समय से सरकार से माँग करते हुए कहा था कि कोटा सहित प्रदेश में लगभग पिछले तीन चार माह से कोरोना के केस नगण्य है अधिकांश जनता को वैक्सीनेशन के टिके लगा दिए गये है इसके उपरांत भी बाज़ार खोलने के समय नहीं बड़ाया गया हे

व्यापारी पिछले 18 माह से परेशान हे और इस वर्ष जब कोरोना के केस भी नहीं हे दशहरे एवं दीपावली के सीजन के लिये व्यापारी और आम जन तैयार हे इसलिये व्यापार के समय को पूर्व की भाँति करने की माँग को लेकर हाल ही में लोकसभा अध्यक्ष ओम् बिरला को ज्ञापन देकर इस मामले में दख़ल की माँग की गई थी

जिस पर आज राज्य सरकार ने ग़ाईडलाइन जारी की जिसके लिये राज्य सरकार एवं लोकसभा अध्यक्ष का सभी व्यापारियों ने आभार व्यक्त करते हुए एक दूसरे का लड्डुओं से गुमानपुरा व्यापार संघ के अध्यक्ष संजय शर्मा , जी.एम.ए महामंत्री रमेश आहूजा , मावा व्यापार संघ के भगवान मित्तल एवं कोटा थोक कपडा व्यापार संघ के शंकर लालवानी ने मुँह मीठा करवाते हुए कहा कि व्यापारी अब सुचारु रूप से अपना व्यापार करते हुए अपना व अपने परिवार का पालन पोषण कर सकेंगे। इस अवसर पर कई व्यापारी बंधु उपस्थित थे ।

# वरिष्ठ पत्रकार मदन मदिर की द्वितीय पुण्यतिथि पर हुए विभिन्न कार्यक्रम

## अपने आप में पत्रकारिता का युग समेटे हुए थे मदिर : हरिमोहन शर्मा

## गौवंश को चारा, पक्षियों को ज्वार, खोजागेट गणेश जी व रेडक्रॉस पर असहायों को करवाया भोजन

स्मार्ट हलचल/राजकुमार राठौड़

**बून्दी।** दैनिक अंगद के संस्थापक वरिष्ठ पत्रकार मदन मदिर को द्वितीय पुण्यतिथि पर रविवार को दिन भर मानव सेवा को परोपकार के कार्यक्रम ों के साथ श्रद्धा से याद किया गया।जिसकी शुरूआत प्रातः 9 बजे जंगम की बगीची गौशाला के बाहर गोपाल योजना के थी गौवंश को हरा चारा डालकर हुई। तत्पश्चात चारा गाड़ी को गौ सेवा के लिए रवाना किया गया। मालनमासी बालाजी मंदिर परिसर में पक्षियों को ज्वार डाली गई। बाणगंगा चौथमाता क्षेत्र में वानरों को सब्जियां खिलाई गई। इसके पश्चात खोजागेट गणेश मंदिर स्थित भोजनशाला में गरीब महिला-पुरूष व बच्चों को भोजन करवाया गया।



### रेडक्रॉस हॉल में श्रद्धांजलि सभा

रविवार सायं रेडक्रॉस हॉल में आयोजित सभा को सम्बोधित करते हुए राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष पूर्व मंत्री हरिमोहन शर्मा ने अपने बाल सखा मदन मदिर को याद करते हुए कहा कि वे अपने आप में पत्रकारिता का एक युग समेटे हुए थे। उन्होंने कहा कि मदन मदिर ने आजीवन अपनी धर्मनिरपेक्ष विचारधारा से कोई समझौता नहीं किया। शर्मा ने कहा कि उनकी लेखनी में अद्भुत क्षमता थी जिससे वे बिना नाम लेकर भी इशारों में लिखते हुए प्रहार करते थे तो सामने वाला पूरी तरह समझ जाता था और तड़प उठता था।

हरिमोहन शर्मा ने मदन मदिर के सम्पादकीय को याद करते हुए कहा कि लोग उनके सम्पादकीय का इंतजार किया करते थे।कार्यक्रम संयोजक चर्मेश शर्मा ने कहा कि मदन मदिर ने पत्रकारिता के क्षेत्र में बून्दी का नाम पूरे भारतवर्ष में रोशन किया। वे युवाओ के लिये संघर्ष की मिसाल रहे। सेवानिवृत्त व्याख्याता समीर मोहम्मद ने भी अपने विचार व्यक्त किये। उन्होंने मदिर जी के सानिध्य में बिताये दिनों को याद करते हुए कहा कि उनका सिद्धांत था कि वे किसी को छेड़ते थे तो छोड़ते नहीं थे। मदिर जी ने कभी भी अपने सिद्धांतों से समझौता नहीं किया। मदन मदिर के पुत्र अभिनन्दन लढ्ढा व निरंजन गुप्ता ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर मदिर की तस्वीर पर आगंतुक सभी वर्गो के लोगों ने पुष्पांजलि अर्पित की।

इसके पश्चात रेडक्रॉस सभागार में संचालित क्षुधा शांति प्रकल्प के माध्यम से गरीबों व असहायों को भोजन वितरित किया गया। सभी लोगों ने एक जाजम पर बैठकर भोजन ग्रहण किया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम ों में शहरकाजी गुलामे गोस, नगर परिषद उप सभापति लटूर भाई, साहित्यकार दिनेश विजयवर्गीय, रोशनलाल भडकत्या, अरबन बैंक चेयरमेन सत्येश शर्मा, भाजपा नेता रूपेश शर्मा, भाजपा जिला महामंत्री सुरेश अग्रवाल, पूर्व जिला प्रमुख राकेश बोयत, पूर्व प्रधान भगवान नुवाल, भाजपा शहर अध्यक्ष महावीर खंगार, पूर्व पार्षद अजय त्यागी, संजय भूटानी, पार्षद नवीन चौहान, रविन्द्र काला, पुरूषोत्तम पारीक, विद्याशंकर शर्मा, छुट्टनलाल शर्मा, दिनेश बाहेती, जगदीशचंद मेंहदीरता, मौलाना असलम, एडवोकेट राजकुमार गौतम, शफी मोहम्मद, धीरज मेंहदीरता, पत्रकार दुर्गाशंकर शर्मा, राजकुमार राठौड़, गोपाल दाधीच, प्रदीप भारद्वाज, नारायण मण्डोवरा, महेश नुवाल, मनोज गौतम, द्वारकाप्रसाद जगदेव, कपिल विजयवर्गीय, मेहमूद अली, गुंजन लढ्ढा सहित अंगद परिवार से जुड़े लोग शामिल थे।

# शहर तथा ग्रामीण क्षेत्रों में अघोषित लाइट कटौती के विरोध में भाजपा का उपखंड कार्यालय पर विरोध प्रदर्शन

स्मार्ट हलचल/रणवीर सिंह चौहान

**भवानी मंडी।** विगत कुछ दिनों से शहर तथा आसपास ग्रामीण क्षेत्रों में चल रही अघोषित लाइट कटौती के विरोध में भाजपा के शहर एवं ग्रामीण नेताओं ने आज उपखंड कार्यालय के बाहर विरोध प्रदर्शन किया सरकार के विरोध में नारेबाजी की और राज्यपाल के नाम ज्ञापन दिया।

भाजपा शहर अध्यक्ष सुनीश दीक्षित, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष बलराम जाट ,मिश्रौली मंडल अध्यक्ष जगमाल सिंह के द्वारा दिए गए ज्ञापन में बताया कि जिले में बिजली की व्यवस्था बिल्कुल ठप हो चुकी है सरकार आम जनता को मूलभूत सुविधाएं देने में हर मोर्चे पर विफल हो चुकी है प्रशासन का आम जनता पर कोई ध्यान नहीं है जनता त्राहिमाम त्राहिमाम कर रही है राज्य सरकार अपनी नाकामियों को दूर करने की बजाए बिजली का स्थाई शुल्क और एनर्जी चार्ज बढ़ाकर जनता पर भारी बोझ डाल रही है उपभोक्ताओं को वास्तविक रीडिंग की वजह एवरेज बिल थमाया जा रहे हैं लोडसेटिंग के नाम पर ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार 10 से 15 घंटे की कटौती की जा रही है जिससे आम जनता एवं किसानों का हाल बेहाल हो रहा है जबकि ऐसी भीषण गर्मी में डेंगू ,मलेरिया वायरल जैसी बीमारियां फैल रही है सरकार एवं प्रशासन का ध्यान मूलभूत सुविधाओं पर नहीं है बिजली की व्यवस्था गड़बड़ा ने से पेयजल की व्यवस्था भी बदतर हो चुकी है विद्युत आपूर्ति व्यवस्था सुधारने की मांग को लेकर राज्यपाल के नाम ज्ञापन दिया ज्ञापन देने में भवानी मंडी पंचायत समिति के प्रधान सुल्तान सिंह चौहान ,भाजपा महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष रंजीता पांडे, पूर्व पालिका उपाध्यक्ष विनय पोरवाल, उप प्रधान ओंकार जी, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष रामलाल गुर्जर मंडल दुर्गाशंकर ठेकेदार, महामंत्री सीटू चतुर्वेदी, तूफान सिंह, इंदिरा पाल श्वेता मेहरा, पालिका पार्षद प्रदीप जैन आवर, महेंद्र सिंह, मनोज जैन, हरि सिंह ,उल्फत सिंह नारायण सिंह, लोकेश नामदेव आदि थे।



# चुनावी हलफनामे में तथ्यों को छुपाने को लेकर दुष्यंत सिंह से मांगा इस्तीफा : प्रमोद शर्मा

स्मार्ट हलचल/धनराज भंडारी

**झालावाड़।** कांग्रेस लोकसभा प्रत्याशी प्रमोद शर्मा ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा कि पैंडोरा पेपर्स लीक से जुड़ा सांसद दुष्यंत सिंह की पत्नी निहारिका राजे की संलिप्तता आक्टेविया लिमिटेड में पाई गई। जिसमें लाभांश, बोनस का हिसाब दिया गया है तथा उससे मिलने वाले सभी प्रकार की वित्तीय व्यवस्था निहारिका राजे द्वारा ही संचालित की जा रही थी। ऐसी फर्म का जि' सांसद दुष्यंत सिंह ने वर्ष 2009, 2014 और वर्ष 2019 में दिए गए अपने चुनावी हलफनामे में छुपाकर चुनाव आयोग सहित सम्पूर्ण राजस्थान की जनता को गुमराह करने का प्रयास किया है।

कांग्रेस के सांसद प्रत्याशी प्रमोद शर्मा ने आ' मकता पूर्वक सांसद दुष्यंत सिंह के विषय में कहा कि पनामा की ला फर्म अल्कोगल के रिकार्ड के अनुसार मध्य अमेरिका स्थित बेलीज़ की एक फर्म आक्टेविया लिमिटेड में निहारिका राजे कम्पनी से मुनाफा लेती रही। वहीं 12 नवंबर 2010 को पनामा से जुड़ी रेंडर ओवरसीज में एस ए नाम की कम्पनी ने कहा था कि अमेरिका का देहलीज में 60 मार्केट स्कायट में स्थित आक्टेविया लिमिटेड में उनका कोई इन्टरेक्ट नहीं है। कम्पनी ने बताया था कि इसमें सारे शेअर निहारिका राजे के एड्रेस से जुड़े हैं। रेंडर ओवरसीज ने बताया कि दिल्ली में बीकाजी कामा प्लेस के फ्लाई ओवर के पास लेखा विहार का एड्रेस है इसकी बेनीफिसीयल आनर निहारिका राजे है। यह एड्रेस राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे की मां दिवंगत विजया राजे का है। प्रमोद शर्मा ने बताया कि दुष्यंत सिंह द्वारा उनकी मां वसुंधरा राजे के कालखंड के अंदर 420 करके उनके धौलपुर स्थित महल की बाउंड्री के नजदीक सरकारी भूमि से निकल रहे नेशनल हाईवे का मुआवजा भी सरकारी भूमि को स्वयं की बताकर के पूर्व में उठाने का कृत्य में सम्मिलित रहे हैं। इस प्रकार सांसद दुष्यंत सिंह और वसुंधरा राजे द्वारा राजस्थान के लोगों के गाड़े खून पसीने की कमाई को लूट कर अर्जित करना अथवा उन्हें अपने परिजनों एवं बेनामी संपत्ति के आधार पर विदेशों में जमा कराने का एक ' म काफी वर्षों से चला आ रहा था। वह एक निष्पक्ष जनरल लिस्टो की खोज से उजागर हुआ। प्रमोद शर्मा ने कहा कि वह दुष्यंत सिंह के विरुद्ध चुनाव आयोग एवं कोर्ट के माध्यम से पूर्ण रूप से कानूनी प्र' या अपनाते हुए तथ्यों को छुपाने विदेशों में जमा धन की जानकारी न देने एवं झूठा हलफनामा चुनाव आयोग के समक्ष प्रस्तुत करने को आधार बनाकर भारतीय दंड संहिता ( आईपीसी ) एवं चुनाव आयोग द्वारा निर्धारित मानदंडों व मापदंडों के विरुद्ध सांसद दुष्यंत सिंह द्वारा दिए गए झूठे दस्तावेजों का पुनः निरीक्षण कर सांसद दुष्यंत सिंह की सदस्यता समाप्त करवाने के लिए एक बड़ी कानूनी लड़ाई लड़ने के लिए तैयार है।

# अन्तर्राष्ट्रीय बालिका दिवस पर 20 बालिकाओं का सम्मान

## सशक्त महिलाओं ने दिया बेटियों को शिक्षा एवं स्वावलंबन का सन्देश

स्मार्ट हलचल/राजकुमार राठौड़

**बून्दी।** समग्र शिक्षा विभाग के तत्वावधान में अन्तर्राष्ट्रीय बालिका दिवस पर बालिकाओं के सशक्तिकरण के लिये जिला स्तरीय समारोह का आयोजन जिला प्रमुख श्रीमती चन्द्रावती कॅवर के मुख्य आतिथ्य एवं जिला कलक्टर रेणु जयपाल की अध्यक्षता में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बून्दी के सभागार में आयोजित किया गया। नगर परिषद सभापति श्रीमती मधु नुवाल तथा पूर्व वित्त राज्य मंत्री श्री हरिमोहन शर्मा विशिष्ट अतिथि थे।

जिला प्रमुख श्रीमती चन्द्रावती कॅवर ने गार्गी, मैत्रेयी जैसी विदुषियों तथा झांसी की रानी लक्ष्मीबाई जैसी वीरागंनाओं का दृष्टांत देते हुये सभी बालिकाओं को जीवन में सफलता प्राप्त करने की शुभकामनाएं दी।

अध्यक्षीय उद्बोधन में जिला कलक्टर ने प्रत्येक बालिका को अपने पैरों पर खड़े होकर अपने परिवार एवं समाज के उत्थान के लिये कृत संकल्प होकर जीवन में सघर्ष के साथ आगे बढ़ने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि बालिकाओं के जज्बे को देखकर देश में एनडीए में कमीशन के लिये भी पहली बार अवसर प्रदान किया गया है। इस प्रकार जीवन के अनेक क्षेत्रों के साथ देश की रक्षा के लिये भी आधी-आबादी पर विश्वास व्यक्त किया गया है। यह हमारी सफलता है।



पूर्व मंत्री हरिमोहन शर्मा ने मंच से संबोधित करते हुये बालिकाओं के सर्वागीण विकास के लिये अनेक कुरीतियों से लड़ते हुये शिक्षा के माध्यम से आगे बढ़ते हुए महिलाओं ने समाज में योग्यता के आधार पर जो अधिकार और सम्मान पाया है, वो आज इस मंच पर दिखाई दे रहा है। नगर परिषद सभापति श्रीमती मधु नुवाल ने भी महिलाओं की शिक्षा और स्वावलंबन पर जोर दिया। महिलाओं के विधिक अधिकारों के क्षेत्र में कार्यरत 'मुस्कान' वेलफेयर सोसाईटी की अध्यक्ष डॉ नीतू नुवाल मुख्य वक्ता रही। अतिथियों का स्वागत मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी एवं पदेन जिला परियोजना समन्वयक तेजकंवर एवं अति0 जिला परियोजना समन्वयक, समग्र शिक्षा सुरेश चन्द्र वैष्णव द्वारा किया गया।

इस अवसर पर प्रत्येक ब्लॉक से विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ठ कार्य करने वाली ब्लॉक स्तर से चयनित मेधावी, खेल स्पर्धा, सांस्कृतिक एवं सामाजिक सरोकारों में श्रेष्ठ कार्य करने वाली 20 बालिकाओं को सम्मानित किया एवं जिला स्तरीय किशोरी मेले श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली बालिकाओं को पुरस्कृत किया। उनके द्वारा प्रदर्शित मॉडलस की प्रर्दशनी आयोजित की गई। उपस्थित सभी बालिकाओं को विभाग की ओर से टी-शर्ट भेंट की गई। शिक्षण कार्य में नवाचार करने एवं बालिका शिक्षा के क्षेत्र में विशिष्ट कार्य करने वाले 20 शिक्षक-शिक्षिकाओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान किये। इस अवसर पर स्लोगन, निबंध, क्विज एवं पोस्टर प्रतियोगितओं का आयोजन भी किया गया तथा बालिकाओं को पुरस्कृत किया। समारोह में महिला अधिकारिता विभाग से एमएल शेखर, समग्र शिक्षा के सहायक परियोजना समन्वयक ऋषिराज शर्मा, कार्यक्रम अधिकारी राजेन्द्र भारद्वाज एवं हनुमान राठौर भी मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन नीता गहलोत ने किया।

# सुबह लाईनो मे धक्का मुक्की शाम को कम हुई भीड



स्मार्ट हलचल/इस्लाम खान

**हिण्डोली।** बूंदी जिले के देई कस्बे मे सोमवार को भी डीएपी खाद के लेने के लिए धरतीपुत्र किसान उमड पडे। इस दौरान किसान सहकारी समिति के वितरण केन्द्र पर खुलने से पहले ही लाईनो मे खडे हो गये। बाद मे कृषि मंडी मे लाईन लगाने पर सभी किसान मंडी की और दौड पडे। जिससे लाईनो मे धक्का मुक्की हुई। लेकिन शाम को लाईनो मे भीड कम हो गई। कई किसान खाद लेकर रवाना हो गये। खाद लेने के लिए महिलाऐ भी लाईनो मे खडी हुई। किसानो को मंडी मे बिल दिये गये जिससे समिति परिसर मे खाद के कट्टे दिये गये। कई किसान भीड को देखकर वापस लोट गये। दिनभर मंडी व समिति परिसर मे किसानो की आवाजाही बनी रही। नैनवां क्रय-विक्रय सहकारी समिति प्रंबधक कमलेश जैन ने बताया कि प्रत्येक किसान को तीन तीन कट्टे खाद के दिये गये जिसमे करीब 1500 कट्टे वितरित हुए। शुक्रवार शनिवार तक फिर करीब 200 टन खाद आयेगा किसानो को पर्याप्त खाद मिल सकेगा। वितरण के दोरान कृषि पर्यवेक्षक आशाराम नागर सहित समिति के कर्मचारी मौजूद रहे।

# भवानी मंडी पुलिस ने एक व्यक्ति को किया देसी पिस्टल सहित गिरफ्तार



स्मार्ट हलचल/रणवीर सिंह चौहान

**भवानी मंडी।** पुलिस ने पचपाड़ बाईपास तिराहे पर एक व्यक्ति को अवैध देसी पिस्टल सहित गिरफ्तार किया। जिला पुलिस अधीक्षक डॉ किरण कंग सिद्धू एवं अतिरिक्त जिला पुलिस अधीक्षक राजेश यादव के निर्देशानुसार तथा भवानी मंडी पुलिस उप अधीक्षक गोपीचंद मीणा तथा थानाधिकारी महावीर सिंह यादव के नेतृत्व में अवैध हथियारों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे अभियान के दौरान थाना भवानीमंडी पर गठित टीम द्वारा दौरान गस्त बायपास तिराहा पच पहाड़ पर मोहम्मद रफीक पुत्र मकबूल खान जाति मुसलमान उम्र 48 वर्ष निवासी सईद बाड़ी गंगधार थाना गंगधार जिला झालावाड़ को एक अवैध देसी पिस्टल सहित गिरफ्तार किया मुलजिम के खिलाफ आर्म्स एक्ट में प्रकरण दर्ज किया प्रकरण में अनुसंधान जारी है।

# जागरूकता रैली निकाल कर दिया बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का संदेश



स्मार्ट हलचल/इस्लाम खान

**हिण्डोली।** सोमवार को ग्राम राज्य विकास एवं प्रशिक्षण संस्थान के इम्पैक्ट द्वारा संचालित बालिका शिक्षा कार्यक्रम संस्था के निर्देशक छेल बिहारी शर्मा व बालिका शिक्षा कार्यक्रम प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर राजकुमार के आदेश अनुसार ग्राम पंचायत रिहाणा, अजेता, ख़यावदा, नयागांव, भैरूपुरा, रायथल, करवाल फोलाई,के ग्रामों में संचालित 34 केन्द्र पर अंतराष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया गया जिसमें सभी केन्द्र पर जागरूकता रैली निकाली गई। इस दौरान बालिका शिक्षा केन्द्र के सुपरवाइजर नासिर हुसैन ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का संदेश दिया व समाज मे जागरूकता लाने को कहा रमेश कुमार रावल व भीमराज मीणा ने केन्द्र पर बालिका कविता व पोस्टर प्रतियोगिता एवं लेखन प्रतियोगिता करवाई गई, इस दौरान कार्यक्रम में समस्त ग्रामवासी महिला ले भाग लिया।

# सुनेल में आए दिन हो रही चोरी की वारदात को लेकर ज्ञापन दिया



स्मार्ट हलचल/धनराज भंडारी

**सुनेल।** सुनेल नगर व क्षेत्र में आए दिन चोरियों व अपराध में बहुत ज्यादा बढ़ोतरी हो रही है जिसको लेकर भाजपा मंडल सुनेल के कार्यकर्ताओं द्वारा सुनेल थाना अधिकारी को पुलिस व्यवस्था बदहाल करने व चोरी की वारदात करने वाले अपराधियों को जल्द से जल्द पकड़ने को लेकर ज्ञापन दिया गया ज्ञापन में बताया कि सुनेल शहर में आए दिन चोरों का आतंक है बीच बाजार में रहने वाले नगर वासियों भी सुरक्षित नहीं है क्योंकि आए दिन चोरियों में बढ़ोतरी हो रही है इस व्यवस्था को सही करने आदि को लेकर ज्ञापन सौंपा इस दौरान मंडल अध्यक्ष अशोक कुमार दुबे, पचायत समीति सुनेल प्रधान सीता कुमारी भील, जिला परिषद सदस्य फतेह सिंह जी सोनगरा, जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि भगवान पटेल, जनपद रामदयाल भील, कालू लाल मेघवाल, मंडल उपाध्यक्ष जानकीलाल नागर, बर्दी लाल नागर, राजेंद्र टेलर काका, मंडल महामंत्री विनोद वर्मा, योगेन्द्र जोशी, शिव कुमार गुप्ता, दीपक गुप्ता, नरेंद्र सिंह सोनगरा, बाल कृष्ण दुबे, प्रेम पालीवाल, सतनारायण पाटीदार, प्रकाश लोहार, उदय राम पाटीदार, मोती लाल गुर्जर, भगवान सिंह गुर्जर, भंवर लाल गुर्जर, ईश्वर पाटीदार, रामप्रसाद नागर, हरीश पाटीदार, दिनेश नागर, घनश्याम नागर, राजेश माथुर, राम सिंह नागर, भगवान राठौर, भैरू गुर्जर, फूलचंद चौधरी, विजय पाटीदार आदि मौजूद रहे।

# अधिकारी-कर्मचारी संवेदनशीलता से करें आमजन की समस्याओं का समय पर समाधान-जिला कलेक्टर चिन्मयी गोपाल

## जिले के मालपुरा उपखंड क्षेत्र के लावा ग्राम पंचायत में प्रशासन गांवों के संग अभियान का हुआ आयोजन...

**स्मार्ट हलचल/शिवराज मीना**

**टोंक।** प्रशासन गांवों के संग अभियान-2021 के दौरान सम्बंधित ग्राम पंचायत के शिविर में मौके पर ही अधिकतम लोगों को राहत मिल रही है। इसके लिए जिला कलेक्टर चिन्मयी गोपाल जिले में लगाए जा रहे शिविरों का निरीक्षण कर विभागों की तैयारियों का जायजा ले रही है।

सोमवार को जिले के मालपुरा पंचायत समिति की ग्राम पंचायत लावा में आयोजित शिविर का जिला कलेक्टर ने निरीक्षण किया। जिला कलेक्टर ने मौके पर उपस्थित विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कार्मिकों को संवेदनशीलता के साथ आमजन की समस्याओं का समाधान करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की मंशानुरूप अधिकाधिक लोगों को इन शिविरों के माध्यम से लाभान्वित किया जाए। उन्होंने विभिन्न विभागों के अधिकारियों को उनके विभाग से जुडें कार्यो के प्राप्त आवेदनों पर त्वरित कार्यवाही कर शिविर में निस्तारित करने को कहा। अधिकारी इस बात का प्रयास करें कि जो नागरिक शिविर में आता है, वह संतुष्ट होकर जाएं। वहीं जिला कलेक्टर ने शिविर में विभिन्न विभागों की प्रगति की जानकारी ली। साथ ही मौके पर आमजन की समस्याओं कौ धैर्यपूर्वक सुना और संबंधित अधिकारियों को निस्तारण के निर्देश दिए।



जिला कलेक्टर के समक्ष ग्रामवासियों ने लावा-सोडा दरवाजा से सोहनी बालाजी रास्ते से अति मण हटाने, लावा से राखुनाडा रास्ते से अति मण हटाने, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक ने विद्यालय व खेल मैदान के लिए आवंटित भूमि में रकबा परिवर्तन कराकर सीमाज्ञान कराने के प्रार्थना पत्र दिए। जिला कलेक्टर ने तहसीलदार प्रहलाद सिंह को तीनों प्रकरणों पर कार्यवाही करने के लिए निर्देशित किया। तहसीलदार ने शिविर की प्रगति रिपोर्ट देते हुए कि बंटवारे के 31, शुद्धि पत्र के 87, नामान्तरण के 210, नकल के 228 प्रकरणों का निस्तारण किया गया है। आबादी विस्तार के 3 प्रस्ताव प्राप्त हुए है।

### शिविर में दिव्यांग रतिराम को मिला पट्टा

दिव्यांग रतिराम के लिए प्रशासन गांवों के संग अभियान वरदान बनकर आया। मालपुरा पंचायत समिति की ग्राम पंचायत लावा में जिला कलेक्टर चिन्मयी गोपाल के समक्ष रतिराम खटीक पुत्र भंवरलाल खटीक अपनी पीडा लेकर पहुंचा। लेकिन शारीरिक विकलांगता के कारण वह ठीक से अपनी पीडा भी नहीं बता पा रहा था। ग्रामीण ने ही उसकी पीडा की जानकारी जिला कलेक्टर को बताई। ग्रामीणों ने बताया कि रतिराम के पास रहने के लिए कोई जगह नहीं है। जिस पर जिला कलेक्टर ने उसके दुख दर्द को समझते हुए पंचायत समिति विकास अधिकारी सतपाल कुमावत को मौके पर ही समस्या का निस्तारण करने के निर्देश दिए। बीडीओ सतपाल कुमावत द्वारा रतिराम को ग्राम पंचायत भूमि आवंटन का पट्टा दिया गया। जिला कलेक्टर ने पहल करते हुए रतिराम का घर बनाने के लिए स्वयं 5 हजार रूपये दिए। इसके बाद वहां मौजूद पंचायत समिति प्रधान सकराम चौपाडा ने 5 हजार, जिला परिषद सदस्य छोगाराम गुर्जर ने 5 हजार, उपखण्ड अधिकारी ने 5 हजार रूपये, तहसीलदार, विकास अधिकारी अन्य अधिकारियों तथा श्री संयुक्त व्यापार मण्डल के सहयोग से एक लाख से ऊपर राशि एकत्र कर ली गई। रतिराम का भूमि आवंटन एवं घर बनाने की राशि मिल जाने पर उसकी खुशी का ठिकाना न रहा, जो कि उसके चेहरे और आंखो में दिख रही थी। उसने जिला कलेक्टर एवं राज्य सरकार का आभार व्यक्त किया।

# टोंक विधायक ने अरणियामाल के बालिका विद्यालय का किया निरीक्षण

## पायलट ने की विद्यालय के नवाचारों की सराहना...



**स्मार्ट हलचल/शिवराज मीना**

**टोंक।** राज्य के पूर्व उप मुख्यमंत्री व टोंक विधायक सचिन पायलट ने सोमवार को टोंक विधानसभा क्षेत्र में अपने दौरे के दौरान अरनियामाल गांव की बालिका स्कूल में निरीक्षण कर स्कूल में हो रहे नवाचार, सीसीटीवी कैमरे, खिलौना बैंक, शैक्षणिक व्यवस्थाओं आदि का निरीक्षण किया। जिस पर विद्यालय में हो रहे विकास कार्यो व बच्चों की गुणवत्तापूर्ण पढ़ाई को लेकर भी पायलट ने संस्था प्रधान सहित स्टाफ की सराहनीय प्रशंसा की। विधालय के कार्यवाहक संस्था प्रधान बाबूलाल बैरवा व ग्रामवासियों सहित समस्त छात्राओं ने विद्यालय को मिडिल से सेकण्डरी में 'मोन्नत कराने के लिए ज्ञापन भी सौंपा। जिस पर विधायक पायलट ने विद्यालय को 'मोन्नत करवाने का पूरा आश्वासन दिया। राजकीय बालिका उच्च प्राथमिक विद्यालय अरनियामाल में वर्तमान में 225 बच्चों का नामांकन है, जो 2016 से लगातार विद्यालय का नामांकन बढ़ता जा रहा है। विद्यालय में कई नवाचार प्रस्तुत किए जा रहे हैं, वहीं विद्यालय में भामाशाह के सहयोग से कई रचनात्मक कार्य करवाए जा रहे हैं। इस अवसर पर ग्रामवासियों में आशाराम अध्यापक, राजेंद्र, सुवालाल, नंदकिशोर, अरनियामाल सरपंच शांतिलाल मीणा सहित छात्राओं में रेखा, कृष्णा प्रियंका, मीना, नीलू , जसकोर, प्रियांशु, किरण, रेखा, प्रिया, सपना, निशा, वि म, अंकित आदि ने विधायक सचिन पायलट का माल्यार्पण कर स्वागत किया और साथ में सउद सईदी, हंसराज फागणा सरपंच संघ के प्रदेश महामंत्री सभी ने विद्यालय के नवाचारों की प्रशंसा है तथा दिव्यांग शिक्षक कार्यवाहक संस्था प्रधान बाबूलाल बैरवा के विद्यालय के प्रति सकारात्मक योगदान को देखकर उनकी काफी प्रसंशा की।

# ई-मित्र प्लस ऑपरेटर संघ राजस्थान शाखा ने विधायक को सौंपा ज्ञापन



**स्मार्ट हलचल/शिवराज मीना**

**टोंक।** ई-मित्र प्लस ऑपरेटर संघ राजस्थान के बैनर तले मंगलवार को जिला सचिव चेतन भारती के नेतृत्व में टोंक जिले के ईमित्र प्लस ऑपरेटर संघ द्वारा टोंक आगमन पर पूर्व उप मुख्यमंत्री एवं टोंक विधायक सचिन पायलट को अपना मांग पत्र देकर अपनी समस्याओं का निदान करवाने व जिले टोंक के प्रत्येक भारत निर्माण राजीव गाँधी सेवा केन्द्रों पर कार्यरत्त ईमित्र प्लस ऑपरेटरों को ही कम्प्यूटर ऑपरेटर के पद पर स्थायी नियुक्ति दिलवाने की मांग रखी गई । जिस पर पूर्व उप मुख्यमंत्री व टोंक विधायक सचिन पायलट ने बताया कि आपकी मांगें लम्बे समय से चली आ रही है, जिस पर पायलट ने ईमित्र प्लस आपरेटर संघ के ज्ञापन को मुख्यमंत्री तक पहुंचाकर उचित मांगों को पूरा करवाने का भरोसा दिलाया। ईमित्र प्लस आपरेटर संघ प्रदेश उपाध्यक्ष राजाराम लालावत ने बताया कि राजस्थान के प्रत्येक भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केन्द्रों के ईमित्र प्लस ऑपरेटर पिछले कई महीनों से अपनी मांगों के समर्थन में ज्ञापन , ट्वीटर , फेसबुक आदि सोशल मीडिया के माध्यम से भी भेजकर आन्दोलनरत है। इस अवसर पर ईमित्र प्लस आपरेटर टोंक जिला कोषाध्यक्ष विष्णुदयाल वर्मा, टोंक ब्लॉक अध्यक्ष नवरत्न शर्मा, किशन चौधरी, लड्डूलाल मीणा, भूपेंद्र शर्मा सहित अन्य ईमित्र प्लस ऑपरेटर उपस्थित रहे।

# टीम चेतन धुंधारिया द्वारा डांडिया नाइट 2021 का आयोजन

## गोविन्दगढ़ के डीएसपी संदीप सारस्वत ने भी कार्यक्रम में शिरकत की

**स्मार्ट हलचल/सुरेश नेमीवाल**

**जयपुर।** टीम चेतन धुंधारिया द्वारा नवरात्रा के मौके पर रेणु विला, रामपुरा, जयपुर में डांडिया नाइट का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मधु कुमावत प्रदेश मंत्री भाजपा व टीम चेतन धुंधारिया के संस्थापक चेतन कुमावत ने देवी पूजन से की।

इसके बाद उपस्थित गणमान्य लोगों ने सपरिवार डांडिया खेलकर कार्यक्रम का लुफ्त उठाया। पारंपरिक वेशभूषा में प्रथम गुडीवाल व प्रमोद माचीवाल की जोड़ी ने अपनी प्रस्तुति देकर लोगों का दिल जीत लिया। टीम चेतन धुंधारिया के प्रवक्ता जयसिंह गुडीवाल ने बताया कि जयपुर में नवरात्रा के दौरान गरबा और डांडिया का ट्रेंड युवाओं पर छाया रहता है। ऐसे में कोविड के बाद टीम चेतन धुंधारिया ने एक अलग प्रकार की डांडिया नाइट का आयोजन करवाया है। कार्यक्रम में अनेक प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया तथा विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में जेठालाल व दया भाभी डांस स्टाइल की धूम रही। कार्यक्रम में रमादेवी चौपडा जयपुर जिला प्रमुख, मधु कुमावत, प्रदेश मंत्री भाजपा, संदीप सारस्वत डीएसपी गोविन्दगढ़, सोनिया महाजन डिप्टी कमिश्नर ऑफ इनकम टेक्स, विमल कुमावत शहर उपाध्यक्ष भाजपा, सुनील कुमावत सह संयोजक सहकारिता प्रकोष्ठ भाजपा, श्याम प्रताप सिंह राठौड़ सरपंच ग्राम जाहोता, रमेश कुमावत अध्यक्ष मालवीय नगर विकास समिति, जयकिशन सोकिंल समाजसेवी व भामाशाह, टीम चेतन धुंधारिया के खेमचंद खडगटा, राकेश कुमावत एडवोकेट, विजय कारगवाल, भारती तोंदवाल, रमेश तोंदवाल, राकेश मरोडिया, गिरीश कुमावत, रेणु कुमावत, सोनम गुडीवाल, तनुज कुमावत, ओमप्रकाश, जितेन्द्र सिंह राठौड भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर मधु कुमावत ने कहा कि डांडिया गुजरात से है, लेकिन अब भारत सहित दुनिया भर में जाना पहचाना जाता है। इस तरह के आयोजनों से सांस्कृतिक आदान-प्रदान, विभिन्न संस्कृतियों का एक-दूसरे के साथ सम्पर्क स्थापित होता है, एक संस्कृति दूसरी संस्कृति से अच्छे पहलुओं को अपनाने में सक्षम होती है। रमादेवी चौपडा ने कहा कि नवरात्रि न केवल भारत का बल्कि वैश्विक स्तर पर भी एक प्रतिष्ठित त्योहार है। कार्यक्रम के अंत में टीम चेतन धुंधारिया के संस्थापक चेतन कुमावत ने पधारे हुए सभी मेहमानों को धन्यवाद दिया।



# भाजपा शहर मंडल की बैठक आयोजित



**स्मार्ट हलचल /योगेश कुमार गुप्ता**

**चाकसू।** प्रदेश भाजपा की ओर से चलाए जा रहे मंडल सशक्तिकरण कार्यक्रम को लेकर भाजपा चाकसू शहर मंडल की बैठक मंडल अध्यक्ष रामधन सैनी के अध्यक्षता में आयोजित हुई।

इस अवसर पर विधानसभा प्रभारी हेमंत लांबा एवं मंडल प्रभारी बाबूलाल मीणा ने सशक्त मंडल हेतु कार्यकारिणी का सत्यापन किया तथा ऊर्जावान कार्यकर्ताओं को आगे लाकर पार्टी को सशक्त एवं संगठित बनाने पर जोर दिया इस अवसर पर चेयरमैन प्रत्याशी विनोद राजोरिया वरिष्ठ नेता मेहराज खान लाला राम जादम मंडल महामंत्री रामबाबू गोडीवाल उपाध्यक्ष राजेंद्र शर्मा चंदन सिंह गुर्जर महेंद्र पारीकअशोक गौतम मंत्री चंद्र 7 शर्मा फूलचंद महावर ममता सेवालिया अशोक गर्ग प्रेम शर्मा रवि शर्मा मोनू शर्मा नंदलाल सैनी पूरण फुलवरिया शंकर गुर्जर महेश बारोलिया अभिषेक शर्मा सहित बूथ अध्यक्ष एवं शक्ति केंद्र संयोजक उपस्थित रहे।

# देश में प्राथमिक चिकित्सा की शिक्षा बेहद जरूरी-प्रो. प्रधान

**स्मार्ट हलचल/गोविन्द गोपाल सिंह**

**जयपुर।** प्राथमिक चिकित्सा की शिक्षा और उसके लिए पाठ्यक्रमों की जरूरत को ध्यान में रखकर शहर के मानसरोवर स्थित दीपशिखा कॉलेज ऑफ टेक्निकल एजुकेशन में संवाददाता सम्मेलन आयोजित किया गया।

सम्मेलन को संबोधित करते हुए कुलपति प्रो. वी.एन. प्रधान ने यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी जयपुर की तरफ से शुरू किए गए प्राथमिक चिकित्सा और इससे जुड़े अन्य प्राथमिक उपचार पाठ्य मों को जरूरी बताते हुए इनके बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जो अभ्यर्थी चिकित्सा सेवा के क्षेत्र में अपना कॅरियर बनाना चाहते हैं, उन्हें इस पाठ्य म के माध्यम से बेहतर विकल्प प्राप्त हो सकते हैं। यह पाठ्य म रोजगार एवं स्वरोजगार को बढ़ाने के लिए एक सुनहरी पहल है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति को मंजूरी देने के बाद से सरकार अपना ध्यान प्राथमिक चिकित्सा को मजबूत बनाने में लगा रही है।




इस तरह प्राथमिक चिकित्सा के पाठ्यक्रमों को शुरू करके विश्वविद्यालय प्रधानमंत्री के सपनों को पूरा करने में मदद कर रहा है। ऐसे पाठ्यक्रमों को संचालित करने के लिए भारतीय प्राथमिक चिकित्सा परिषद् (फर्स्ट ऐड काउंसिल ऑफ़ इंडिया), दिल्ली को चिन्हित कर एक समझौता हस्ताक्षरित किया गया है। विश्वविद्यालय अध्यापन सहयोगी संस्था भारतीय प्राथमिक चिकित्सा परिषद् के माध्यम से पूरे राजस्थान में कई वर्चुअल, परंपरागत केंद्र व सूचना केंद्र स्थापित कर रहा है। संवाददाता सम्मेलन में फर्स्ट ऐड काउंसिल ऑफ़ इंडिया के प्रेसिडेंट डॉ. शबाब आलम ने बताया कि यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी जयपुर द्वारा शुरू किया जा रहा प्राथमिक चिकित्सा विशेषज्ञ डिप्लोमा कोर्स एक अनोखा कोर्स है, जिसके माध्यम से पूरे देश में स्वास्थ्य सुरक्षा के संबंध में एक सकारात्मक संदेश जनहित स्वरोजगार के लिए दिया गया है। साथ ही इसके लाभ देशभर के छात्र-छात्राएं राजस्थान में स्थित अध्ययन केन्द्रों के माध्यम से प्राप्त कर सकते हैं। सम्मेलन के दौरान एफएसीआई द्वारा फर्स्ट ऐड विषयों की 5 पुस्तकों का विमोचन किया गया, जिसे यूनिवर्सिटी के पाठ्य म में शामिल किया जाएगा। इस मौके पर दीपशिखा के अंशु सुराणा और प्रोफेसर अंकित गांधी भी मौजूद रहे।

# राजस्थान प्राइवेट नर्सेज एसोसिएशन ने की परीक्षा तिथि बढ़ाने की मांग



**स्मार्ट हलचल/श्रीराम इंदौरिया**

**जयपुर।** राजस्थान प्राइवेट नर्सेज एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष राजेंद्र शर्मा ने बताया कि जीएनएम तृतीय वर्ष की परीक्षा फॉर्म भरने की तिथि को बढ़ाने के लिए राजस्थान नर्सिंग कॉउंसिल के रजिस्ट्रार शशिकान्त शर्मा को ज्ञापन दिया. जिस पर उन्होंने तुरंत नर्सिंग छात्रों के हितों में फैंसला लेते हुये परीक्षा तिथि 12 अक्टूबर से बढ़ाकर 22 अक्टूबर करदी।

परीक्षा तिथि को बढ़ाने की मांग इसलिए कि गयी थी क्योंकि जीएनएम द्वितीय वर्ष की पुनर्मूल्यांकन की अंकतालिका राजस्थान के समस्त नर्सिंग कॉलेजो में नही पहुँच पाई थी, जिससे कई नर्सिंग छात्र फॉर्म को भरने में असमंजस की स्तिथि में थे।

# दिल्ली प्रदेश कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के प्रभारी बने शाहनवाज शेख

## संगठन के प्रति निष्ठा को देखते हुए मिली है जिम्मेदारी डॉ. अनिल मीणा



**स्मार्ट हलचल/शिवराज मीना**

**जयपुर/टोंक।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक डिपार्टमेंट के चेयरमैन इमरान प्रतापगढ़ी ने शाहनवाज शेख को राष्ट्रीय सचिव एवं दिल्ली प्रदेश अल्पसंख्यक डिपार्टमेंट का प्रभारी का कार्यभार दिया है। दिल्ली प्रदेश युवा कांग्रेस रिसर्च विभाग के प्रभारी डॉ अनिल कुमार मीणा ने बताया कि शाहनवाज छात्र राजनीति में उनके साथ काम कर चुके हैं। दिल्ली विश्वविद्यालय जेएनयू जैसे कई विश्वविद्यालयों में उनकी बड़ी मेहनत लगन से चुनाव में जीत मिली है। उनके काम करने के तरीके से संगठन का हर कोई व्यक्ति कायल है । इमरान प्रतापगढ़ी भारत के जाने-माने विश्व विख्यात शायर है, जिन्होंने लफ्जों के माध्यम से सरकार कि गलत रणनीतियां और देश की समस्याओं को उठाया है। फिलहाल इमरान ने कांग्रेस के जमीनी धरातल से जुड़े हुए युवा ऊर्जावान कार्यकर्ताओं को कांग्रेस पार्टी की मुख्यधारा में ला रहे हैं। शाहनवाज पहले भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन के राष्ट्रीय महासचिव, अहमदाबाद से पार्षद एवं पिछले 3 वर्षों से शाहनवाज मध्य प्रदेश के प्रभारी के तौर पर जिम्मेदारी संभाल चुके हैं। इनकी कार्यप्रणाली ईमानदारी एवं संगठन के प्रति निष्ठा को देखते हुए राहुल गांधी एवं इमरान प्रतापगढ़ी संगठन के शीर्ष नेतृत्व ने अल्पसंख्यक समुदाय को संगठित एवं राष्ट्रीय नेतृत्व की भागीदारी में शामिल करने के उद्देश्य से दिल्ली प्रदेश के प्रभारी के तौर पर जिम्मेदारी दी है। शाहनवाज ने बताया कि अल्पसंख्यक समुदाय में आने वाले मुस्लिम, सिख , जैन , बौद्ध, ईसाई एवं पारसी समाज को राजनीति की मुख्यधारा से वंचितों को राजनीति की मुख्यधारा में कांग्रेस के नेतृत्व में आगे लाना है। वर्तमान हालात में देश में चल रहे अल्पसंख्यक लोगों के खिलाफ हो रही घटनाओं पर्दाफाश करने अल्पसंख्यक समुदाय के मुद्दों की लड़ाई लड़ने के लिए आने वाले दिनों में अल्पसंख्यक विभाग को मजबूत किया जाएगा। भारतीय जनता पार्टी की गलत नीतियों के खिलाफ संघर्ष को मजबूत किया जाएगा।

# चाकसू में नेशनल हाईवे 12 निमोड़िया कट पर सड़क हादसे में बुजुर्ग की मौत शिनाख्त नही होंने पर पुलिस ने करवाया अंतिम संस्कार

**स्मार्ट हलचल/योगेश कुमार गुप्ता**

**चाकसू।** करीब 11 दिन पहले नेशनल हाइवे 12 निमोड़िया कट के पास एक पैदल ही रोड क्रॉस कर रहे बुजरुग के अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी थी जिसे राहगीरों ने अपने स्तर पर बिना पुलिस व एम्बुलेंस को सूचना दिए व्यक्ति को सेटेलाइट अस्पताल में पहुंचाया था जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया था । वही सेटेलाइट अस्साल में पहुंचकर पुलिस ने शव को शिनाख्त के लिए महात्मा गाँधी अस्साल की मोर्चरी के डी फ्रिज में रखवाया था ।चाकसू थाना अधिकारी हीरालाल सैनी ने बताया कि पुलिस ने मृतक की शिनाख्त के लिये हर स्तर पर प्रयास किया लेकिन उसकी पहचान नही हो सकी और उसका शव भी खराब होने लग गया था इसलिये पुलिस ने कानूनी कार्यवाही करते हुए अज्ञात मृतक का पोस्टमार्टम करवाकर शव का अंतिम संस्कार कर दिया है ।

# अम्बेडकर वेलफेयर सोसायटी घाड की साधारण बैठक आयोजित



**स्मार्ट हलचल/शिवराज मीना/अविनाश मीना**

**टोंक/घाड/दूनी।** जिले के दूनी तहसील क्षेत्र के घाड में बाबा रामदेव रैगर धर्मशाला पर अम्बेडकर वेलफेयर सोसायटी की साधारण बैठक सोमवार को आयोजित हुई। जिसमें सर्व सम्मति से विभिन्न सामाजिक मुद्दों पर सहमति व्यक्त की गई।

जिसमें समिति सदस्यों में विस्तार हेतु 10 दिन का सदस्यता अभियान चलाकर बताया कि युवाओं, महिलाओं, पुरूषों आदि सहित सर्वसमाज से कोई भी सदस्य 100 रूपये सदस्यता शुल्क देकर जुड़ सकता है। इस के लिये अस्थाई लेखा रिकॉर्ड संधारण के लिये राजेश कुमार वरिष्ठ अध्यापक को नियुक्त किया गया तथा पूर्व में आयोजित अम्बेडकर जयन्ती के उपलक्ष्य में लिये गये निर्णयों की यान्विति कर घाड कस्बे में ही एक पत्थर की बावड़ी के पास भारत रत्न बाबा साहब अम्बेडकर की प्रतिमा स्थापित करने की जगह का चयन भी सर्वसम्मती से किया गया तथा अग्रिम विस्तृत कार्यवाही एजेंडानुसार अगली बैठक में करने का निर्णय लिया गया। इस दौरान रमेश वर्मा, जगदीश बोयत, किशन सेन उप सरपंच, राजेश वर्मा लेखाकार, महेन्द्र अध्यापक, सत्यनारायण मीणा, बुद्धीप्रकाश, मुकेश वर्मा, मुकेश अध्यापक सहित अन्य ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# पेयजल पाइप लाइन लीकेज से लाखों लीटर पानी व्यर्थ बह रहा है, जिम्मेदार हुए प्रवाह

## पोर्टल पर शिकायत करने के बावजूद अभी तक नही हुआ लिकेज पाईप लाईन का समाधान

**स्मार्ट हलचल/योगेश कुमार गुप्ता**

**चाकसू।** कस्बे में कई जगह पेयजल की पाइपें क्षतिग्रस्त हो गई हैं। इससे लाखों लीटर पानी व्यर्थ बह रहा है। हैरानी की बात है कि कोटखावदा मोड पर जलदाय विभाग के कार्यालय के सामने नवनिर्मित फुटपाथ पर ही लीकेज के कारण लाखों लीटर पानी व्यर्थ बह कर पास ही में मौजूद विवादास्पद अंबेडकर पार्क में जमा हो रहा है। यही नहीं, कई जगह ऐसी हैं, जहां फुल प्रेशर से पानी बह रहा है। कस्बे में पानी की समस्या से लोग परेशान हैं और दूसरी ओर जलदाय विभाग व्यर्थ पानी को बहने से रोकने में कोई पहल नहीं कर रहा है।यहां से होकर जलदाय विभाग के कर्मचारी और अधिकारियों का आना-जाना दिन भर लगा रहता है। इसके बावजूद पाइप को दुरुस्त नहीं किया जा रहा है।यही हालात वार्ड 29 में मनोहरा तालाब के नजदीक मेन रोड़ पर लगभग एक महिने से पानी की आपूर्ति लाइन में बड़ा लीकेज है ।पोर्टल व विभाग को सूचित करने के बावजूद सुधार नहीं हो रहा।मेन पाईप लाईन मे से रोजना हजारों लिटर पानी व्यर्थ बह रहा है। जलदाय विभाग के अधिकारियों को बार बार सुचित करने के बावजूद भी जिम्मेदार अधिकारी अपनी आंखे मुद कर बैठे है ।नलो मे पानी का प्रेशर कम आने से से पानी के लिए आहाकार मचा हुआ है ।लेकिन जलादय विभाग के अधिकारी व ठेकेदार को बार बार अवगत कराने के बावजूद भी विभाग ने इस समस्या की तरफ ध्यान नही दिया ।वार्ड 30 के युवा पार्षद दिनेश शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि पिछले लम्बे समय से आईडीएस एमटी आवासीय कालोनी ,रावत कालोनी, चम्पेश्वर कालोनी के निवासियों की शिकायत आ रही है कि नलों में पानी कम दबाव से आ रहा है। विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बार बार सूचना के बावजूद यह पाइप लाइन लीकेज ठीक नहीं हो रहे हैं।एक तरफ लाखों लीटर पानी व्यर्थ बह रहा है तो दूसरी और विभागीय लापरवाही से आम उपभोक्ताओं को पानी की कम आपूर्ति के चलते परेशानी हो रही है।



# किसानों को दी उन्नत खेती करने की जानकारी



स्मार्ट हलचल/हिण्डौन

**हिण्डौन सिटी।** महिको कम्पनी की ओर से किसानों को उन्नत खेती करने की जानकारी दी जा रही हैं ताकि किसान अच्छी खेती कर सके महिको कम्पनी द्वारा गांव -गांव जाकर किसानों को एम आर आर 8030 सरसों ,मुकुट प्लस ,6655 गेंहू सहित अन्य फसलों की खेती करने की जानकारी दी गई जहाँ जागरूक किसानों ने सलाह लेकर अच्छी खेती करने का सकल्प भी लिया महिको की ओर से आये रीजनल मैनेजर पी एस सैनी ने किसानों को सरसों एम आर आर 8030 और मुकुट प्लस गेंहू की विस्तृत जानकारी दी वही कम लागत में अधिक पैदावार का भरोसा भी दिलाया वही किसान पूरी तरह सतुष्ट दिखाई दिए कम्पनी की ओर से आये अन्य अधिकारी विनीत शर्मा ,गौरव ,देवू, गोपाल मीना ने भी खेती करने की जानकारी दी।

# जटवाड़ा में भीम आर्मी के कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित



**सूरौठ।** भीम आर्मी के कार्यकर्ताओं की बैठक रविवार को गांव जटवाड़ा में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता भीम आर्मी के तहसील अध्यक्ष गुरुदत्त सरस ने की एवं जिला प्रभारी अमित करसोलिया मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। बैठक में समाज सुधार के कई बिंदुओं पर विचार विमर्श किया गया एवं भीम आर्मी की जटवाड़ा ग्राम पंचायत की कार्यकारिणी का विस्तार किया गया। बैठक की शुरुआत कार्यकर्ताओं ने बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की तस्वीर के सामने दीप जलाकर की। बैठक में भीम आर्मी के जिला प्रभारी अमित करसोलिया, सूरौठ तहसील अध्यक्ष गुरुदत्त सरस, हिंडौन तहसील सचिव नरेंद्र बंसीवाल, तहसील प्रभारी नरेंद्र जाटव, शहर अध्यक्ष उमेद सिंह करसोलिया, ब्लॉक कमांडो देवेंद्र बंसीवाल, शहर प्रभारी नीरज कुमार, तहसील प्रवक्ता सत्यवीर जाटव, जटवाड़ा पंचायत अध्यक्ष सतीश कुमार, राज कुमार जाटव, कुंवर सिंह, विनोद मौर्य, राहुल मौर्य आदि ने सदस्यता अभियान एवं समाज सुधार के विभिन्न बिंदुओं पर विचार विमर्श किया। बैठक में समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर करने एवं रचनात्मक कार्यों पर जोर देने के संबंध में चर्चा की गई।

# कठूमर पंचायत चुनाव को लेकर रिटर्निंग अधिकारी रामकिशोर मीणा ने दिए दिशा निर्देश

## पंचायत चुनाव में 34 उम्मीदवारों ने नामांकन वापस ले कर 164 प्रत्याशी मैदान में रहे।

स्मार्ट हलचल/दिनेश लेखी

**कठूमर।** पंचायत चुनाव 2021 को लेकर सोमवार को नामांकन वापसी के दिन 34 प्रत्याशियों ने अपने नामांकन पत्र वापस लिये।

अब 25 सीटों के लिए 164 उम्मीदवार अपना भाग्य आजमाएंगे।

रिटर्निंग अधिकारी रामकिशोर मीणा ने बताया कि नामांकन वापसी कार्य के बाद शेष रहे उम्मीदवारों को चुनाव चिन्ह आवंटित कर दिए गए हैं। और सभी उम्मीदवारों को कोरोना



गाइडलाइन एवं चुनाव की आचार संहिता के तहत अपने अपने क्षेत्रों में प्रचार करने को निर्देशित किया गया है ।

# ग्राम बराडा के अधेड व्यक्ति ने फांसी लगाकर आत्महत्या की

स्मार्ट हलचल/दिनेश लेखी

**कठूमर।** थाना क्षेत्र के ग्राम बराड़ा में एक 50 वर्षीय व्यक्ति ने सोमवार सुबह पेड़ पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

मिली जानकारी के अनुसार बराडा निवासी 50 वर्षीय भगवान सिंह पुत्र बुद्धि लाल जाटव शराब पीने का आदी था और अक्सर मानसिक तनाव में रहता था ।कि सोमवार सुबह करीब 5 बजे अपने परिवार जनों से गाली गलौच कर घर से बाहर निकल आया। और बाद में सौंख बराड़ा रोड पर स्थित एक पेड़ पर तौलिया लगाकर फांसी लगा ली। जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई।

सूचना मिलने पर पहुंचे ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कठूमर के अध्यक्ष शिब्बोराम बराड़ा ने इसकी सूचना कठूमर पुलिस को दी। कठूमर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को पेड़ से उतरवाया और कठूमर सीएचसी लाकर पोस्टमार्टम करा शव परिजनों को सौंप दिया।

# अलवर जिला परिषद के वार्ड नंबर 6 कांग्रेस प्रत्याशी विद्या देवी के समर्थन संजय यादव ने किया जनसंपर्क



स्मार्ट हलचल/संदीप भारद्वाज

**बहरोड।** अलवर जिला परिषद के वार्ड नंबर 6 से कांग्रेस प्रत्याशी विद्या देवी के समर्थन में संजय यादव पूर्व जिला अध्यक्ष युवा कांग्रेस अलवर ने दर्जनभर गांवों में डोर टू डोर जनसंपर्क किया वहीं महिलाओं ने और बुजुर्गों ने आशीर्वाद दिया वही संजय यादव ने बताया कि जो पहले भी पार्षद बनकर जाते थे वोट डालने तक सीमित रहते थे मुझे पूरा विश्वास है कांग्रेस पार्टी जिला प्रमुख का प्रत्याशी बनाएगी और वार्ड नंबर 6 को जिला प्रमुख मिलेगा कार्यक्रम में दशरथ यादव पूर्व उपसरपंच कृष्ण यादव मंगल राम शर्मा संवत राम मंगल राम पंच आदि ग्रामीण मौजूद रहे।

# बेटियों को आगे बढाने तथा प्रोत्साहन देने के लिए हर व्यक्ति आए आगे: कलेक्टर

## अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस पर जिले की सौ बेटियों को किया सम्मानित

स्मार्ट हलचल/मदन मोहन गर्ग

**गंगापुर सिटी/सवाई माधोपुर।** अन्तर्राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर सोमवार को जिला मुख्यालय स्थित राजकीय बालिका उमावि मानटाउन में मेरी बेटी मेरा सम्मान थीम पर आयोजित कार्यक्रम में जिला कलेक्टर राजेन्द्र किशन, जिला प्रमुख सुदामा मीना, नगरपरिषद सभापति विमलचन्द महावर ने विभिन्न क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने वाली 100 बेटियों को सम्मानित किया।

जिला कलेक्टर ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि जिले में बेटी बचाओ-बेटी पढाओ को नया आयाम देते हुये अभिनव नवावार ''हमारी लाडो'' शुरू किया गया जिसे बहुत सफलता और विस्तार मिला है। उन्होंने बताया कि सवाईमाधोपुर में आने के 1-2 दिन बाद ही मैने पाया कि जिला शिशु लिंगानुपात में राज्य में सबसे निचले पायदान पर है। इसमें सुधार के लिये हमने 2 स्तर पर कार्य किया। पीसीपीएनडीटी एक्ट के माध्यम से जिले में संचालित सोनोग्राफी सेंटर्स पर निगरानी और निरीक्षण व्यवस्था को अधिक चाक



चौबंद किया, दूसरी ओर बेटियों का मनोबल बढाने, उन्हें कॅरियर निर्माण में मार्गदर्शन देने के लिये ''हमारी लाडो'' नवाचार शुरू किया। इसके अन्तर्गत अब तक हजारों स्कूली बालिकाओं को बडी संख्या में न्यायिक, प्रशासनिक, पुलिस व अन्य विभागों के अधिकारियों ने कॅरियर निर्माण, विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी है, उन्हें मोटिवेट किया है कि कोई भी बच्ची अपनी मेहनत और लगन से किसी भी ऊँचाई को छू सकती है।

कलेक्टर ने कहा कि बेटियां बेटों से किसी भी प्रकार से कम नहीं हैं। बेटियों को प्रोत्साहन एवं अवसर मिले तो वे हर स्तर पर सफलता प्राप्त करती है। उन्होंने बेटियों का हौंसला बढाते हुए उन्हें अपनी प्रतिभा में निखार लाने के लिए लगातार कडी मेहनत एवं लक्ष्य प्राप्ति के लिए जुट जाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि पढाई के अतिरिक्त भी कई क्षेत्र हैं, जहॉं बेटियॉं कॅरियर बना सकती है। संगीत, कला, निजी उद्यम, खेलकूद समेत कई विकल्प हैं। अपनी रूचि और क्षमता के हिसाब से निर्णय लें, सरकार और प्रशासन हर कदम पर आपके साथ है। जिला कलेक्टर ने बताया कि हमारा मिशन जिले को शिक्षा रैंकिंग में राज्य में नम्बर वन पर लाना है। क्योंकि बालिका सशक्तीकरण में शिक्षा सर्वाधिक महत्वपूर्ण है।

कार्यक्रम में खेलकूद, पढाई, सांस्कृतिक गतिविधियो आदि में उल्लेखनीय प्रतिभा का प्रदर्शन करने वाली 100 बेटियों को स्मृति चिन्ह एवं प्रमाणपत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इनमें वे बेटियॉं भी शामिल हैं जिन्होंने इंस्पायर अवार्ड प्राप्त किया है, विभिन्न कार्यक्रमों में जिला एवं राज्य स्तर पर भागीदारी की है, सामाजिक समरसता के क्षेत्र में विशेष योगदान दिया है। कार्यक्रम में जिला प्रमुख सुदामा मीना, नगर परिषद सभापति विमल महावर, सीडीईओ मिथलेश शर्मा, कार्यक्रम अधिकारी मोहम्मद साबिर, अलीमुद्दीन खान सहित शिक्षा विभाग के अधिकारी एवं अभिभावक भी मौजूद थे।

# सर्व ब्राह्मण समाज के डांडिया महोत्सव में महिलाओं को मिले उपहार

स्मार्ट हलचल/मदन मोहन गर्ग

**गंगापुर सिटी।** सर्व ब्राह्मण महासभा द्वारा आयोजित सर्व ब्राह्मण समाज डांडिया महोत्सव में माता की महिमा और परंपरा लोकगीतों पर डांडिया नृत्य और बेस्ट डांसर बेस्ट पोशाक जैसी प्रतियोगिताओं में आवाज जीतने की चेहरे पर दिल की खुशी यह नजारा रविवार देर रात सर्व ब्राह्मण महासभा द्वारा आयोजित डांडिया महोत्सव का था।कार्यक्रम की शुरुआत सर्व ब्राह्मण समाज डांडिया महोत्सव की आयोजन समिति के सदस्यों द्वारा मां जय जगदंबे की आरती अंबे तू है जगदंबे की आरती के साथ शुरुआत की।

मां जय जगदंबे की आरती के बाद महिलाओं ने जमकर डांडिया नृत्य कार्यक्रम में उत्साह बढ़ाया। पंखिड़ा पंखिड़ा बरस बरस इंदर राजा जैसे गीतों पर जमकर डांडिया नृत्य किया और छोटे-छोटे बच्चों ने भी जमकर डांडिया नृत्य किया और



कार्यक्रम में उत्साह बढ़ाया कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ राजेंद्र शास्त्री ने की और मुख्य अतिथि सर्व ब्राह्मण महासभा महिला प्रकोष्ठ के प्रदेश मंत्री श्रीमती मीना शर्मा थी। विशिष्ट अतिथि दोसा सर्व ब्राह्मण महासभा जिला अध्यक्ष ऋषभ शर्मा और महिला प्रकोष्ठ सर्व ब्राह्मण महासभा दोसा की जिला अध्यक्ष श्रीमती सुनीता शर्मा और सवाई माधोपुर सर्व ब्राह्मण महासभा जिला अध्यक्ष श्री किशन शर्मा और जिला महामंत्री हनुमान शर्मा रहे। कार्यक्रम मैं 15 वर्ष से कम उम्र की और 15 वर्ष से ऊपर की उम्र की और महिलाओं ने प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त कर उभरा प्राप्त उपहार प्राप्त किए। 15 वर्ष से कम उम्र की बेस्ट डांसर इशिता शर्मा द्वितीय खुशी शर्मा और तृतीय नर्मदा जयंती और 15 वर्ष से ऊपर डांस डांसर प्रथम पायल शर्मा दीप्ति हर्षिता शर्मा और तृतीय छवी शर्मा और 15 वर्ष से कम उम्र की बेस्ट ड्रेस में प्रथम हर्षिता दितीय 26 शर्मा और तृतीय ताल शर्मा रही और सभी विजेताओं को उपहार दिए गए कार्यक्रम में आयोजन समिति के सावित्री शर्मा शारदा शर्मा कल्पना शुक्ला शोभा दिक्षित नीरज दीक्षित रजनी उपाध्याय अपर्णा शर्मा अंजली दुबे सपना शर्मा अंजली शर्मा आरती शर्मा ममता मर गया उषा चतुर्वेदी विमलेश अवस्थी और ब्राह्मण समाज अध्यक्ष हेमंत शर्मा सर्व ब्राह्मण महासभा अध्यक्ष बालकृष्ण शर्मा महूकला ब्राह्मण समाज अध्यक्ष शैलेंद्र शर्मा सुनील शुक्ला सुरेश शर्मा सतीश शर्मा राधा रमन शर्मा देवेंद्र पाठक गोपाल बुक सेलर देवेंद्र शर्मा गोपाल सरकंडी प्रदीप गौतम और भी समाज के गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

# एसडीएम ने खाद की दुकान को किया सीज, मचा हड़कंप

स्मार्ट हलचल / पीसी जैन

**डीग।** ड़ीग उप खंड में खाद की काला बाजारी की लगातार मिल रही शिकायतों को देखते हुए सोमवार को उपखंड अधिकारी हेमंत कुमार ने ड़ीग कस्बे में खाद वि`ताओं की दुकानों का औचक निरीक्षण कर अनियमितता पाए जाने पर एक खाद की दुकान को सीज कर दिया। उपखंड अधिकारी हेमंत कुमार ने सोमवार को कस्बे के



कामा गेट पर खाद की चार दुकानों का निरीक्षण किया।

कस्बे के नगर रोड स्थित राज ट्रेडिंग कंपनी की दुकान पर निरीक्षण के दौरान के दुकानदार द्वारा संतोषप्रद जवाब ना देने पर उपखंड अधिकारी ने उक्त दुकान को सीज कर दिया है ।जिससे खाद वि`ताओं में हड़कंप मच गया। निरीक्षण के दौरान प्रबंधक सहकारी समिति सचिन्द्र एवं अन्य कार्मिक उपस्थित थे। गौरतलब है कि यूरिया खाद की कालाबाजारी के चलते लाहे की फसल की बुबाई में हो रहे विलंब के कारण किसान भारी परेशान है।

# वर्षों से सूखे पड़े कुओं पर जाल लगवाने का काम जोरों पर

स्मार्ट हलचल/सुमेर सिंह राव

**उदयपुरवाटी।** नगरपालिका क्षेत्र में कई वर्षों से खुले पड़े कुंए मौत को आमंत्रित कर रहे थे द्य खुले पड़े को को ध्यान में रखते हुए उदयपुरवाटी नगरपालिका की तरफ से निर्णय लिया गया कि इन कुओं को लोहे के जाल लगवा कर बंद करवा दिया जाए, ताकि कोई किसी तरह का हादसा न हो द्य सोमवार को नवसृजित वार्ड नंबर 24 के भाजपा युवा पार्षद तेजस छिपा ने भी अपने वार्ड में खाटू श्याम मंदिर के पास



खुले पड़े कुओं को लोहे के जाल लगवा कर बंद करवाया द्य पार्षद तेजा छिपा के अथक प्रयासों से ही वार्ड नंबर 24 में जाल की व्यवस्था नगर पालिका की तरफ से कुए पर करवाई गई है।

कुए पर लोहे का जाल लगवाने पर वार्ड के लोगों ने भाजपा युवा पार्षद तेजस छिपा की प्रशंसा की है द्य वार्ड के लोगों का कहना है कि भाजपा युवा पार्षद ने कुए पर लोहे का जाल लगवा कर बहुत ही सराहनीय कार्य किया है।

# प्रशासन गांवो के संग अभियान में विधायक वीरेंद्र सिंह ने मनाया अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस

स्मार्ट हलचल/सुरेश नेमीवाल

**दांतारामगढ़।** दांतारामगढ़ उपखंड के ग्राम पंचायत चक में प्रशासन गांवो के संघ अभियान का आयोजन 11 अक्टूबर को ग्राम पंचायत के परिसर में किया गया । ग्राम पंचायत चक के सरपंच गीता देवी बुरड़क व सहकारी समिति के चेयरमैन शंकर दयाल स्वामी ने बताया कि शिविर प्रभारी राजेश कुमार मीणा उपखंड अधिकारी दांतारामगढ़ के निर्देशन में समस्त अधिकारियों ने अपने-अपने विभाग की समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया गया।

दांतारामगढ़ विधायक वीरेंद्र सिंह ने शिविर में लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए। सरपंच प्रतिनिधि श्योजी राम बुरड़क व सहकारी समिति चेयरमैन



शंकर दयाल स्वामी ने विधायक वीरेंद्र सिंह का साफा माला पहना कर सम्मान किया । तहसीलदार विपुल चौधरी के निर्देशन में 103 नामांतरण, धारा 136 के तहत 84 व धारा 166 के तहत 276 राजस्व रिकार्ड की 268 नकले व विभिन्न प्रकार के 201 प्रमाण पत्र मौके पर ही जारी कर दिए गए। विकास अधिकारी दुर्गा देवी ढाका ने बताया कि दिव्यांग धनेश शर्मा को राज्य सरकार की 6 योजनाओं व पिंकी देवी को 13 योजनाओं से सीधे लाभान्वित किया गया । सीबीईओ नानूराम जाट ने शिक्षा विभाग में विद्यार्थियों के लिए सरकार की कई योजनाओं की जानकारी दी गई ।

इस अवसर पर विधायक ने केक काटकर अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया । पांच बालिकाओं सहित पोस्टर प्रतियोगिता, मेहंदी प्रतियोगिता की महिलाओं को सम्मानित किया । युवा विकास प्रेरक सागर नेमीवाल व ओमप्रकाश सैनी को राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई । मंच संचालन राज्य अवार्ड प्राप्त स्काउटर पी डी कुमावत ने किया। सभी विभागों के प्रभारियों ने बारी-बारी से जानकारियां दी।

# राजीव गांधी सेवा केन्द्र नांगल सालिया मे बिगड़ी विद्युत व्यवस्था,अब हुई चालू

## समस्त स्टाफ ने किया स्मार्ट हलचल समाचार पत्र का धन्यवाद




स्मार्ट हलचल/संजय बागड़ी

**कोटकासिम।** विभिन्न कारणों के चलते प्रदेश में विद्युत संकट बरकरार है, लेकिन फिर भी ग्रामीण क्षेत्र के सभी कार्यालयों को सही से कार्य संपादित करने हेतु विद्युत कनेक्शन दिया हुआ है। लेकिन फिर भी कई जगह विद्युत व्यवस्था अनेक कारणों से बाधित हो जाती है, जिससे विद्युत विभाग के कर्मचारियों की लापरवाही के चलते आमजन को परेशानी होती है। क्योंकि विद्युत सप्लाई के अभाव में सभी उपकरण कार्य करना बंद कर देते हैं। ऐसे में आमजन के कार्य कैसे संपादित हों?

पिछले दिनों कोटकासिम उपखंड के नांगल सालीया ग्राम पंचायत के हेड क्वार्टर पर स्थीत राजीव गांधी सेवा केन्द्र में दो माह से विद्युत सप्लाई नहीं होने की खबर को स्मार्ट हलचल समाचार पत्र ने प्रमुखता से छापा था। जिससे विद्युत विभाग हरकत में आया ओर तुरन्त ही नई रीड,मीटर व अन्य उपकरण लेकर फटाफट से विद्युत सप्लाई को दुरस्त कर चालू किया गया। जिसका असर यह हुआ कि आज राजीव गांधी सेवा केन्द्र में लाइट जलने लगी ओर पंखे चल रहे। अब ग्रामीणों के सभी कार्य सुचारू रूप से हो रहे हैं।

सेवा केन्द्र के समस्त स्टाफ ने स्मार्ट हलचल समाचार पत्र का हार्दिक धन्यवाद किया ओर कहा की स्मार्ट हलचल समाचार पत्र हमेशा से सामाजिक परेशानियों को प्रमुखता से उठाकर आमजन के हित में कार्य करता रहा है ओर हम समाचार पत्र से आशा रखते है कि वह आगे भी आमजन के हित में इसी तरह कार्य करता रहेगा।

# डंपर ने ओवरटेक करते, ट्रक को मारी टक्कर, कोई जनहानि नहीं



स्मार्ट हलचल/संजय बागड़ी

**कोटकासिम।** सोमवार को सुबह एक डंपर पत्थर भरकर भगेरी की तरफ से हरसोली बीबीरानी मुख्य सड़क मार्ग की तरफ आ रहा था। उसी समय एक लोरी नुमा ट्रक हरसोली की तरफ से बीबीरानी की तरफ जा रहा था। जैसे ही ट्रक भघेरी मोड़ के पास पहुंचा तो भाघेरी की तरफ से आते हुए पत्थरो से भरे डंफर ने अचानक से ओवरटेक करते हुए ट्रक के अगले हिस्से को टक्कर मार दी। जिससे ट्रक का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया और डंपर ड्राइवर डंपर को लेकर मौके से भाग गया। दोपहर तक ट्रक के चालक दल के सदस्य ट्रक को सही कराने में लगे हुए थे। सही करने के बाद में ट्रक को वह भी लेकर चले गए। ट्रक ड्राइवर अजमेर निवासी भागमल ने बताया कि इस दुर्घटना में किसी को कोई जनहानि नहीं हुई, हां ट्रक के केबिन को जरूर कुछ नुकसान हुआ है। किसी भी वाहन के मालिक ने थाने में किसी प्रकार का कोई मामला दर्ज नहीं करवाया है।

# अलवर जिला परिषद के वार्ड नंबर 6 निर्दलीय प्रत्याशी मुकेश कृष्ण ओला ने किया चुनावी दौरा



स्मार्ट हलचल/संदीप भारद्वाज

**बहरोड।** अलवर जिला परिषद के वार्ड नंबर 6 से निर्दलीय प्रत्याशी मुकेश कृष्ण ओला ने बड़ोद गांव में जनसंपर्क किया जहां उनको जनता का समर्थन आशीर्वाद मिला वही कृष्ण ओला ने बताया जनता ने अगर मुझ पर विश्वास जताया मैं वार्ड की दिशा और दशा को बदलने की कोशिश करूंगा आपके मान और सम्मान में कोई कमी नहीं आने दूंगा और अपने पक्ष में वोट करने की अपील की कार्यक्रम में सैकड़ों संख्या में महिलाएं व ग्रामीण मौजूद रहे।

# पंचायत समिति के वार्ड नंबर 10 से निर्दलीय प्रत्याशी सरोज बस्तीराम यादव ने किया जनसंपर्क



स्मार्ट हलचल/संदीप भारद्वाज

**बहरोड।** पंचायत समिति के वार्ड नंबर 10 से निर्दलीय प्रत्याशी सरोज बस्तीराम यादव ने अपने वार्ड में जनसंपर्क किया अपने पक्ष में मतदान की अपील की कई बुजुर्गों और युवा साथियों से समर्थन में आशीर्वाद मिला बस्तीराम यादव ने बताया कि मैंने वार्ड की सेवा की है एक बार प्रधान करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ उप जिला प्रमुख रहते हुए भी सेवा की कार्यक्रम में मंगल राम पंच फूल सिंह यादव रमेश यादव बाबूलाल शर्मा लीलाराम आदि मौजूद थे।

# चोरो द्वारा आर्यावर्त बैंक में नकाब लगाकर चोरी करने का किया गया प्रयास



**स्मार्ट हलचल | आशीष त्रिपाठी/अश्वनी त्रिपाठी**

**सीतापुर।** थाना रेउसा क्षेत्र में स्थित आर्यवर्त बैंक शाखा किशोरगंज में चोरों ने नकब लगाकर चोरी का प्रयास किया । क्षेत्र के ग्राम रमुवापुर निवासी महेंद्र सिंह के मकान में संचालित आर्यावर्त बैंक शाखा किशोरगंज में दो दिनों के अवकाश के बाद सोमवार को जब बैंक कर्मी बैंक शाखा पहुंच कर ताला खोल कर अंदर गए तो बैंक के अंदर का नजारा देख कर हतप्रभ रह गए । बैंक शाखा की दीवार में नकब लगी हुई थी, स्ट्रांग रूम का ताला भी टूटा हुआ देख शाखा प्रबंधक सोनू सिंह आदि कर्मी सन्न रह गए । अविलम्ब अपने उच्चाधिकारियों सहित स्थानीय पुलिस को सुचना दी गयी । मौके पर पहुंचे प्रभारी निरीक्षक महेश चंद्र पाण्डेय ने जाँच पड़ताल के दौरान देखा कि बैंक के दक्षिणी दीवार में नकब लगी हुई है, स्ट्रांग रूम का ताला टूटा हुआ है । बैंक की सुरक्षा व्यवस्था के लिए लगाए गए सीसी टीवी कैमरे व अलार्म काम नहीं कर रहा है । बैंक में लेनदेन करने पहुंचे खाताधारकों एवं ग्रामीणों में घटना को लेकर दहशत फैल गई । चोर राजू सिंह के बंद पड़े मकान की तरफ से नकब लगा कर अंदर दाखिल हुए थे । राजू सिंह कई वर्षों से अपने पूरे परिवार के साथ अन्यत्र रहते हैं । उनका यह पैतृक मकान बंद पड़ा रहता है ।

शाखा प्रबंधक सोनू कुमार ने बताया कि सोमवार को जब मुख्य द्वार का ताला खोल कर अंदर गये तो देखा कि दक्षिणी दीवार में नकब लगी हुई है अंदर स्ट्रांग रूम के ताला टूटा मिला चोरों ने लाकर को तोड़ने का प्रयास किया लेकिन सफल नहीं हो सके । लॉकर में रखी धनराशि और सभी जरूरी अभिलेख सुरक्षित हैं।

# हथियार बन्द अज्ञात बदमाशो द्वारा कई घरों को निशाना बनाकर की गई लाखो की लूटपाट





**स्मार्ट हलचल | आशीष त्रिपाठी/अश्वनी त्रिपाठी**

**सीतापुर।** पुलिस चौकी से चंद कदमों की दूरी पर बेखौफ बदमाशों ने एक ही रात में उड़ाये लाखो के जेवरात व नगदी को भी निशाना बनाते हुए मोहल्लेवासियों को चकमा देकर भाग निकले ।प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर के मोहल्ला शाहकुलीपुर पूर्व सभासद आलम के घर बदमासो ने हमला कर हजारों की लूटपाट करते हुए एक बच्ची को जहां जख्मी किया तो वही बदमाशो ने टांडा सालार निवासी रामेश्वर द्विवेदी के घर पर हमला बोलते हुए लाखो का साजो सामान सहित नगदी को भी शिकार बनाया द्विवेदी के घर पर लोग रिश्तेदार के वहाँ गए हुए थे ।घर पर किसी की मौजूदगी न होने का फायदा उठाते हुए भाग निकले बताते है जब इस बात की जानकारी लोगो को हुई तो लोग अपने घरों से बाहर निकलने लगे बदमाशो को पता चलते ही भाग निकले साथ ही साथ शाहकुलीपुर निवासी रामपाल के घर धावा बोलते हुए हजारों की चोरी को अंजाम देते हुए महिला को मार पीट कर घायल करते हुए भाग निकलने में कामयाब हुए ऐसे ही रात को बदमाशो ने नगर के कई घरों पर धावा बोलते हुए भाग निकलने में जहां कामयाब हुए वही लाखो के साजो सामान पर हाथ साफकिया।

ऐसे ही बदमाशो के द्वारा बराबर घरों पर धावा बोलती रही परंतु नगर की पुलिस सोती रही ।अब जब के घरों में अंजाम देते हुए बदमाश फरार हुए तो पुलिस प्रशासन की लापरवाही सामने आती आरोप बताते है लोगो के द्वारा की बदमाशो की संख्या लगभग 2 दर्जन थी तो वही हथियारों से भी पूरी तरीके से लैश थे लोगो के द्वारा बताया जाता है कि जब वारदात को अंजाम दे रहे बदमाशो की जानकारी लोगो को हुई तो सभी अपने अपने घरों से बाहर निकलने लगे बदमाशो के द्वारा लोगो के बाहर निकलने पर फरार हो रहे बदमाशो के द्वारा तमंचे से फायर कर दहशत पैदा करते हुए भागने में सफल रहे इस तरीके से बदमाशो ने तांडव मचाया की नगर के लोग बहुत डरे व सहमे हुए दिख रहे है और वही अपने घरों की सुरक्षा को लेकर अपनी चिंता व्यक्त कर रहे है जब एक ही रात कई घरों की लूट की वारदात को अंजाम देकर इस तरीके से भाग निकलने में सफल हो जाते है तो लोगो के लिए चिन्ता ही कही जा रही है और चिंता होना स्वाभाविक है की इतनी बड़ी लूट होने के बाद भी पुलिस हाथ पर हाथ धरे बैठी रह गयी वही बदमाशो ने धावा बोलते हुए एक एक कर कई घरों को निशाना बनाते रहे।इस घटना की जानकारी लेने के लिए पुलिस अधीक्षक सीतापुर आरपी सिंह व अपर पुलिस अधीक्षक डॉ राजीव दीक्षित पहुचे और दो घंटे तक कोतवाली लहरपुर मे रहे लेकिन घटना के संबंध मे मीडिया को जानकारी देना मुनासिब नही समझा जिससे पुलिस प्रशासन के मुखिया के इस कृत्य से मीडिया समाज में रोष है वही आमजनमानस इस घटना से डरा व सहमा हुया है।

# पार्षदों ने की सड़क व नाली निर्माण की मांग



**चित्तौड़गढ़, 11 अक्टूबर।** नगर परिषद के वार्ड 56 और 57 के पार्षदों ने जिला कलक्टर को ज्ञापन देकर उनके वार्ड में नाली निर्माण, सड़क निर्माण और सफाई कर्मचारी बढ़ाए जाने की मांग की है।

जिला कलक्टर को दिए ज्ञापन में वार्ड नंबर 56 के पार्षद बालकिशन भोई और 57 की पार्षद रेशमा कहार ने बताया कि उनके वार्डों में कई जगह नालियां टूटी हुई हैं, जिससे गंदा पानी सड़कों पर फैल रहा है। मौसमी बीमारियों के इस दौर में मच्छर पनप रहे हैं, जिससे बीमारियां फैलने का खतरा बनाा हुआ है। इसके साथ ही वार्ड में कई स्थानों पर सीवरेज लाइन भी ब्लॉक है, जिससे गंदा पानी बाहर निकल रहा है। दोनों पार्षदों ने ज्ञापन में बताया कि उनके वार्डो में सफाई कर्मी भी कम लगे हुए हैं, जिससे सफाई व्यवस्था अस्त व्यस्त हो रही है। ज्ञापन के माध्यम से पार्षदों ने जिला कलक्टर से नगर परिषद प्रशासन को आदेश देकर उनके वार्ड में सफाई और सड़क व्यवस्था दुरुस्त कराने की मांग की है। ज्ञापन देने के दौरान पार्षदों के साथ कई नागरिक भी मौजूद रहे।

# श्रीजी ओझा को जिला कलक्टर ने किया सम्मानित



**गंगरार, 11 अक्टूबर।** उपखंड स्थित राउमावि बोरदा की बालिका श्रीजी ओझा को जिला कलक्टर ताराचंद मीणा द्वारा अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस पर सम्मानित किया गया।

संस्था प्रधान भगवान लाल सुथार ने बताया कि स्थानीय विद्यालय की शिक्षिका गायत्री गंधर्व की देखरेख में किशोरी मेले के दौरान विद्यालय स्तरीय समारोह में बालिकाओं द्वारा विभिन्न विषयों पर मॉडल बनाये गये जिसमें विद्यालय में अध्ययनरत बालिका श्रीजी ओझा द्वारा बनाये गये मॉडल का चयन होने पर सोमवार को अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर जिले की विभिन्न प्रतिभाओं को सम्मानित करने के लिए जिला मुख्यालय स्थित इंदिरा प्रियदर्शनी ऑडिटोरियम में आयोजित एक सम्मान समारोह में जिला कलक्टर ने श्रीजी ओझा को सम्मानित किया।

इस दौरान पूर्व विधायक सुरेंद्र सिंह जाड़ावत, सभापति संदीप शर्मा, पूर्व सेवानिवृत्त मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी कल्याणी दीक्षित एवं वर्तमान एडीपीसी प्रमोद दशोरा उपस्थित थे। बालिका की इस उपलब्धि पर ग्रामीणों, शिक्षकों सहित अभिभावकों ने बालिका को बधाई देकर विद्यालय में अध्ययनरत बालको को भी प्रेरित किया।

# देश की प्रमुख योजना आयुष्मान गोल्डेन कार्ड योजना के तहत वितरण किये गए गोल्डेन कार्ड

## क्षेत्रीय विधायक महेंद्र सिंह यादव ने लाभार्थियों को किया वितरण

**स्मार्ट हलचल | आशीष त्रिपाठी/अश्वनी त्रिपाठी**

**सीतापुर।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा चलाई जा रही योजना आयुष्मान गोल्डन कार्ड के तहत प्रदेश सरकार द्वारा दिशा निर्देश के अनुपालन मे लाखो लोगो को आयुष्मान गोल्डेन कार्ड वितरित किये गए।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कसमंडा मे क्षेत्रीय विधायक महेंद्र सिंह यादव ने लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड वितरित किए ।इस अवसर पर उन्होंने कहा कि देश के



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा आमजनमानस के लिए जनकल्याण कारी योजनाएं संचालित की जा रही है जो उपयोगी साबित हो रही हैं।

उन्होंने कहा कि इस योजना के अंतर्गत गरीब लाभार्थी भी अपना इलाज करवा सकेंगा। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य दीपक शुक्ल, रामसेवक यादव,मनोज यादव सहित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के चिकित्सकों सहित काफी संख्या में लाभार्थी मौजूद रहे।वही बिसवां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भाजपा नगर अध्यक्ष पंकज गुप्ता व नगर महामंत्री रोहित शुक्ल द्वारा आयुष्मान गोल्डन कार्ड योजना का वितरण किया गया।इस अवसर पर स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉ विकास मिश्र,डॉ सुमित मेहरोत्रा, सुपरवाइजर मुरली मनोहर त्रिवेदी सहित काफी संख्या में लाभार्थी मौजूद रहे।

# जीडीओ व कनिष्ठ सहायक के विरुद्ध अभियोजन की स्वीकृति



## जिला परिषद की स्थापना समिति की बैठक

**चित्तौड़गढ़, 11 अक्टूबर (कासं.)।** जिला परिषद की जिला स्थापना समिति की जिला प्रमुख डॉ. सुरेश धाकड़ की अध्यक्षता में सोमवार को आयोजित बैठक में मुख्य कार्यकारी अधिकारी दाताराम, जिला कलक्टर प्रतिनिधि गोविन्द चतुर्वेदी, अतिरिक्त कोषाधिकारी हरिश सिंह, जिला शिक्षा अधिकारी मुख्यालय प्रारंभिक शिक्षा शान्ति लाल सुथार सहित जिला परिषद सदस्य, सचिव आदि ने भाग लिया।

बैठक में तत्कालीन ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत झालरबावडी पंचायत समिति भैसरोडगढ़ जयप्रकाश शर्मा के विरुद्ध भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत अभियोजन स्वीकृति तथा अभियोजन संख्या 77/2019 अन्तर्गत धारा 7, 7 ए भ्रष्टाचार निवारण (संशोधित) अधिनियम 2018 एवं 120बी भादस के तहत तत्कालीन कनिष्ठ सहायक पंचायत समिति भदेसर रूपशंकर पारीक के विरुद्ध अभियोजन स्वीकृति पर चर्चा एवं निर्णय किया गया। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी प्रारंभिक शिक्षा द्वारा तीन प्रस्ताव तैयार कर जिला स्थापना समिति के समक्ष प्रस्तुत किये गये, जिसमें राजस्थान प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय अध्यापक भर्ती 2016 (संशोधित) गैर अनुसूचित क्षेत्र लेवल द्वितीय विषय अंग्रेजी के पदों पर नव चयनित अभ्यर्थियों के लिए पदस्थापन के लिए (19 अभ्यर्थी), माध्यमिक शिक्षा से लौटाए गए कार्मिकों के प्रारंभिक शिक्षा में समायोजन के लिए काउंसलिग का प्रस्ताव (90 कार्मिक) संबंधी एवं उप्रावि से माध्यमिक शिक्षा में क्रमोन्नत विद्यालयों से अधिशेष एवं शालादर्पण पोर्टल पर अधिशेष कार्मिकों के प्रारभिंक शिक्षा में समायोजन के लिए (43 कार्मिक) काउंसलिंग के प्रस्ताव रख गया। जिसे समिति द्वारा विचार विमर्श कर सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया।

# सरदार पटेल थे कमेरों और गरीबों के मसीहा कारागार राज्यमंत्री जहांगीराबाद के मवासेपुर गाँव में चिकित्सालय का किया उद्घाटन

**स्मार्ट हलचल | आशीष त्रिपाठी/अश्वनी त्रिपाठी**

**सीतापुर।** सरदार वल्लभ भाई पटेल कमेरों, गरीबों व दलित और पिछड़ों के मसीहा थे।उन्होंने जीवन पर्यन्त उनके उत्थान और उन्हें मजबूत बनाने का काम किया।आज हम सभी को उनके जीवन के आदर्शों को अपने में ढालना होगा। हमेशा उन्होंने दबे कुचले लोगों की स्थिति को सुधारने के लिये हमेशा संघर्ष किया।आज हमें उनके जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिये।उक्त उद्गार सेवता विधानसभा अन्तर्गत जहांगीराबाद के मवासेपुर गांव में नव निर्मित जी.पी.चिकित्सालय भवन के उद्घाटन के अवसर पर आयोजित जन सभा को सम्बोधित करते हुये उत्तर प्रदेश के कारागार राज्य मंत्री जय कुमार सिंह 'जैकी' ने व्यक्त किये।

जैकी सोमवार को एक दिन के दौरे पर सीतापुर जनपद में आये



हुये थे। उन्होंने मवासेपुर गांव में अपना दल(एस.)के कार्यकर्ता डा0गया प्रसाद वर्मा के नव निर्मित चिकित्सा भवन का फीता काटकर उद्घाटन किया।इस मौके पर स्थानीय विधायक ज्ञान तिवारी भी साथ थे। उद्घाटन के बाद कार्यकर्ताओं की जन सभा को सम्बोधित करते हुये अपना दल(एस.)को और अधिक मजबूत करने तथा सेक्टर व बूथ स्तर तक कमेटियों को गठित करने के लिये पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से अपील करते हुए कहा कि दल को और अधिक मजबूती देकर ही हम डा0 सोने लाल पटेल व बहन अनुप्रिया पटेल के सपनों को साकार कर सकेंगे जिसमें हमें आप सभी का सहयोग चाहिये। जन सभा को क्षेत्रीय विधायक ज्ञान तिवारी के अलावा राष्ट्रीय सचिव करुणा शंकर पटेल, प्रदेश सचिव किसान मंच ताराचन्द पटेल, प्रदेश सचिव शिक्षक मंच अशोक पटेल, जिलाध्यक्ष जयप्रकाश पटेल, बेहटा प्रतिनिधि व जिलाध्यक्ष महिला मंच पूजा पटेल आदि ने भी सम्बोधित किया। कार्यक्रम का संचालन जिलाध्यक्ष शिक्षक मंच रामसिंह वर्मा ने किया। कारागार राज्यमंत्री व विधायक ने महापुरुषों के चित्रों पर माल्यार्पण किया तथा डा0 गया प्रसाद वर्मा ने सभी अतिथियों का माल्यार्पण किया और स्मृति चिन्ह भेंट किये।इस अवसर सुमन पटेल, सुलोचना पटेल, ओमप्रकाश पटेल, ओमप्रकाश पाण्डेय, अमरसिंह पटेल, कालिका प्रसाद पटेल, ओमप्रकाश वर्मा भौकाली, सरदार सुरेन्द्र सिंह,अर्पित श्रीवास्तव सहित गांव एवं क्षेत्र के सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# युवक का घर में सड़ा-गला शव मिला

**कपासन, 11 अक्टूबर।** नगर में धमाना रोड निवासी एक युवक की अत्यधिक शराब पीने से मृत्यु हो गई, जिसका सड़ा गला शव उसके घर में मिला।

जानकारी के अनुसार धमाना रोड निवासी शंकर लाल भील की अध्यधिक शराब सेवन के कारण उसी के घर में मृत्यु हो गई थी। उसके घर से बदबू आने पर दरवाजा खोल कर अंदर देखा तो शंकरलाल का सड़ा गला शव पड़ा मिला। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाया। डॉक्टरों के अनुसार उसकी मौत करीब छह दिन पूर्व हो चुकी है। शंकर लाल के अधिक शराब सेवन के कारण उसके परिवार के सदस्य उसके साथ नही रहते थे, उसके माता पिता भी तसवरिया गांव में रहते हैं। जानकारी में आया है कि तीन माह पूर्व शंकर की आदतों से परेशान होकर उसकी पत्नी अपने बच्चो को साथ पीहर चली गई थी।

# मेघवाल की हत्या के विरोध में एससी मोर्चा ने दिया ज्ञापन



**चित्तौड़गढ़, 11 अक्टूबर (नसं.)।** भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा ने जिला अध्यक्ष कमलेश आमेरिया के नेतृत्व में राज्यपाल के नाम जिला कलक्टर को ज्ञापन देकर पीलीबंगा के प्रेमपुरा में एक युवक की हत्या के दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की मांग की है।

ज्ञापन में बताया कि राजस्थान की कांग्रेस सरकार में अपराधों का ग्राफ बढ़ चुका है। दलित समाज के लोग डर के साये में जीवन व्यतीत कर रहे हैं, हाल ही में हनुमानगढ़ जिले के पीलीबंगा तहसील में प्रेमपुरा गांव में रहने वाले अनुसूचित जाति के जगदीश मेघवाल की कुछ व्यक्तियों द्वारा लाठियों से पीट-पीटकर हत्या कर दी और उसका वीडियो भी बनाया। इसी तरह झालावाड़ जिले के पिडावा में एक दलित लड़की की समुदाय विशेष के व्यक्तियों द्वारा गला काट कर हत्या कर दी। इस तरह की वारदातों से अनुसूचित जाति में भय और आक्रोश का माहौल है। ज्ञापन के माध्यम से एससी मोर्चा ने इस तरह की वारदातों पर अंकुश लगाने और दोषी व्यक्तियों को सख्त से सख्त सजा दिलाए जाने की मांग की है।

ज्ञापन देने के दौरान युवा मोर्चा के हर्षवर्धन सिंह रुद, सांसद प्रवक्ता रघु शर्मा, भूमि विकास बैंक चेयरमैन कमलेश पुरोहित, गौरव त्यागी सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# आछोड़ा में संगीतमय सुन्दरकाण्ड पाठ आज

**चित्तौड़गढ़,।** श्री परशुराम रामायण मंडल के तत्वाधान में मंगलवार सांय आछोड़ा में संगीतमय सुन्दरकाण्ड पाठ किया जायेगा। श्री परशुराम रामायण मण्डल अध्यक्ष व संस्थापक हरिओम मौड ने बताया कि कोविड 19 की गाइड लाइन की पालना के साथ संगीतमय सुन्दरकाण्ड का पाठ में मण्डल के गायक जनार्दन मौड, चतरूलाल न्याति, अरूण मौड, रमेश सोनी, भवंर माली, हरक लढा, भैरुलाल दशोरा, महेन्द्र प्रजापत आदि अपनी प्रस्तुति देंगें। इस दौरान रामदरबार की झांकी सजाई जायेगी तथा पाठ के पश्चात महाआरती कर प्रसाद वितरण किया जायेगा।

# अलमारियों में रखे मिले 142 करोड़ रुपये, आयकर अफसर भी देखकर रह गए दंग

## आयकर विभाग ने हैदराबाद स्थित हेटेरो फार्मास्यूटिकल ग्रुप पर छापे मारे. रेड करने वाले अफसर तब दंग रह गए, जब उन्हें 142 करोड़ रुपये कैश दफ्तर की अलमारियों में पड़ा मिला.

### 6 राज्यों के 50 ठिकानों पर छापेमारी

### 550 करोड़ की अघोषित आय का पता चला

**हैदराबाद।** आयकर विभाग ने हेटेरो फार्मास्यूटिकल ग्रुप पर छापे मारे रेड करने वाले अफसर तब दंग रह गए, जब उन्हें 142 करोड़ रुपये कैश दफ्तर की अलमारियों में पड़ा मिला.



यह कंपनी अधिकांश उत्पादों का निर्यात विदेशों यानी यूएसए, यूरोप, दुबई और अन्य अफ्रीकी देशों में करती है. आयकर ने 6 राज्यों में करीब 50 जगहों पर तलाशी अभियान चलाया था।

तलाशी के दौरान, उन ठिकानों की पहचान की गई जहां खातों की किताबों और नकदी का दूसरा सेट मिला था. डिजिटल उपकरण, पेन ड्राइव, दस्तावेज आदि के रूप में कई साक्ष्य मिले हैं, जिन्हें जब्त कर लिया गया है. इन छापों के दौरान फर्जी और गैर-मौजूद कंपनी से की गई खरीद में गड़बड़ी का भी खुलासा हुआ. इसके अलावा, भूमि की खरीद के लिए भुगतान के साक्ष्य भी पाए गए और कई अन्य कानूनी मुद्दों की भी।

# ग्रामीण ओलम्पिक खेलों के लिए टीम का गठन



**बेगूं, 11 अक्टूबर।** ग्रामीण ओलम्पिक खेलों की सफल क्रियान्विति के लिए उपखण्ड अधिकारी मुकेश कुमार मीणा की अध्यक्षता में ब्लॉक स्तरीय समिति की बैठक का आयोजन सोमवार को किया गया।

मुख्यमंत्री की बजट घोषणा और जिला कलक्टर के निर्देश पर आयोजित होने वाले ग्रामीण ओलम्पिक खेलों के संबंध में आयोजित बैठक में उपखण्ड अधिकारी ने कहा कि ग्रामीण ओलम्पिक खेलों में अधिक से अधिक खिलाड़ियों का पंजीकरण कराने के लिए जनप्रतिनिधियों, पंचायत प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी व राजकीय कर्मचारियों को लोगों को जागरुक करना होगा तभी यह आयोजन सफल हो सकेगा। उन्होंने कहा कि प्रत्येक राजस्व गांव में कम से कम एक टीम का पंजीयन आवश्यक है। उन्होने पंचायत समिति के विकास अधिकारी को समस्त ग्राम विकास अधिकारियों को पाबंद करने के निर्देश दिये है। इसके साथ ही मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी को भी समस्त प्रारंभिक शिक्षा अधिकारियों को इस संबंध में पाबंद करने के निर्देश दिये। बैठक में प्रधान नारूलाल भील, विकास अधिकारी संजय शर्मा, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी विनोद कुमार रातड़िया सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# युवक का घर में मिला सड़ा-गला शव,ज्यादा शराब पीने से हुई मौत

**स्मार्ट हलचल | महेन्द्र धाकड़**

**चित्तौड़गढ़।** जिले के कपासन थाना क्षेत्र में युवक का सड़ा-गला शव उसके ही घर से से मिला है। युवक नशे का आदी था और ज्यादा शराब पीने के कारण उसकी मौत हो गई। नशे की लत के कारण उसका परिवार भी साथ नहीं रहता था। पुलिस ने पोस्टमॉर्टम करवाकर शव परिजनों को सौंपा।

मृतक भोड़ा का खेड़ा में ट्रैक्टर चलाने का काम करता था। 6 दिन से काम पर नहीं जाने पर ट्रैक्टर मालिक गांव आया। जिस पर युवक के छोटे भाई मदन ने शंकर लाल के घर जाकर देखा तो पलंग पर उसकी



लाश पड़ी थी। शव से बदबू और उस पर कीड़े चल रहे थे। मृतक के भाई ने पुलिस को सूचना दी और परिवार वालों को बुलाया।

3 महीने पहले पत्नी छोड़कर गई

मृतक के पिता नारायण लाल भील ने बताया कि वह बेटे से अलग तस्वारिया गांव में रहता है। शंकर शराब पीने का आदी था। जिससे आए दिन वह अपनी पत्नी से झगड़ा करता था। परेशान होकर उसकी प|ी बच्चों के साथ 3 महीने पहले ही पीहर चली गई थी। पुलिस ने बताया कि ज्यादा शराब पीने से मौत हो गई।

### मौके पर ही किया पोस्टमार्टम

सूचना पर थानाधिकारी हिमांशु सिंह राजावत पहुंचे। शव के गल जाने के कारण कपासन सामुदायिक चिकित्सा प्रभारी महेंद्र कुमार शर्मा मय टीम भी घटना स्थल पर आए और पोस्टमार्टम किया। डॉक्टर ने बताया कि शंकर लाल की मौत लगभग 6 दिन पहले ही हो चुकी थी।

# भाजयुमो की आक्रोश रैली व प्रदर्शन आज

**चित्तौड़गढ़।** राजस्थान सरकार द्वारा युवाओ के भविष्य के साथ किए गए खिलवाड़ के विरोध में मंगलवार को जिला कलक्ट्रेट पर भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा आक्रोश रैली निकाल कर प्रदर्शन किया जायेगा। भाजयुमो जिलाध्यक्ष सुरेश गाडरी ने बताया कि रीट मे हुई गडबडियो का विरोध, युवाओ को बेरोजगारी भत्ते की याद दिलाने, राज्य सरकार की सभी भर्तियो में पक्षपात, बाल विवाह पंजीयन कानून, राज्य में कानून व्यवस्था की बिगड़ती स्थिति, बिजली सप्लाई में सरकार के फैल होने आदि को लेकर भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष सांसद सीपी जोशी, पूर्व मंत्री श्रीचंद कृपलानी, भाजयुमो प्रदेशाध्यक्ष हिमांशु शर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष गौतम दक, विधायक अर्जुन लाल जीनगर, चंद्रभान सिंह आक्या, ललित ओस्तवाल, जिला प्रमुख सुरेश धाकड़, भाजयुमो प्रदेश उपाध्यक्ष सुश्री शिवांगी कानावत की उपस्थित में जिला कलक्ट्रेट पर मंगलवार प्रातः 11 बजे आक्रोश रैली और प्रदर्शन किया जायेगा। प्रदर्शन में जिले के युवा मोर्चा के सभी पदाधिकारीगण एवं कार्यकर्ता सम्मिलित होगे।

## प्रशासन गांवों के संग अभियान-2021

# दूसरों का दुखड़ा दूर करने वाले तेरे दुख दूर करेंगे राम

**गंगरार।** आज भगवान ने आपको ग्रामीणों के दुख दर्द में जनसमस्याओं के निस्तारण करने का मौका दिया।

यह बात उपखण्ड के आलिया का खेड़ा गांव में सोमवार को आयोजित प्रशासन गांव के संग अभियान शिवर में उपखंड अधिकारी रामसुख गुर्जर ने एक भजन का अर्थ बताते हुए अधिकारियों से कही। उन्होंने कहा कि अधिकारियों से इस भजन को अपने हृदय में आत्मसात कर ग्रामीणों की विभिन्न समस्याओं पर त्वरित कार्रवाई कर उन्हें लाभान्वित करने के निर्देश दिए। उपखण्ड अधिकारी गुर्जर ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों को अपने विभाग वार जनकल्याणकारी व फ्लैगशिप योजना की जानकारी शिविर में उपस्थित ग्रामीणों को देने की बात कही। साथ ही उन्होंने नवरात्र के अवसर पर बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के बारे में ग्रामीणों को जानकारी दी। शिविर के दौरान बालिकाओं को तिलक लगा एवं माला पहना कर अभिनंदन किया गया। शिविर में 15 ग्रामीणों का वैक्सीनेशन किया गया। इसके साथ ही डेयरी सदस्य कमलाबाई जाट व सोहनी बाई जाट को प्रति सदस्य कुट्टी मशीन के अनुदान के लिए 6 हजार रुपये की राशि का चेक भेंट किया गया। इस दौरान महिला व बाल विकास विभाग द्वारा अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर बेटी बचाओ एवं बेटी पढ़ाओ का कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें शिविर प्रभारी रामसुख गुर्जर ने कन्याओं का पूजन किया व बेटी के जन्म पर केक, मिठाई व उपहार दिया, साथ ही परिवार के सदस्य को फलदार पौधे वितरित किए। इस दौरान अतिरिक्त जिला कलक्टर ज्ञानमल खटीक ने शिविर में उपस्थित होकर कार्यों की प्रगति रिपोर्ट लेकर विभागीय अधिकारियों के साथ चर्चा की तथा उपस्थित ग्रामीणों को आवासीय भूमि पट्टे वितरित किए। ग्राम पंचायत आजोलिया का खेड़ा में कुल



23 भूमि आवासीय पट्टो का आवंटन किया गया। शिविर में आए 10 किसानों को फसल बीमा पॉलिसी, 12 किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड जारी किए गए। इस दौरान जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के कनिष्ठ अभियंता विजय मेहरा ने ग्रामीणों को पीने योग्य पानी की जांच करने की जानकारी दी। सालेरा निवासी विधवा प्रेम भील की पेंशन चालू करवाई। शिविर में जिला प्रमुख सुरेश धाकड़, प्रधान प्रतिनिधि रविंद्र सिंह राणावत, पुठोली सरपंच महिपाल सिंह, सरपंच जगदीश चंद्र जाट, तहसीलदार नरेश कुमार गुर्जर, विकास अधिकारी मनोहर लाल शर्मा व अन्य विभागों के अधिकारीगण उपस्थित थे।

**चित्तौड़गढ़।** ग्राम पंचायत नारेला मुख्यालय पर सोमवार को सरकार द्वारा आमजन को लाभान्वित करने के लिए चलाये जा रहा प्रशासन गांवो के संग अभियान शिविर में मौके पर कई लोगों की समस्याओं का समाधान किया गया। शिविर में उपखंड अधिकारी श्याम सुन्दर विश्नोई, तहसीलदार शिव सिंह शेखावत, श्रम विभाग के सहायक प्रशासनिक अधिकारी मदन सालवी ओजस्वी, विकास अधिकारी कैलाश बारोलिया, प्रधान देवेन्द्र कंवर, पूर्व डेयरी चेयरमैन बद्रीलाल जाट, नारेला सरपंच चांदी बाई खटीक, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग से अधिक्षण अभियंता श्योजी राम की उपस्थिति में विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने शिविर में आये लोगों की समस्याओं को गंभीरता से लेकर समस्याओं का मौके पर निस्तारण किया। शिविर के दौरान श्रम विभाग के ओजस्वी ने असंगठित श्रमिकों को श्रम कार्ड एवं प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन पेंशन योजना की जानकारी प्रदान कराते हुए प्राप्त आवेदनों के कार्ड जारी किए गए। इसके साथ ही शिविर में रोड़ मरम्मत, बिजली, पानी, पट्टा सहित विभिन्न समस्याओं का समाधान किया गया।

## आपसी सहमति से जमीन का बंटवारा कर परिवार बिखरने से बचाया

**निम्बाहेड़ा।** प्रशासन गांव के संग अभियान-2021 के अन्तर्गत अरनोदा में आयोजित शिविर में प्रशासन के प्रयास से भूमि विवाद का परिवारजनों की सहमति से बंटवारा हो गया, जिससे लम्बे समय से चल रहे पारिवारिक विवाद का शान्तिपूर्ण हल हो गया।

उपखण्ड अधिकारी चन्द्रशेखर भण्डारी ने बताया कि अरनोदा में आयोजित शिविर में घीसा खटीक के परिवार का जमीनी विवाद सामने आया। घीसा खटीक की मृत्यु के उपरान्त उनके परिवार के 5 पुत्र, 2 पुत्रियां व बेवा के मध्य लगभग 3 बीघा भूमि का विवाद चल रहा था, जो आपसी गलतफहमी और संवादहीनता के कारण न्यायालय तक जाने की कगार पर था। शिविर में दो भाई किसी अन्य कार्य से आए, जिनके द्वारा कोर्ट केस के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की जा रही थी। राजस्व रेकार्ड की नकलें प्राप्त करने के लिए जब उन्होने पटवारी से सम्पर्क किया तो पटवारी ने पूरे मामले की जानकारी लेकर प्रकरण को उपखण्ड अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किया। उपखण्ड अधिकारी भण्डारी ने दोनों भाईयों से पूर्ण जानकारी लेकर परिवार के सभी 8 सदस्यों को शिविर में बुलाया और समझाईश करते हुए मुकदमेबाजी से होने वाली हानियों के बारे में बताते हुए भूमि का आपसी सहमति से विभाजन कर विवाद का अन्त करने की बात कही। काफी देर की समझाईश के बाद घीसा खटीक के परिवार के सभी सदस्य आपसी सहमति से भूमि विभाजन के लिए तैयार हो गये।

उपखण्ड अधिकारी के निर्देश पर तहसीलदार गोपाल बंजारा ने तत्काल रेकार्ड एवं दस्तावेज तैयार कर सहमति विभाजन प्रस्ताव तैयार किया और सभी वारिसान के हस्ताक्षर करा प्रकरण को निर्णित कर मौके पर ही नामान्तरकरण दर्ज कर प्रतिलिपि उपलब्ध करवाई। इस प्रकार उपखण्ड अधिकारी भण्डारी की समझाईश से घीसा खटीक की भूमि का विभाजन तो हो गया, परन्तु संयुक्त परिवार टूटने एवं अनावश्यक न्यायालय के चक्कर काटने से बच गया। इस तरह राज्य सरकार द्वारा चलाये जा रहे अभियान में सिर्फ लम्बित कार्यों का ही निस्तारण नहीं हो रहा है बल्कि समाज को सकारात्मक दिशा देने वाले कार्य भी किये जा रहे हैं।

## राजस्थान में सबसे बड़े मॉडलिंग शो मिस मिसेज किंग राजस्थान 3 का आयोजन



स्मार्ट हलचल/जयपुर

रविवार को गुलाबी नगरी राजस्थान में सबसे बड़े मॉडलिंग शो मिस मिसेज किंग राजस्थान 3 का आयोजन किया गया।

डायरेक्टर विनोद राणावत ने बताया कि इस शो के माध्यम से छिपी प्रतिभाओं को निखारने और बढ़ाने का काम किया जा रहा हैं, हर गली से छिपी प्रतिभा को एक प्लेटफार्म देने का काम कर रहे हैं! विनोद राणावत खुद भी बॉलीवुड में नेगेटिव रोल कर रहे हैं, आने वाली मूवी बच्चन पांडे में भी वह अक्षय कुमार के साथ दिखेंगे! असिस्टेंट डायरेक्टर सौरभ मीणा ने बताया कि इसमें आर्थिक व कमजोर वर्ग से आगे बच्चों को भी मौका दिया जा रहा हैं। शो में डिजाइनर संजना बाजपेई ने अपनी ब्राइडल ड्रेस को शो केस किया है। इस मौके पर सोनू (सुनीता) छाबड़ा अतिथि के रुप में आए और मुख्य अतिथि राजस्थानी डायरेक्टर भोर एक्टर सुरेश चौधरी रहे। जज में ज्योति सिंह एवं रफीक खान उपस्थित रहे। विजेता मि किंग तुषाल राजपूत, मिस क्यून राधिका मबई, किड्स विनर सौम्या खंडेवाल।

## किसान मोर्चा हुरड्डा नवनिर्वाचित ग्रामीण मंडल अध्यक्ष का स्वागत किया



स्मार्ट हलचल/जितेंद्र शर्मा

**गुलाबपुरा/ भीलवाड़ा।** गुलाबपुरा शहर मैं आगमन पर भारतीय जनता पार्टी हुरडा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष पवन सुखवाल के आतिथ्य में नवनिर्वाचित हुरड्डा ग्रामीण किसान मोर्चा अध्यक्ष देवीलाल गुर्जर का स्वागत सत्कार ग्रामीण मंडल और शहर मंडल के कार्यकर्ताओं द्वारा मंशापूर्ण बालाजी दरबार में आशीर्वाद लेने पधारे नवनिर्वाचित अध्यक्ष का सिरोपा बनाकर बंधवा कर स्वागत सत्कार किया गया।

इस कार्यक्रम में किसान मोर्चा ग्रामीण उपाध्यक्ष बजरंग दास जिला ओबीसी मोर्चा सदस्य सीतपाल वैष्णव पूर्व मंडल उपाध्यक्ष जितेंद्र शर्मा समाजसेवी पवन शास्त्री वह अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## दूनी के चन्दवाड में प्रशासन गांवों के संग अभियान शिविर में अतिक्रमण हटाया

स्मार्ट हलचल/शिवराज मीना / राजाराम लालावत

**टोंक/घाड/नगरफोर्ट।** जिले के देवली उपखण्ड क्षेत्र की चन्दवाड पंचायत में आयोजित प्रशासन गांवों के संग शिविर में सोमवार को आकोडिया गांव के लोगों ने कई सालों पुराने अतिक्रमण को हटाने का परिवाद पेश किया।

जिस पर शिविर में मौजूद अधिकारियों की उपस्थिति में ही कैम्प पश्चात प्रशासन ने आकोडिया गांव पहुंचकर भारी विरोध के बीच आम रास्ते में हो रहे पक्के रेम अति' मण को आखिरकार हटवा दिया गया।

पूर्व में भी उक्त अति' मण को हटाने के लिये कई बार प्रशासन आया, किन्तु भारी विरोध के चलते अतिक्रमण नहीं हट पाया था। लेकिन सोमवार को प्रशासन गांवों के संग



अभियान के तहत पुनः परिवाद का मामला सामने आते ही पंचायत प्रशासन व ग्राम विकास अधिकारी, तहसीलदार दूनी, घाड थानाधिकारी भँवरलाल मीणा व अन्य प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में भारी विरोध के बीच जेसीबी द्वारा अति' मण हटाया गया। जिस के बाद ही पुलिस प्रशासन व अधिकारियों ने राहत की सांस ली।

## जिला वालीबॉल प्रतियोगिता का शुभारम्भ आज

**चित्तौड़गढ़।** वीर तेजा क्लब जालमपुरा व जिला वालीबॉल संघ के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित जिला वालीबॉल प्रतियोगिता का शुभारम्भ मंगलवार दोपहर 3 बजे शीतला वाटिका जालमपुरा के नवनिर्मित वालीबॉल मैदान पर होगा। तीन दिवसीय जिला वालीबॉल प्रतियोगिता के मैच दिन और रात में दुधिया रोशनी में खेले जायेंगे। प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पुरुष व महिलाओं की टीमे भाग लेंगी। प्रतियोगिता के उद्घाटन के मुख्य अतिथि विधायक चन्द्रभान सिंह आक्या, अध्यक्ष प्रधान देवेन्द्र कंवर एवं विशिष्ट अतिथि धनेतकलां सरपंच रणजीत सिंह भाटी रहेंगे। सोमवार को रणजीत सिंह भाटी, अध्यक्ष जिला वालीबॉल संघ ललित सेठिया व सचिव लालसिंह डूडी द्वारा प्रतियोगिता की तैयारियों का जायजा लिया गया।

## दूनी के चन्दवाड में प्रशासन गांवों के संग अभियान शिविर में आवासीय पट्टों का हुआ वितरण



शिवराज मीना / हरीशंकर माली

टोंक/घाड/दूनी । जिले के देवली उपखण्ड के दूनी तहसील की ग्राम पंचायत चन्दवाड मुख्यालय पर सोमवार को राज्य सरकार द्वारा चलाये जारहे प्रशासन गांवों के संग अभियान अन्तर्गत शिविर राउमावि में आयोजित हुआ। जिसमें अतिरिक्त जिला कलेक्टर शिप्रा जैन, दूनी तहसीलदार खुशबु शर्मा, देवली पंचायत समिति विकास अधिकारी, देवली प्रधान गणेशराम जाट, उप प्रधान महादेव वर्मा, सीआर प्रेमचन्द गुर्जर, सरपंच झमरी देवी मीणा, ग्राम विकास अधिकारी रमेशचन्द मीणा, कनिष्ठ लिपिक बन्नालाल बैरवा, पंचायत समिति प्रसार अधिकारी, सांख्यिकी विभाग से मनराज मीणा सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे। जिसमें महिला बाल विकास विभाग, स्वास्थ्य विभाग, राजस्व विभाग, बिजली विभाग, पीएचडी विभाग, कृषि विभाग, सहकारी विभाग, रशद विभाग, पंचायत राज विभाग, सूचना प्रोधोगिकी विभाग, आयुर्वेद विभाग, शिक्षा विभाग आदि विभागों के कर्मचारी, अधिकारियों ने भाग लिया। शिविर में 129 आवासीय पट्टे जारी किये गये, वहीं 10 जॉब कार्ड, 5 कृषि विभाग अनुदान पर यंत्र वितरण, नामांतरण, 4 मृत्यु प्रमाण पत्र, 2 जन्म प्रमाण पत्र, 1 विवाह प्रमाण पत्र जारी हुये, कल्याणपुरा में श्मशान भूमि का आवंटन, आकोडिया चन्दवाड में अति' मण, जमीन बंटवारा के अलावा आमजन के अन्य समस्याओं का समाधान शिविर में हुआ।

## डेंगू जैसी खतरनाक बीमारी पर लगाम लगाने के लिए हरकत में आया स्वास्थ्य विभाग

स्मार्ट हलचल/सुमेर सिंह राव

**उदयपुरवाटी।** इन दिनों उदयपुरवाटी क्षेत्र में डेंगू के केस आने की वजह से स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह से हरकत में आ गया है द्य हमारे उदयपुरवाटी संवाददाता को ब्लॉक सीएमएचओ डॉ मुकेश कुमार भूपेश ने जानकारी देते हुए बताया की नगर पालिका क्षेत्र में नगर पालिका के साथ मिलकर सभी वार्डों में फागिंग करवाई गई एवं डोर टू डोर सर्वे करवाया जा रहा है द्यजिसमें टंकी कूलर को खाली करवा कर उनकी साफ सफाई करवाना भरे हुए पानी में क्लोरीन डलवाना जिससे मच्छर



नहीं पनप सके। इसके अलावा उदयपुरवाटी क्षेत्र के सभी गांव के पीएचसी एवं सब सेंटर में भी एंटी लारवल एक्टिविटी करवाई गई।

## मतवाली माता मंदिर में सुंदरकांड पाठ

**राशमी।** कस्बे के अरावली पर्वत माला पर स्थित मतवाली माता मंदिर प्रांगण पर रामायण मंडल द्वारा नवरात्रि के पांचवे दिन रविवार रात्रि को संगीतमय सुंदरकांड पाठ किया गया। रामायण मंडल के सदस्य शम्भू लाल आचार्य ने बताया कि नवरात्रि व रविवार के चलते मतवाली माता का विशेष श्रृंगार किया गया। संयोजक पंडित शंकर लाल जोशी ने मंत्रोचार द्वारा रामायण का पूजन कर संगीतमय सुंदरकांड पाठ की शुरुआत की। सुंदरकांड के दौरान प्रभु श्रीराम व बजरंगबली पर पुष्प वर्षा की गई। रामायण मंडल द्वारा सभी भक्त ों को प्रसाद वितरण किया गया। इस दौरान रामायण मंडल के सदस्य दिनेश चंद्र सेन, निर्मल खाब्या, भैरू नुवाल, बाबू लाल सोनी, मदन लाल नुवाल सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे।

## अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस पर मनाया बेटी जन्मोत्सव

**कपासन।** महिला एवं बाल विकास विभाग के तत्वाधान में अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस पर बेटी जन्मोत्सव सहित विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। जानकारी के अनुसार स्थानीय महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी शशि विभा पाल के सानिध्य में आंगनवाड़ी पाठशाला संख्या 4 पर नगर क्षेत्र की आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा केक काटकर बेटी जन्मोत्सव मनाया गया। इस दौरान किशोरी बालिकाओं के लिए रंगोली एवं मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। परियोजना अधिकारी पाल ने बच्चियों का वजन लेकर उपस्थित माताओं को उत्तम पोषण की सलाह दी। केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित बालिकाओं के लिए बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, सहित विभिन्न प्रकार की योजनाओं की जानकारी दी। इस दौरान




बालिकाओं को शिक्षा समुचित पोषण, चिकित्सीय सुविधा, कानूनी अधिकार की जानकारी देकर उन्हें सशक्त बनाने के लिए जागरुक किया गया। इस अवसर पर महिला पार्षद पुष्पा वैष्णव ने लिंग भेद रोकने, कन्या भ्रूण हत्या नहीं करने के लिए समुदाय को जागरुक किया। महिला पर्यवेक्षक उमा शर्मा ने बालिकाओं को व्यक्ति गत स्वच्छता एवं पोषण की जानकारी दी। इस दौरान महिलाएं, किशोरी बालिकाएं एवं चिकित्सा विभाग से एएनएम उपस्थित रही।

## 'फोरटेक' की राज्य स्तरीय बैठक एवं स्नेह मिलन समारोह

**कपासन, 11 अक्टूबर।** फेडरेशन ऑफ राजस्थान टीचर एज्यूकेशन कॉलेजेज 'फोरटेक' की रविवार को राज्य स्तरीय बैठक एवं स्नेह मिलन समारोह का आयोजन आरएनटी ग्रुप ऑफ कॉलेजेज में आयोजित किया गया।

फोरटेक के संगठन मंत्री डॉ. प्रभात शर्मा ने बताया कि बैठक की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष डॉ. वसीम खान ने की। बैठक में राजस्थान के विभिन्न क्षेत्रों से आए कॉलेज शिक्षा से जुड़े शिक्षाविद् एवं प्रबन्ध निदेशकों ने अपना परिचय प्रदान किया। डॉ. खान ने सभी का स्वागत करते हुए फोरटेक के उद्देश्यों से अवगत कराया। सामूहिक चर्चा में डॉ. खान ने फोरटेक को राज्य सरकार एवं एनसीटीई से स्थायी मान्यता का प्रस्ताव बनाकर सरकार को भेजने का निर्णय लिया गया। इसके साथ ही पीटीईटी परीक्षाएं नियत समय पर होते हुए काउन्सलिंग प्रक्रिया को शीघ्रातिशीघ्र करने, सत्र को समय पर चालू करने, परीक्षा परिणामों को सही समय पर घोषित करने आदि पर चर्चा करते हुए राज्य सरकार व सम्बन्धित विश्वविद्यालयों को अवगत कराने का निर्णय लिया गया।

चर्चा में संगठन मंत्री डॉ. प्रभात शर्मा ने एनसीटीई द्वारा पार (परफॉर्मेंस एप्राइजल रिपोर्ट) प्रक्रिया पर लागू करने पर विरोध प्रकट करते हुए कहा कि साधारणतया बी.एड. कॉलेजों में मानवीय एवं भौतिक आधारभूत संरचना के आधार पर



मान्यता प्रदान की जाती है, लेकिन पार के लागू होने पर प्रतिवर्ष मान्यता प्रदान की जाएगी, जो उचित नहीं है। यदि ऐसा लागू होता है तो कोई भी बी.एड. कॉलेज स्थाई फेकल्टी व सुदृढ आधारभूत शिक्षा संरचना क्यों तैयार करेगा। इसके साथ ही एनसीटीई व केन्द्र सरकार के नई शिक्षा नीति पर जस्टिस जेएस वर्मा कमेटी की रिपोर्ट के अनुसार यह सिफारिश की गई है कि सत्र 2030 तक 2 वर्षीय बी.एड. कॉलेजों को पूर्णतः बन्द दिए जाने पर विचार करते हुए एनसीटीई व केन्द्र सरकार को प्रस्ताव भेजने का निर्णय लिया गया, साथ ही जो वर्तमान में 2 वर्षीय बी.एड. कॉलेज हैं उन्हीं को 4 वर्षीय इन्टीग्रेटेड कोर्स की मान्यता प्रदान करने की मांग की गई, क्योंकि यदि इन कॉलेजों को बन्द किया जाता है तो देश में इन कॉलेजों में पढ़ाने वाले लाखों शिक्षक बेरोजगार हो जाएंगे।

इस अवसर पर जयपुर दूढलोड से डॉ. नरेन्द्र महेला, उदयपुर से डॉ. अश्विन गौड, डॉ. दिनेश माली, उदयपुर से डॉ. लक्ष्मी शर्मा, भीलवाड़ा से डॉ. ऋतुराज पांडे, चित्तौड़गढ से डॉ. रामगोपाल शर्मा, झाड़ोल से डॉ. एसवी सिंह, उदयपुर से आशीष वया, डॉ. विनीत, डॉ. हिम्मत लालवाया, डूंगरपुर से डॉ. शरद जोशी, बांसवाड़ा से अभिषेक जैन, सवाई माधोपुर से मकसूद खान एवं राजस्थान के विभिन्न शिक्षण संस्थानों के निदेशक, अकादमिक निदेशक शिवनारायण शर्मा आदि ने शिरकत की। बैठक का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

## लापता वृद्ध का 5 दिन बाद भी नहीं लगा सुराग

स्मार्ट हलचल/सूरौठ

समीप के गांव बोरियापुरा से 5 दिन पहले अचानक घर से लापता हुए 72 वर्षीय वृद्ध का अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। बोरियापुरा निवासी ओमी गुर्जर ने बताया कि उनके पिता 72 वर्षीय विश्राम सिंह गुर्जर 7 अक्टूबर की दोपहर को अचानक घर से लापता हो गए। पिछले 5 दिन से परिजन लगातार वृद्ध की तलाश कर रहे हैं लेकिन उनका कोई पता नहीं लगा है।

कस्बा सूरौठ के पास धंधावली टोल प्लाजा के सीसीटीवी फुटेज में 8 अक्टूबर को विश्राम सिंह गुर्जर को पैदल हिंडौन की ओर जाते देखा गया है। ओमी गुर्जर ने बताया कि जो भी व्यक्ति उनके पिता के बारे में सूचना देगा उन्हें उचित इनाम देकर सम्मानित किया जाएगा। यदि किसी व्यक्ति को



उनके पिता विश्राम गुर्जर दिखाई दें तो वे मोबाइल नंबर 843254-1554 पर सूचना दे सकते हैं।

## उचित मूल्य पर खाद उपलब्धता सुनिश्चित करवायें विधायक हरीशचन्द्र मीना

शिवराज मीना/मुजम्मिल सारण

**टोंक/देवली/उनियारा।** देवली-उनियारा विधायक हरीशचन्द्र मीणा ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को उचित मूल्य पर खाद उपलब्धता को सुनिश्चित करवाने एवं जमाखोरी व कालाबाजारी करने वालों पर कड़ी कार्रवाई को लेकर सोमवार को पत्र लिखा है। गौरतलब है कि हाल ही में देवली व उनियारा उपखण्ड क्षेत्र में खाद डीलरों द्वारा कालाबाजारी व जमाखोरी करने के चलते किसानों द्वारा विरोध प्रदर्शन होने पर विभिन्न समाचार पत्रों व चैनल पर समाचार प्रकाशित होने के बाद विधायक हरीशचंद्र मीणाा ने किसानों की समस्याओं को गंभीरता से देखते हुए मुख्यमंत्री को पत्र लिखा है।

लिखे गए पत्र में विधायक ने कहा है कि मेरे विधानसभा क्षेत्र देवली-उनियारा में वर्तमान में किसानों द्वारा रबी की फसल बुआई का कार्य किया जा रहा है। मैं आपको अवगत करवाना चाहता हूँ कि रबी की फसल बुआई के इस सत्र में मेरे विधानसभा क्षेत्र में डी.ए.पी. खाद की अवैध रूप से जमाखोरी एवं कालाबाजारी हो रही है। जिसके कारण क्षेत्र के किसानों को डी.ए.पी खाद की भारी किल्लत का सामना



करना पड़ रहा है। उपरोक्त विषय में मेरे द्वारा पूर्व में भी पत्रांक संख्या - 278, दिनांक 27-09-2021 द्वारा आपको उक्त समस्या से अवगत करवाया गया था, परन्तु अभी तक उसके सकारात्मक परिणाम नही मिले हैं एवं क्षेत्र के किसानों को बड़ी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अतः मेरा आपसे पुनः अनुरोध है कि मेरे विधानसभा क्षेत्र के किसानों को अविलम्ब उनकी आवश्यकतानुसार उचित मूल्य पर खाद उपलब्धता सुनिश्चित करवाने एवं जमाखोरी व कालाबाजारी करने वालों पर कड़ी कार्यवाही करने हेतु सम्बंधित विभागाधिकारियों को निर्देशित करे। जिससे देवली-उनियारा विधानसभा क्षेत्र के किसानों को डीएपी खाद उपलब्धता में राहत मिल सके।

स्वत्वाधिकार प्रकाशन एवं मुद्रक राजकुमार आमेटा के लिए स्मार्ट कम्प्यूटर्स एण्ड प्रिन्टर्स, कोर्ट के सामने, माण्डलगढ़ से प्रकाशित एवं मुद्रित। सह. सम्पादक प्रशांत आमेटा मो. 9649222850 Email.: smarthalchalnews@gmail.com